चैत्र शुक्ल पक्ष नवमी
विक्रम संवत 2081

बुधवार, 17 अप्रैल 2024
वर्ष 5, अंक 150, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार


www.amritvichar.com



जबरदस्त विस्फोटों की चपेट में है सूर्य 16

मिस्टर एंड मिसेज माही देखने के लिए एक्साइटेड हूं 15

**रामनवमी**



अयोध्या में राम जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर रामलला के मंदिर को रंग-बिरंगी लाइटों से सजा दिया गया। गर्भगृह को भी आकर्षक फूलों से सजाया गया है। बुधवार को 12 बजे राम जन्म मनाया जाएगा। 12 बजकर 16 मिनट पर सूर्य की किरणें रामलला का मस्तकाभिषेक करेंगी। ● प्रशांत शेखर

**सिविल सर्विस एग्जामिनेशन 2023 में 1016 अभ्यर्थियों का हुआ चयन, इनमें 664 पुरुष और 352 महिलाएं शामिल**

# यूपीएससी : लखनऊ के आदित्य रहे टॉपर, अनिमेष द्वितीय

नई दिल्ली, एजेंसी

संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की ओर से मंगलवार को सिविल सर्विस एग्जामिनेशन 2023 का रिजल्ट घोषित किया गया। लखनऊ के आदित्य श्रीवास्तव ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि अनिमेष प्रधान द्वितीय और डोनुरु अनन्या रेड्डी तीसरे स्थान पर रहे। कुल 1016 अभ्यर्थियों ने (664 पुरुष और 352 महिलाओं) ने परीक्षा उत्तीर्ण की और आयोग ने विभिन्न सेवाओं में नियुक्ति के लिए उनके नामों की सिफारिश की है।

यूपीएससी ने बताया कि शीर्ष पांच स्थानों पर तीन पुरुष और दो महिलाएं हैं जिन्हें कामयाबी मिली। वहीं पी. के. सिद्धार्थ रामकुमार और रुहानी ने चौथा और पांचवां स्थान हासिल किया। टॉपर आदित्य ने अपने वैकल्पिक विषय के रूप में 'इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग' को चुना था। उन्होंने कानपुर आईआईटी से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में ही स्नातक (बैचलर ऑफ टेक्नोलॉजी) किया है। वहीं, राउरकेला स्थित राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) से कंप्यूटर विज्ञान में स्नातक (बीटेक) अनिमेष प्रधान ने अपने वैकल्पिक विषय के रूप में समाजशास्त्र को चुना था।

दिल्ली विश्वविद्यालय के मिरांडा हाउस से भूगोल में स्नातक (ऑनर्स) की पढ़ाई करने वाली डोनुरु अनन्या रेड्डी का वैकल्पिक विषय मानव विज्ञान था।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सिविल सेवा परीक्षा के सफल अभ्यर्थियों को बधाई दी।

### आदित्य पहले आईपीएस और अब आईएएस



**लखनऊ।** सिविल सेवा परीक्षा-2023 में लखनऊ के आदित्य श्रीवास्तव ने टाप कर लखनऊ का मान बढ़ाया है। पिछले वर्ष उनका चयन आइपीएस के लिए हुआ था और वर्तमान में वे हैदराबाद में ट्रेनिंग कर रहे हैं। लखनऊ के आदित्य श्रीवास्तव की प्रारंभिक शिक्षा सीएमएस लखनऊ की अलीगंज शाखा में हुई। वर्ष 2014 में इंटर में इन्हें 98.4 फीसदी अंक मिले थे। मां आभा श्रीवास्तव बताती हैं कि 12 वीं पास करने के बाद आदित्य का चयन आईआईटी कानपुर के लिए हो गया। वर्ष 2019 में कानपुर से बीटेक किया। सीएजी में ऑडिट ऑफिसर पिता अजय श्रीवास्तव बताते हैं कि आदित्य ने पिछले वर्ष दूसरे प्रयास में 226 रैंक प्राप्त की थी। पहले प्रयास में आदित्य सिविल सेवा की प्रारंभिक परीक्षा में असफल रहे थे। पिता अजय ने यह भी बताया कि बीटेक करने के बाद आदित्य ने बेंगलुरु की एक निजी कंपनी में कुछ दिनों तक सेवाएं भी दी थी। आदित्य श्रीवास्तव अपनी सफलता का श्रेय पिता और मामा को देते हैं। उनके मामा विनोद कुमार मसूरी स्थित आईएएस ट्रेनिंग सेंटर के डायरेक्टर रह चुके हैं। अजय श्रीवास्तव बताते हैं आदित्य ने फोन करके अपने टाप करने की जानकारी दी। का फोन आया। उसने परीक्षा में टॉपर होने की जानकारी दी। यह सुनकर उनकी आंखों में खुशी के आंसू आ गए। आदित्य की बहन भी दिल्ली में रहकर सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रही है।

### शीर्ष 25 में 10 महिलाएं

शीर्ष 25 अभ्यर्थियों में 10 महिलाएं और 15 पुरुष हैं। आईएएस, आईएफएस और आईपीएस के अधिकारियों का चयन करने के लिए यूपीएससी हर वर्ष तीन चरणों में प्रारंभिक, मुख्य और साक्षात्कार में सिविल सेवा परीक्षा आयोजित करता है। सफल अभ्यर्थियों में 30 दिव्यांग (16 अस्थिबाधित, छह दृष्टिबाधित, पांच श्रवणबाधित और तीन बहुदिव्यांग) भी शामिल हैं।













# एक सप्ताह में सार्वजनिक रूप से माफी मांगें रामदेव-बालकृष्ण : सुप्रीम कोर्ट

## कोर्ट ने कहा- आपका काम अच्छा लेकिन एलोपैथी को नीचा नहीं दिखा सकते

नई दिल्ली, एजेंसी

**भ्रामक विज्ञापन मामला**

- दोनों ने व्यक्तिगत रूप से बिना शर्त कोर्ट से माफी मांगी



भ्रामक विज्ञापन मामले में सुनवाई के लिए सुप्रीम कोर्ट जाते बाबा रामदेव। ● एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को बाबा रामदेव, उनके सहयोगी बालकृष्ण और पतंजलि आयुर्वेद को भ्रामक विज्ञापन मामले में सार्वजनिक तौर पर माफी मांगने के लिए एक सप्ताह का समय दिया, लेकिन यह भी कहा कि वह अभी उन्हें इस चरण में राहत नहीं देने जा रहा है। सुनवाई के दौरान रामदेव और बालकृष्ण दोनों उपस्थित थे और उन्होंने व्यक्तिगत रूप से शीर्ष अदालत से बिना शर्त माफ़ी मांगी।

न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने स्पष्ट किया कि उन्होंने उन्हें इस चरण में राहत देने का फैसला नहीं किया है। पीठ ने बालकृष्ण से कहा कि आप अच्छा काम कर रहे हैं लेकिन आप एलोपैथी को नीचा नहीं दिखा सकते। रामदेव ने पीठ से कहा कि उनका किसी भी तरह से अदालत का अनादर करने का कोई इरादा नहीं था। हालांकि, पीठ ने बालकृष्ण से कहा कि वे (पतंजलि) इतने सीधे साधे नहीं हैं कि उन्हें नहीं पता कि कोर्ट ने मामले में अपने पहले के आदेशों में क्या कहा था। रामदेव और बालकृष्ण के वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी ने पीठ से कहा कि वह सार्वजनिक रूप से माफी मांगने को तैयार हैं। इस पर अदालत ने रामदेव और बालकृष्ण को बातचीत के लिए आगे बुलाया। कोर्ट ने मामले की सुनवाई के लिए 23 अप्रैल की तिथि तय की है। रामदेव और बालकृष्ण ने अपने उत्पादों की औषधीय प्रभावशीलता के बारे में बड़े-बड़े दावे करने वाले विज्ञापनों पर उच्चतम न्यायालय के समक्ष पिछले सप्ताह बिना शर्त मांगी थी। कोर्ट में दाखिल दो अलग-अलग हलफनामों में रामदेव और बालकृष्ण ने कोर्ट के पिछले साल 21 नवंबर के आदेश में दर्ज बयान के उल्लंघन के लिए बिना शर्त माफी मांगी। उच्चतम न्यायालय ने 21 नवंबर, 2023 के आदेश में कहा था कि पतंजलि आयुर्वेद का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील ने उसे आश्वासन दिया था कि अब से खासकर पतंजलि आयुर्वेद द्वारा निर्मित और विपणन किए गए उत्पादों के विज्ञापन या ब्रांडिंग के संबंध में किसी भी कानून का उल्लंघन नहीं होगा। पतंजलि ने कहा था कि असर के संबंध में या चिकित्सा की किसी भी पद्धति के खिलाफ कोई भी बयान मीडिया में जारी नहीं किया जाएगा। कोर्ट ने कहा था कि पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड इस तरह के आश्वासन का पालन करने के लिए बाध्य है। आश्वासन का पालन नहीं करने और उसके बाद मीडिया में बयान जारी किए जाने पर कोर्ट ने अप्रसन्नता जताई थी। कोर्ट ने बाद में पतंजलि को कारण बताओ नोटिस जारी किया कि क्यों न उसके खिलाफ अवमानना की कार्यवाही शुरू की जाए।

# छत्तीसगढ़ में बड़ी कार्रवाई, 29 नक्सलियों को मार गिराया

कांकेर, एजेंसी



घटनास्थल पर खड़ा सुरक्षाबल का जवान।

छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित कांकेर जिले में मंगलवार को सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में 29 नक्सलियों को मार गिराया है। मुठभेड़ में तीन जवान भी घायल हो गए। बस्तर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी ने बताया कि जिले के छोटेबेठिया पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत बीनागुंडा और कोरोनार गांवों के मध्य हापाटोला गांव के जंगल में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई थी।

उन्होंने बताया कि सुरक्षाबलों को माओवादियों के उत्तरी बस्तर डिवीजन के नक्सली शंकर, ललिता, राजू समेत अन्य की मौजूदगी की सूचना मिली थी। जिसके बाद छोटेबेठिया थाना क्षेत्र में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के संयुक्त दल को गश्त के लिए रवाना किया गया। दल मंगलवार दोपहर लगभग दो बजे हापाटोला गांव के जंगल में था तभी नक्सलियों ने सुरक्षाबलों पर गोलीबारी कर दी। इसके बाद सुरक्षाबलों ने भी जवाबी कार्रवाई की।

प्रारंभिक जानकारी के घटनास्थल से एके-47 राइफल, एसएलआर राइफल, इंसास राइफल और 303 बंदूक समेत भारी मात्रा में हथियार बरामद किया गया है। सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच रुक-रुक कर हो रही गोलीबारी के बीच इलाके में अब भी खोजी अभियान जारी है। सुंदरराज ने बताया, मुठभेड़ में तीन जवान घायल हुए हैं जिन्हें अस्पताल भेजा गया। तीनों की हालत खतरे से बाहर है।

### असम राइफल्स और उग्रवादियों में मुठभेड़, एक जवान घायल

**तिनसुकिया/गुवाहटी।** असम के तिनसुकिया जिले में मंगलवार को असम राइफल्स और उग्रवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में एक जवान घायल हो गया। तिनसुकिया के एसपी गौरव अभिजीत दिलीप के अनुसार, आज सुबह असम-अरुणाचल प्रदेश सीमा के पास मार्गेरिटा के नामदांग में जवानों और उग्रवादियों में मुठभेड़ हुई थी।

# रोडवेज बस ने ई-रिक्शा को रौंदा, तीन भाइयों की मौत

संवाददाता, गजरौला (पीलीभीत)



हसीब



शाकिब



नईम

- सोमवार रात गजरौला थाना क्षेत्र में कैंच गांव के पास हुआ हादसा

**अमृत विचारः** असम हाईवे पर ई-रिक्शा को पहले कार ने टक्कर मारी फिर सामने से आई रोडवेज बस ने रौंद दिया। इससे ई-रिक्शा में सवार तीन भाइयों की मौत हो गई।

सुनगढ़ी थाना क्षेत्र के नौगवां पकड़िया निवासी नईम इलेक्ट्रिशियन था। उसका छोटा भाई हसीब बैटरी रिपेयरिंग करता था। फुफेरा भाई मोहम्मद शाकिब ई-रिक्शा चलाता था। सोमवार रात 10 बजे नईम के पास फोन आया कि असम हाईवे पर कैंच गांव के पास कार खराब हो गई है, जिसकी बैटरी में दिक्कत है। रात में शाकिब की ई-रिक्शा से नईम और हसीब कैंच गांव जा रहे थे कि पीछे से आई कार ने टक्कर मार दी। इससे ई- रिक्शा सड़क के बीच में पहुंच गई तभी पूरनपुर की तरफ से आई रोडवेज बस ने उसको रौंद दिया। सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी, एसओ गजरौला रूपा बिष्ट वहां पहुंचे। घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया। उधर, हादसे के बाद चालक बस लेकर भाग गया।

# पहले चरण की आठ सीटों के लिए आज थम जाएगा चुनाव प्रचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अवधि समाप्त होने के बाद बाहरी नेताओं की मौजूदगी होगी प्रतिबंधित

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के पहले चरण की आठ सीटों के चुनाव के लिए 17 अप्रैल की शाम छह बजे चुनाव प्रचार थम जाएगा। प्रचार अवधि समाप्त होने के बाद बाहरी नेताओं की मौजूदगी पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। निर्वाचन आयोग ने 19 अप्रैल को मतदान के लिए तैयारी शुरू कर दी है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि शाम छह बजे के बाद किसी भी राजनीतिक दल और उनके प्रत्याशियों-प्रतिनिधियों के निर्वाचन क्षेत्र में प्रचार संबंधी गतिविधियां समाप्त हो जाएंगी। सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को आचार संहिता का सख्ती से पालन कराने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग ने मतदान के दिन मतदान केंद्रों के अंदर मोबाइल फोन, स्मार्ट फोन, वायरलेस सेट आदि ले जाने पर रोक लगा दी है, जबकि पीठासीन अधिकारी अपने फोन साइलेंट मोड में ले जा सकेंगे।

### इन सीटों पर होगा चुनाव

पहले चरण में आठ सीटों सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना (अजा), मुरादाबाद, रामपुर व पीलीभीत पर मतदान होगा। इस चरण कुल 80 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। इसमें 73 पुरुष और सात महिला हैं।

# एसएसबी कैंपस में जवान ने गोली मारकर की आत्महत्या

**लखीमपुर खीरी।** भारत-नेपाल सीमा पर तिकुनिया क्षेत्र स्थित थर्ड बटालियन एसएसबी कैंपस डांगा में एक जवान ने सरकारी रायफल से गोली मारकर आत्महत्या कर ली।

जनपद फिरोजाबाद के थाना रामगढ़ अंतर्गत न्यू रामगढ़ निवासी 33 वर्षीय संजय यादव थर्ड बटालियन एसएसबी लखीमपुर में तैनात था। उसने मंगलवार देर शाम सरकारी राइफल से खुद को गोली मार ली। गोली उसकी गर्दन में लगी, जिससे वह घायल हो गया। गोली की आवाज सुनकर अन्य जवान वहां पहुंचे। घायल जवान को निघासन सीएचसी लाया गया।

# प्रपत्रों में हेरफेर कर परीक्षा देने वालों को पकड़ा

संवाददाता, मितौली (लखीमपुर खीरी)

- 2023 की नवोदय प्रवेश परीक्षा में भी शामिल हुए थे

**अमृत विचारः** जवाहर नवोदय विद्यालय की कक्षा छह में 80 सीटों के लिए प्रवेश परीक्षा पिछले साल हुई थी। इसमें कक्षा पांच के 4289 बच्चे शामिल हुए थे, जबकि पंजीकरण 8705 ने कराया था। इसके लिए 16 केंद्रों बने थे। पहली सूची में 53 छात्र और 27 छात्राएं चयनित हुए। प्रवेश के दौरान दस्तावेजों की जांच में आठ छात्र-छात्राएं अवैध रूप से प्रवेश परीक्षा में शामिल होकर सूची में जगह बनाने में कामयाब रहे। दूसरी ओर तीसरी बार प्रवेश परीक्षा में शामिल होने पर इन सभी का प्रवेश रद कर दिया गया है।



> आठ छात्र-छात्राएं ऐसे मिले हैं, जिन्होंने दूसरी बार प्रवेश परीक्षा दी है। इन बच्चों के कागजातों से छेड़छाड़ की है। इसको प्रवेश नहीं दिया जाएगा। जांच चल रही है। अन्य बच्चे मिलने पर उन्हें भी प्रवेश से वंचित किया जाएगा।
> –**संजीव कुमार सक्सेना**, प्रधानाचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय मितौली

# दूसरे चरण में 42 प्रत्याशी करोड़पति

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में आठ सीटों पर 91 प्रत्याशी भाग्य आजमा रहें हैं। इनमें से 42 उम्मीदवार यानि 46 प्रतिशत प्रत्याशी करोड़पति हैं । खास बात है कि भाजपा हो या सपा,बसपा का हर प्रत्याशी करोड़पति है। यही नहीं, छोटे दलों भी करोड़पति को ही प्रत्याशी बना रहें हैं। इस मामले में कांग्रेस पीछे है, इनके चार में से तीन उम्मीदवार करोड़पति हैं।

उत्तर प्रदेश इलेक्शन वॉच और एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स(एडीआर) ने दूसरे चरण में अलीगढ़, अमरोहा, बागपत, बुलंदशहर, गौतमबुध नगर, गाजियाबाद, मथुरा और मेरठ से चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों के शपथ पत्रों का विश्लेषण किया है। यूपी इलेक्शन वॉच के राज्य संयोजक संतोष श्रीवास्तव ने बताया कि दूसरे चरण में मथुरा से भाजपा के टिकट पर हेमामालिनी चुनाव लड़ रही हैं, जिनकी संपत्ति करीब 278 करोड़ रुपये है। बीजेपी के ही अलीगढ़ सीट के सतीश कुमार गौतम की संपत्ति 16 करोड़ है। मेरठ सीट पर बसपा प्रत्याशी देवव्रत की संपत्ति पांच करोड के करीब हैं। उन्होंने बताया कि, दूसरे चरण के उम्मीदवारों की औसत संपत्ति 10.05 करोड़ है। पार्टियों की बात की जाये तो बसपा के आठ प्रत्याशियों की औसत संपत्ति लगभग 10.75 करोड़ है। बीजेपी के सात उम्मीदवारों की औसत संपत्ति 91.23करोड़ है। सपा के चार प्रत्याशियों की औसत संपत्ति 17.34 करोड़ है। वहीं कांग्रेस के चार उम्मीदवारों की औसत संपत्ति 3.56 करोड़ है। इसके अलावा जय हिंद नेशनल पार्टी के दो प्रत्याशी मैदान में हैं, दोनो ही करोड़पति हैं।

**अपराधों में 21 लिप्त :** संतोष श्रीवास्तव ने बताया कि इन 91 प्रत्याशियों में 21 ने अर्थात 23 प्रतिशत ने अपने ऊपर आपराधिक मामले घोषित किये हैं। इन आठ सीटों पर सपा के चार प्रत्याशी मैदान में हैं और चारों पर अपराध के मामले लंबित हैं। वहीं बसपा के आठ में से तीन (38 प्रतिशत), बीजेपी के सात में से दो, कांग्रेस के चार में दो अर्थात 50 फीसदी, राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी ने प्रत्याशी तीन उतारें हैं। इनमें से दो पर आपराधिक मामले चल रहे हैं। साथ ही कई अन्य पर मामले दर्ज हैं।

# चीन से आगे भारत, जीडीपी दर 6 .8% का अनुमान

वाशिंगटन, एजेंसी





- दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ रही अर्थव्यवस्था का तमगा बरकरार
- आईएमएफ ने कामकाजी उम्र की बढ़ती आबादी पर भरोसा बढ़ाया

भारतीय अर्थव्यवस्था को लेकर अच्छी खबर है। मूडीज के बाद इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड यानी आईएमएफ ने भी घरेलू मांग बढ़ने और कामकाजी उम्र की बढ़ती आबादी का जिक्र करते हुए कैलेंडर ईयर 2024 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को 6.5 फीसदी से बढ़ाकर 6.8 फीसदी कर दिया। इस तरह भारत दुनिया की तेज रफ्तार से बढ़ रही अर्थव्यवस्था बना हुआ है। इसी अवधि में चीन की इकोनॉमिक ग्रोथ रेट 4.6 फीसदी रहने का अनुमान है।

आईएमएफ ने विश्व आर्थिक परिदृश्य के नवीनतम संस्करण में कहा, भारत में वृद्धि दर वर्ष 2024 में 6.8 प्रतिशत और 2025 में 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है। घरेलू मांग में निरंतर मजबूती और कामकाजी उम्र की बढ़ती आबादी से इस तेजी को बल मिलता है। मुद्राकोष ने यह रिपोर्ट आईएमएफ और विश्व बैंक की सालाना बसंत बैठकों से पहले जारी की है। रिपोर्ट के मुताबिक, उभरते और विकासशील एशिया में वृद्धि दर पिछले साल के अनुमानित 5.6 प्रतिशत से घटकर वर्ष 2024 में 5.2 प्रतिशत और 2025 में 4.9 प्रतिशत रहने का अनुमान है। यह अनुमान जनवरी में जताए गए पिछले अनुमान की तुलना में थोड़ा बेहतर है। आईएमएफ ने अपनी जनवरी रिपोर्ट में 2024 के लिए भारत की वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था। इसके साथ ही मुद्राकोष ने चीन में वृद्धि दर 2023 के 5.2 प्रतिशत की तुलना में सुस्त पड़कर इस साल 4.6 प्रतिशत और 2025 में 4.1 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है। इस सुस्ती के लिए महामारी के बाद खपत बढ़ने और राजकोषीय प्रोत्साहन जैसे कारकों का असर कम होने और रियल एस्टेट में सुस्ती को जिम्मेदार बताया है।

रिपोर्ट के मुताबिक, वैश्विक वृद्धि वर्ष 2024 और 2025 में भी पुरानी रफ्तार से जारी रहने का अनुमान है। वर्ष 2023 में अनुमानित वैश्विक वृद्धि 3.2 प्रतिशत रही है। आईएमएफ के मुख्य अर्थशास्त्री पियरे-ओलिवियर गॉरींशेस ने कहा, निराशाजनक अनुमानों के बावजूद वैश्विक अर्थव्यवस्था सशक्त बनी हुई है। स्थिर वृद्धि और मुद्रास्फीति लगभग उतनी ही तेजी से धीमी हो रही है, जितनी तेजी से बढ़ी थी।

### वैश्विक आर्थिक वृद्धि दर 3.2 % रहने का अनुमान

**वाशिंगटन।** आईएमएफ ने इस साल के लिए वैश्विक वृद्धि दर के अनुमान को बढ़ाकर 3.2 प्रतिशत कर दिया है। उसने कहा है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था का परिदृश्य उज्ज्वल बना हुआ है, बिना आर्थिक नुकसान के महंगाई पर काबू पाये जाने के साथ उत्पादन बना रहेगा। मुद्राकोष ने ताजा विश्व आर्थिक परिदृश्य में इस साल वैश्विक वृद्धि दर 3.2 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया। यह जनवरी में जताये गये 3.1 प्रतिशत के अनुमान से अधिक है। वृद्धि दर का यह स्तर 2023 के बराबर है। विश्व आर्थिक परिदृश्य के अनुसार, 2025 में भी वृद्धि दर 3.2 प्रतिशत रहने की संभावना जतायी है। अगर ऐसा होता है तो यह लगातार तीसरा साल होगा जब वृद्धि दर इस स्तर पर होगी।



आपके भगवत की पाती ...

परम स्नेही भाईयों / बहनों

लोकसभा के आम निर्वाचन में आपका भगवत पीलीभीत लोक सभा क्षेत्र से इण्डिया गठबन्धन का प्रत्याशी है मेरा फर्ज बनता था कि आपकी दहलीज पर जाकर आपके दर्शनों का लाभ प्राप्त करता परन्तु समय अभाव के कारण ऐसा नहीं कर पाया एवं आपके दरवाजे, ग्राम मोहल्ले में नहीं पहुंच पा रहा हूं इसके लिए आप लोग मुझे जरूर माफ करेंगे। भाईयों/बहनों इस राजा और रंक की लड़ाई में दिनांक 19 अप्रैल 2024 को आप लोग मेरे लिए चट्टान बनकर खड़े होंगे ऐसी मुझे पूर्ण आशा एवं विश्वास है।

साथ ही मैं आप लोगें को वचन देता हूं कि भविष्य में आपके हर सुख व दुख में कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहूंगा एवं आपके अधिकारों की लड़ाई करता रहूंगा।

SP Samajwadi Party

आपका भगवत
प्रत्याशी इण्डिया गठबन्धन
लोक सभा क्षेत्र, पीलीभीत


# आज शाम को थम जाएगा चुनाव प्रचार

## मंडी से कल रवाना होंगी पोलिंग पार्टियां, 19 अप्रैल को 1924 बूथों पर डाले जाएंगे वोट

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार बुधवार शाम पांच बजे थम जाएगा। इसके बाद न तो कोई रैली निकलेगी और न ही रोड शो हो सकेगा। पहले चरण में होने वाले मतदान को लेकर प्रशासनिक स्तर से तैयारियों को अंतिम रूप दिया रहा है। गुरुवार 18 अप्रैल को पोलिंग पार्टियों की रवानगी होगी, जिसको लेकर मंडी परिसर में बेरिकेडिंग आदि का काम किया जा रहा है।

पीलीभीत लोकसभा सीट पर प्रथम चरण में 19 अप्रैल को मतदान होना है। जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार सिंह के मुताबिक मतदान से 48 घंटे पहले यानी बुधवार शाम पांच बजे चुनाव प्रचार थम जाएगा। सभी पांच विधानसभा क्षेत्रों में 1242 मतदान केंद्र तथा 1924 मतदेय स्थल बनाए गए हैं। पोलिंग पार्टियां 18 अप्रैल को मंडी परिसर से रवाना की जाएंगी। प्रत्येक पोलिंग पार्टी में चार मतदान कार्मिक होंगे। मतदान को लेकर 6696 मतदान कर्मियों को प्रशिक्षित किया गया है। मंडी में बैरिकेडिंग लगाने का कार्य चल रहा है। 19 अप्रैल को होने वाले मतदान को लेकर प्रशासनिक स्तर पर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप अभियान के तहत जनता को जागरूक किया जा रहा है। वहीं पारदर्शिता के साथ चुनाव संपन्न कराने के लिए 762 बूथ पर लाइव स्ट्रीमिंग व वेबकास्टिंग होगी, जिस पर चुनाव आयोग की नजर होगी। उन्होंने बताया कि 10 से 13 अप्रैल तक ईवीएम की कमिशनिंग पूरी हो चुकी है। ईवीएम चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार हैं। मंडी समिति से 18 अप्रैल को जीपीएस युक्त वाहन से पोलिंग पार्टियों को आई कार्ड के साथ रवाना किया जाएगा।



स्ट्रांग रूम की सुरक्षा का जायजा लेते प्रेक्षक प्रसन्ना रामास्वामी व डीएम संजय कुमार।

### प्रेक्षक व डीएम ने मंडी जाकर परखीं व्यवस्थाएं

पीलीभीत। प्रेक्षक सामान्य प्रसन्ना रामास्वामी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार सिंह ने मंगलवार को मंडी परिसर में स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था एवं पोलिंग पार्टियों की रवानगी स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा के मद्देनजर लगाए गए सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था देखी। इसके अलावा उन्होंने फोर्स के रुकने की व्यवस्था के साथ बेरिकेडिंग आदि को भी गहनता से देखा। संबंधित अधिकारियों से व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने परिसर में 24 घंटे विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराने, पेयजल एवं साफ-सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी ऋतु पूनिया, एसडीएम सदर देवेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# ये मोदी-योगी और भाजपा का परिवार है

- संजय रॉयल पार्क में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में भीड़ देख गदगद हुए जितिन प्रसाद

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** गन्ना विकास एवं चीनी मिल राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार की ओर से सोमवार को शहर के संजय रॉयल पार्क में भाजपा प्रत्याशी जितिन प्रसाद के समर्थन में कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। इसमें बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी। भाजपाइयों का दावा है कि 10 हजार कुर्सियां भी कम पड़ गईं। भीड़ को देख भाजपा प्रत्याशी जितिन प्रसाद गदगद नजर आए।

भाजपा प्रत्याशी जितिन प्रसाद ने कहा कि यह सम्मेलन अभूतपूर्व है, असाधारण है। इससे साफ जाहिर है संजय सिंह गंगवार जनप्रिय और जनता के सर्वमान्य नेता हैं। उन्होंने कहा की क्षेत्र की जनता ने आशीर्वाद दिया और दिल्ली का रास्ता बनाया दोनों मिलकर क्षेत्र का सर्वांगीण विकास करने में कोई कोर कसर बाकी नहीं रखेंगें। राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने कहा कि पूर्व के क्षेत्रीय सांसदों ने निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का कोई सम्मान नहीं किया, जबकि हमारे बीच लोकसभा प्रत्याशी और कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को भरपूर सम्मान ही नहीं, बल्कि समस्याओं को भी गंभीरता से सुनकर समाधान करने में आगे रहते हैं।

यहां बड़ी संख्या में जो लोग आए हैं, वे उनका ही नहीं, बल्कि मोदी-योगी और भाजपा का परिवार हैं। उन्होंने रिकॉर्ड वोटों से जितिन प्रसाद को जिताने की अपील की। इस मौके पर एमएलसी डा. सुधीर गुप्ता, राज्यमंत्री संजय गंगवार के पिता बाबूराम गंगवार, ब्लॉक प्रमुख ललौरीखेड़ा अजय सिंह गंगवार, संयुक्त बार एसोसिएशन के अध्यक्ष धीरेन्द्र मिश्रा, संतोक संधू, ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा आदि ने भी विचार रखे।



कार्यकर्ताओं को संबोधित करते जितिन प्रसाद, साथ में राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार।



भाजपा के कार्यकर्ता सम्मेलन में पहुंचे लोग। ● अमृत विचार


SCAN FOR LOCATION

follow us on :

साड़ी संसार
सन् 1965




7 Days Open

• साड़ी • लहंगा • सूट • गाउन • ड्रेसेस

साड़ी संसार, 35 ए, सिविल लाइंस, चौकी चौराहा बरेली 8449494000




# नारी शक्ति को नमन ...

नवरात्रि, हिन्दू धर्म में एक महत्वपूर्ण त्योहार है जो माता दुर्गा की पूजा और आराधना के लिए मनाया जाता है। यह त्योहार नौ दिनों तक चलता है, जिनमें नवदुर्गा के नौ अलग-अलग रूपों की पूजा की जाती है। यह त्योहार माता दुर्गा की जीवन और शक्ति की महिमा को याद करने का अवसर प्रदान करता है और भक्तों को उनकी कृपा और आशीर्वाद की प्राप्ति का मार्ग दर्शाता है।

आपको उन महिलाओं से रूबरू कराते हैं जिन्होंने हर क्षेत्र में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर जागरूकता की अलख जगाई........



## अनीता तिवारी

मंडल अध्यक्ष UPMSS
वरिष्ठ उपाध्यक्ष
संयुक्त कर्मचारी परिषद पीलीभीत

मिशन शक्ति और मीना मंच के द्वारा सदा बेटियों और साथी बहनों को अपना स्टैंड खुद लेने को प्रेरित करती हूं। उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ की मण्डल अध्यक्ष इसलिए हूं क्योंकि हर महिला शिक्षिका की समस्या मेरी है जब तक समाधान नहीं हो जाता मैं न थकती हूं और न ही विचलित होकर हार मानती हूं। निरन्तर प्रयास से सफलता मिल ही जाती है या एक नया अनुभव मिलता है। मेरा कहना है कि दुर्गा मां की पूजा के समय यह उनसे प्रेरणा भी लो कि जरूरत पड़ने पर कालिका का रूप भी धारण करना पड़ सकता है इसलिए स्वम को मजबूत और सशक्त बनाओ। आत्मनिर्भर बनो, मजबूत और सशक्त बनो। नवरात्रि में हर स्त्री को यही संकल्प लेना चाहिए। सृजन और विनाश दोनों मां के आंचल में पलते हैं इसलिए सतर्क रहिए, अधिकार के साथ कर्तव्यों का बोध भी बना रहना चाहिए।

## प्रिया आनंद

प्रधानाचार्य
स्प्रिंगडेल कॉलेज, पीलीभीत



**दो रोटी भले कम खाएं, लेकिन बेटियां जरूर पढ़ाएं :-** नवरात्रि के इन नौ दिनों में देवी दुर्गा की पूजा की जाती है, जो शक्ति और साहस की प्रतीक हैं। यह अवसर हमें देवी की शक्ति का आदर करने का मौका देता है। इस नवरात्रि, हम सभी महिलाएं अपनी शक्ति को पहचानें और उसे समाज में बढ़ावा दें। ज्यादातर ग्रामीण क्षेत्रों में देखा जाता है कि माता-पिता बेटियों की प्रगति में बाधक बनते हैं, उन्हें पढ़ने नहीं देते। बहुत विवाह करके उन पर जिम्मेदारियों का बोझ लाद देते हैं। बेटियां शिक्षित होंगी तो दो परिवारों का मान बढ़ेगा। इसलिए दो रोटी भले कम खाएं लेकिन बेटियों को जरूर पढ़ाएं। एक सशक्त महिला ही अपने परिवार और समाज का निर्माण करती है।

## निशा यादव

ग्राम प्रधान
ग्रा. पं. कल्यानपुर तालुके करेली
एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य,
वार्ड 34, बिलसंडा, पीलीभीत



नारी ने समस्याओं का सामना करते हुए भी समाज और देश के उत्थान में कोई कसर नहीं छोड़ी है, महिलाएं परिवार बनाती है, परिवार घर बनाता है ,घर समाज बनाता है, और समाज ही देश बनाता है इसका सीधा सीधा अर्थ यही है कि महिलाओं का योगदान हर जगह है, महिला की क्षमता को नजर अंदाज करके समाज की कल्पना करना व्यर्थ है, भारतीय संस्कृति में नारी को बहुत ही उत्तम स्थान प्राप्त है, अन्य देशों में नारी को सिर्फ भोग और विलास की वस्तु समझा जाता है, किन्तु हमारे देश में नारी को गौरवमयी स्थान प्राप्त है, नारी को देवी का रूप माना जाता है। नारी को अगर सम्मान दिया जाए तो वह घर, समाज और देश का उत्थान करने में एक मील का पत्थर साबित हो सकती है, इसलिए कहा भी गया है कि नारी सर्वत्र पूज्यते...









## मीनाक्षी अग्रवाल

पूर्व अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
गोला गोकर्णनाथ- खीरी

वर्तमान समय में देश के अंदर महिलाएं सशक्त होकर राजनीति, ब्यूरोक्रेसी, पुलिस, सेना और अंतरिक्ष हर क्षेत्र में प्रगति कर रही हैं। जहां देश की प्रथम महिला महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जी हैं, वहीं उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य की गवर्नर भी एक महिला आदरणीय आनंदीबेन पटेल जी महिला सशक्तिकरण का नायाब उदाहरण हैं। देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक समय तक मुख्यमंत्री रहने का रिकॉर्ड भी एक महिला मुख्यमंत्री के नाम है। हमें अपनी बहन बेटियों को स्वावलंबी बनाकर सशक्त करना है, जिससे वह हर समस्या का सामना कर सकें। नवरात्रि के इस पावन पर्व पर मैं शक्ति स्वरूपा बेटियों, बहनों, महिलाओं को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं।



## मधु त्रिपाठी

प्राचार्या, विद्या कुंवरि स्मारक
सरस्वती विद्या निकेतन, गोला



**नारी ही शक्ति है :-** महिलाएं समाज में संतुलन बनाए रखने में अपनी श्रेष्ठ भूमिका निभाती हैं। महिलाओं की निरंतरता, संघर्षशीलता और सामर्थ्य से ही समाज में प्रगति और उत्थान होता है। महिलाओं की अत्यधिक शक्ति का अद्भुत उदाहरण इतिहास के हर पृष्ठ पर प्रकट होता है। वे संघर्ष और परिश्रम के माध्यम से समाज में न केवल अपनी स्थिति को सुनिश्चित करती हैं, बल्कि उनके साहस और सामर्थ्य से वे समाज को नए मापदंडों तक पहुंचा देती हैं। महिलाएं समाज में शक्ति के अद्भुत स्त्रोत होती हैं। वे घर के अलावा समाज में भी अपने संरक्षण और समृद्धि के लिए समर्पित होती हैं। महिलाएं राजनीति, शिक्षा, विज्ञान, आर्थिक विकास और सामाजिक क्षेत्र में अपने प्रभाव को महसूस कराती हैं।



## दीवि प्रमुख वैश्य

फाउंडर
(रानीशा द सिल्वर साइन वाई टीकाराम एंड संस)

**महिलाओं को जागरूक होने की जरूरत:-** पढ़ाई के बाद उनके मन में कुछ कर गुजरने का जज्बा पैदा होता है। उसे किसी हाल में कम नहीं होने देना चाहिए। परिस्थिति फिर चाहे कैसी भी रहे। अपनी प्रतिभा को लोगों के सामने रखना जरूरी है। फिर चाहे वह कोई क्षेत्र हो। यह कहना है ज्वैलरी व्यवसाय में से जुड़ी दीवि प्रमुख वैश्य का। उन्होंने फैशन डिजाइनिंग का डिप्लोमा किया है। उन्हें बचपन से फैशन डिजाइन का शौक रहा है। इसी शौक को पूरा करने के लिए उन्होंने पैतृक व्यवसाय को ही माध्यम बना लिया। रानीशा द सिल्वर साइन वाई टीकाराम एंड संस की नींव रखी। जो सिल्वर ज्वैलरी ऑनलाइन श्रृंखला है। ज्वैलरी के शौकीन अपनी मनपंसद की ज्वैलरी डिजाइन कराकर खरीद सकते हैं। उन्होंने बताया कि हाल ही में बनारस में रानीशा द सिल्वर साइन वाई टीकाराम एंड संस का स्टोर खोला गया है। सिल्वर ज्वैलरी में नया फैशन लाने के लिए दीवि प्रमुख वैश्य को हाल ही में सांसद व एक्टर मनोज तिवारी एवं बरेली मेयर उमेश गौतम ने भी सम्मानित किया है।

## डॉ. आकांक्षा यादव

स्त्री रोग विशेषज्ञ
बदायूं



**शिक्षा महिलाओं को सशक्त बनाने का सबसे महत्वपूर्ण स्रोत :-** अगर, एक स्त्री शिक्षित होती है तो एक परिवार शिक्षित हो जाता है। महिलाओं को प्रण लेना चाहिए कि मैं कर सकती हूं, मैं करुंगी और कुछ बनकर ही रहूंगी। ऐसी सोच रखने वाली डॉ. आकांक्षा यादव कहती हैं कि वह यादव समाज से ताल्लुक रखती हैं। पढ़ाई शुरू होने के बाद से ही उनका ड्रीम था। जिसके लिए पिता ने पूरा सपोर्ट किया। पिता के सहयोग से ही आज उन्होंने यह मुकाम हासिल किया है। उनका सपना साकार हुआ है। उनका कहना है कि शादी के बाद उनके चिकित्सक पति डॉ. गजेंद्र वर्मा ने उनका कैरियर संवारने में पूरा योगदान देते हैं। डॉ. आकांक्षा यादव बेटियों को राय देती हैं कि कोई भी काम करो दिल से करो। पूरी ईमानदारी से काम करें। मोबाइल से दूरी बनाना बहुत जरूरी है। मोबाइल की जगह किताबों को दो। लक्ष्य बनाकर उसे पूरा करने में लग जाओ। सपने पूरे होंगे।

## डॉ. शशिलता चौहान

पूर्व पालिकाध्यक्ष,
कासगंज



**हर पथ को रोशन करने वाली शक्ति का नाम है नारी:-** परमेश्वर सृष्टि का सृजनकर्ता है तो नारी शक्ति है। हर पथ को रोशन करने वाली शक्ति का नाम नारी है। नारी के बिना मनुष्य जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। नारी के बिना सृष्टि को चलाने में पुरुष असमर्थ है। सभी भारतीय पुरुषों को यह आवश्यक है कि महिलाओं की शक्ति को समझें और उन्हें आगे बढ़ने का मौका दें। महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए केंद्र की सरकार ने तमाम कार्यक्रम चलाए हैं। महिलाओं को राजनीति में 33 फीसदी आरक्षण भी महिलाओं के सम्मान में बड़ा कदम है। समाज हम सब लोगों से मिलकर बना है। यदि हम नारी का सम्मान करेंगे, उनकी इज्जत करेंगे तो वे समाज एवं दुनिया को खूबसूरत बना सकती हैं। प्राचीन समय से ही स्त्री ने समाज के विकास और संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।



## रितु यादव

महिला कल्याण अधिकारी
महिला कल्याण विभाग, कासगंज

**नारी सशक्तिकरण ही राष्ट्र को प्रेरित करने वाला प्रेरणा पुंज :-** हमारे देश में दुर्गा पूजा को बड़े उत्साह से मनाया जाता है। दूसरी तरफ महिलाओं के साथ अत्याचार बढ़ता जा रहा है। हर रोज महिलाओं के साथ बालात्कार, भूण्र हत्या व दहेज उत्पीड़न के मामले सामने आते रहते हैं। महिलाओं की अशिक्षा समाज की एक बड़ी समस्या है। युवाओं को यह जान लेना चाहिए कि नारी एक ऐसी शक्ति है, जिनके अस्तित्व से ही सृष्टि के हर नर की उत्पत्ति होती है। विद्यार्थी जीवन में विद्यार्थियों को नारी सशक्तिकरण के लिए नारी के सम्मान में दो शब्द अवश्य लिखने अथवा पढ़ने चाहिए, जिनकी सहायता से समाज को संगठित करके नारी सशक्तिकरण के लिए जागरूक किया जा सकता है। अब हम नहीं रुकेंगे-नहीं थकेंगे, नारी को सशक्त करके समाज का कल्याण करेंगे, नारी की विनम्रता ये यदि अमृत्व फलता-फूलता है तो यह न भूलें कि नारी में ही संहार भी झूलता है।

## सुप्रिया पटेल

ग्राम विकास अधिकारी
वि.खं. सिंधौली, शाहजहांपुर



**मजबूत इरादों से मिलती है मंजिल:-** अगर आपके इरादे मजबूत हैं तो आपको कोई रोक नहीं सकता है। इसलिए हमेशा मजबूत इरादों के साथ आगे बढ़ना चाहिए। हर हाल में स्वंय को मजबूत और सशक्त बनाओ। अपने पैरों पर खड़े हो और आत्मनिर्भर बनो। नवरात्रि में महिलाओं को यही संकल्प लेना चाहिए। सृजन और विनाश दोनों मां के आंचल में पलते हैं इसलिए सतर्क रहिए, अधिकार के साथ कर्तव्यों का बोध भी बना रहना चाहिए। मैं न थकती हूं और न ही विचलित होकर हार मानती हूं। हमेशा अपने लक्ष्य की ओर बढ़ती रहती हूं। अपनी मंजिल पाने के लिए हमेशा प्रयासरत रहती हूं। हमेशा बेटी और बहनों को स्टैंड लेने के लिए प्रेरित करती हूं। एक सरकारी नौकरी से जुड़ी हूं इसलिए महिला सहकर्मियों को प्रेरित करती रहती हूं। उन्हें बताती हूं कि महिला होना उनकी कमजोरी नहीं है बल्कि ताकत है। आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। प्रयास करने से आप या तो सफल होंगी या फिर कुछ नया सीखेंगी

## मीना सिंह

प्रभारी बाल विकास परियोजना अधिकारी
वि.खं. सिंधौली, शाहजहांपुर।



**जागरूकता से समृद्ध और सशक्त बन रही महिलाएं:-** आज महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी हैं। भारत के साथ साथ पूरी दुनिया में महिलाएं आगे बढ़ रही हैं और आत्मनिर्भर बन रही हैं। हमारे देश में दुर्गा पूजा को बड़े उत्साह से मनाया जाता है। महिलाओं के साथ अत्याचार भी बढ़ता जा रहा है। हर रोज महिलाओं के साथ बालात्कार, भ्रूण हत्या व दहेज उत्पीड़न के मामले सामने आते रहते हैं। आज भी ग्रामीण क्षेत्र में लोग लड़कियों को पढ़ाने से कतराते हैं। इन सब बाधाओं को दूर कर महिलाओं को आगे बढ़ना है। युवाओं को यह जान लेना चाहिए कि नारी एक ऐसी शक्ति है, जिनके अस्तित्व से ही सृष्टि के हर नर की उत्पत्ति होती है। महिलाओं को शुरुआती जीवन में ही अच्छी शिक्षा और आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलनी चाहिए। सशक्त महिलाओं से एक सशक्त समाज का निर्माण होगा।

# महागौरी की पूजा कर कन्याभोज कराया

## यशवंतरी देवी मंदिर में सुबह से लगी रही श्रद्धालुओं की भीड़, शाम तक गूंजते रहे जयकारे

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

● झंडी चढ़ाने और मुंडन कराने के लिए पहुंच रहे श्रद्धालु, जुट रही भारी भीड़

**अमृत विचार :** चैत्र नवरात्र के आठवें दिन मंगलवार को घरों और मंदिरों में भगवती के अष्टम स्वरूप महागौरी की पूजा अर्चना की गई। कई श्रद्धालुओं ने हवन-पूजन कर कन्याभोज कराया और अपने परिवार की सुख-समृद्धि के लिए कामना की। देवी मंदिरों में सुबह से शाम तक भीड़ उमड़ती रही। भजन संध्या में मैया के छंद गाए गए।

मां यशवंतरी देवी मंदिर, महामातेश्वरी देवी मंदिर, दुर्गा मंदिर, शेरों वाली मठिया समेत कई देवी मंदिरों में मंगलवार को महागौरी की आराधना की गई। भक्तों ने माता को सिंदूर, अक्षत, फूल, फल, मिठाई, धूप, दीप और नारियल चढ़ाया। साथ ही नारियल से बनी मिठाई का भोग लगाया। उन्हें प्रसन्न करने के लिए माता के मंत्रों का उच्चारण कर दीप जलाया। माता का भव्य श्रृंगार किया गया। घरों में भी पूजन किया गया। सुबह पांच बजे से ही लोग कन्या पूजन की तैयारियों में जुट गए। मां की पूजा अर्चना की और कन्याओं को जमाने के लिए हलवा, पूरी, सब्जी तैयार की। व्रती लोग कन्याओं को बुलाने के लिए उनके घरों में पहुंचने लग गए थे। छोटे-छोटे बच्चे गलियों में दिखाई देने लगे। बाल कन्याओं का पूजन कर जमाया गया। उनके पैर धुलाकर और भोजन कराया। देर शाम आरती, हवन-पूजन और चालीसा के स्वर गूंजते रहे। महिला मंडलियों ने भजन कीर्तन कर मैया के भजन गाए तो कहीं भक्तों ने फलाहार बांटा।


अष्टमी पर मंगलवार को यशवंतरी देवी मंदिर परिसार में कन्याभोज कराती महिला।

### आज मनाई जाएगी नवमी, व्रत पारायण करेंगे श्रद्धालु

**बीसलपुर ।** नवरात्र अष्टमी पर देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। नगर के बड़ा देवी दुर्गा मंदिर, छोटा देवी दुर्गा मंदिर, दुर्गा मंदिर, नौ देवी मदिर, बंगाली बाबा दुर्गा मंदिर, काली भैरव मंदिर आदि में सुबह से ही पूजा अर्चना करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी। यह सिलसिला शाम तक जारी रहा। बड़ा देवी दुर्गा मंदिर में नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अमन जायसवाल उर्फ निक्की ने विशेष सजावट कराई। इधर, ग्रामीण अंचलों में नवरात्रि के लिए देवी मंदिरों में पूजा अर्चना करने वाले भक्तों का तांता लग रहा। पूजन करने के बाद कन्या पूजन किया गया।

### कन्याओं को पूड़ी हलवा का भोज कराया

**मझोला ।** नगर पंचायत गुलड़िया भिंडारा समेत कस्बे भर में अष्टमी पर हवन-पूजन कर कन्याभोज कराया गया। चैत्र नवरात्र दुर्गा अष्टमी पर श्रद्धालुओं ने कन्याओं को अपने घर बुलाकर उनकी पूजा-अर्चना की। हलवा, पूड़ी, चना आदि का भोज कराकर आशीर्वाद लिया। कन्याओं को विभिन्न प्रकार के उपहार भी दिए। इसके साथ ही आठवें नवरात्र पर मंदिरों में महागौरी की पूजा अर्चना की गई। बुधवार को नवमी पर भी कन्याभोज कराया जाएगा।

### बिलसंडा में ढोलक की थाप पर होती है मां दुर्गा की आरती, भक्तिमय हो जाता है माहौल

**बिलसंडा ।** नवरात्र में पूरे नौ दिन व्रत रखने वाले श्रद्धालु बुधवार को मंदिरों एवं घरों में कन्या भोज के साथ व्रत पारायण करेंगे। वहीं दुर्गा आरती मंडल कमेटी द्वारा देविस्थान मंदिर पर चल रहे दुर्गा महोत्सव में सुबह-शाम भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। ढोलक की थाप पर घंटा-घड़ियाल बजाकर हो रही आरती भक्तों का मन मोह रही है। व्यवस्था में आरती मंडल के दिलीप जायसवाल, अनिल गुप्ता, सुरेंद्र सैनी, बन्टू जायसवाल, मनीष कटियार, शक्ति जायसवाल, राजीव गुप्ता डब्बल, आलोक जायसवाल मौजूद रहे। मंगलवार को मंदिरों में सुबह से धार्मिक आयोजन शुरू हो गए। उधर, कस्बा बमरोली में अष्टमी के दिन मंगलवार को मंदिरों में विभिन्न आयोजन हुए। सूर्य कुंड महुआ ताल पर देवी मां के मंदिर, लिलहर स्थित नीलकंठ मंदिर पर तमाम धार्मिक अनुष्ठान कराए गए। यहां सुमित राठौर, मनोज राठौर, शैलेश शर्मा, संतोष शुक्ला, विनोद, प्रमोद शुक्ला, पूर्व ब्लॉक प्रमुख राकेश प्रताप सिंह, सती शंकर मिश्रा, जितेंद्र सिंह भदौरिया उर्फ पप्पू, अंचल शुक्ला, संजय शर्मा, गौरव शुक्ला आदि भक्तों ने पूजा अर्चना की। आज रामनवमी शोभा यात्रा नगर में श्री निवास कुंज आश्रम से दोपहर दो बजे निकाली जाएगी।

## आज से बंद रहेंगी शराब की दुकानें चेकिंग शुरू

**पीलीभीत, अमृत विचार:** चुनाव को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार सिंह ने मतदान से 48 घंटे पूर्व शराब की दुकानों को बंद करने के आदेश दिए हैं। इसके तहत 17 अप्रैल की शाम छह बजे से 19 अप्रैल को मतदान समाप्ति तक आबकारी दुकानें, देशी शराब, विदेशी मदिरा, बीयर, माडल शॉप, भांग की थोक एवं फुटकर बिक्री दुकानें बंद रहेंगी।

अवैध तरीके से इसकी बिक्री न हो सके, इसके लिए टीमों को चेकिंग की जिम्मेदारी देते हुए सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

# जितिन ने निकाला रोड शो, किया गया स्वागत

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** भाजपा प्रत्याशी एवं कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद ने मंगलवार को बरखेड़ा, बीसलपुर, बिलसंडा, पूरनपुर, माधोटांडा और कलीनगर में रोड शो किया। इसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ता भगवा झंडे लेकर शामिल रहे। जगह-जगह पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया गया।

नितिन प्रसाद ने कहा कि वह मोदी के दूत के रूप में पीलीभीत के विकास के लिए आपके बीच प्रत्याशी बनकर आए हैं। पीलीभीत उनका घर है। यहां के लोगों के साथ मजबूत रिश्ते कायम करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। पीलीभीत अब उनका परिवार है। उन्होंने कहा वह जब से चुनावी शंखनाथ के बाद से यहां आए तब से उन्हें एक-एक व्यक्ति का जो स्नेह, अपनापन मिला उसे वो जीवन में भुला नहीं पाएंगे। उन्होंने कहा कि इस अपनत्व और स्नेह रूपी कर्ज को वह इस संसदीय क्षेत्र के विकास को एक नई गति देकर कुछ हद तक उतारने का प्रयास करेंगे। कहा कि मोदी-योगी का जो स्नेह उन्हें मिलता है ऐसे में वो यहां के विकास कार्यों को आगे बढ़ाने में उनका सहयोग लेंगे। जिससे पीलीभीत का समुचित विकास होगा।

बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं पूर्व मुख्यमंत्री स्व. कल्याण सिंह के पौत्र संदीप सिंह ने कहा कि पीलीभीत क्षेत्र आने वाले समय में इस देश के उन प्रमुख संसदीय क्षेत्रों में होगा, जिनका नाम विकास के पर्याय के रूप में लिया जाता है। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार, बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्ता नंद, विधायक बीसलपुर विवेक वर्मा, पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान, एमएलसी सुधीर गुप्ता आदि मौजूद रहे।


रोड शो में भाजपा प्रत्याशी जितिन प्रसाद व अन्य भाजपाई। ● अमृत विचार

# दायित्वों को पूरी जिम्मेदारी से निभाएं सभी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

● प्रेक्षकों ने ली प्रभारी अधिकारियों की बैठक, चुनाव आयोग के निर्देशों की याद दिलाई

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए मंगलवार को प्रेक्षकों ने प्रभारी अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान प्रेक्षकों ने सभी अधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों का पूरी जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करने के निर्देश दिए।

गांधी सभागार में मंगलवार को विशेष व्यय प्रेक्षक राजेश टुटेजा, विशेष प्रेक्षक पुलिस मनमोहन सिंह, विशेष प्रेक्षक सामान्य अजय वी नायक, व्यय प्रेक्षक सुब्रनिल दास, व्यय प्रेक्षक दिनेश बिसेन, सामान्य प्रेक्षक प्रसन्ना रामास्वामी, पुलिस प्रेक्षक बी राजाकुमारी, जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार सिंह एवं एसपी अविनाश पांडेय की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में कार्मिक नियुक्ति एवं प्रशिक्षण व्यवस्था, ईवीएम प्रशिक्षण आदि के संबंध में जानकारी ली गई। सीडीओ ने बताया कि मतदान में लगे पीठासीन अधिकारी, मतदान कार्मिकों का प्रशिक्षण करा लिया गया है। पोलिंग पार्टियों की रवानगी, रिजर्व पार्टी के साथ ईवीएम-वीवीपैट एवं टेक्नीशियन के संबंध में जानकारी ली गई। सीडीओ व प्रभारी अधिकारी कार्मिक ने बताया कि ईवीएम का रैंडमाइजेशन का कार्य कराया जा चुका है। इसके अलावा प्रेक्षकों ने लेखन सामग्री, प्रपत्र, किट आदि की जानकारी ली। जिला कृषि अधिकारी ने अवगत कराया कि सामग्री के थैले तैयार कर लिए गए है। उनकी जांच भी करा ली गई है। इस पर प्रेक्षकों ने कहा कि रिजर्व स्टेशनरी के लिए विधानसभा वार अलग से काउंटर स्थापित किए जाएं। इसके अलावा प्रेक्षकों ने मतपत्र व्यवस्था, पोस्टल बैलेट/ईडीसी, निर्वाचक नामावली व्यवस्था, रूटचार्ट, कम्यूनिकेशन प्लान, क्रिटिकल व बल्नरेबिलिटी मैपिंग, डिस्ट्रिक्ट इलेक्शन मैनेजमेंट प्लान आदि की जानकारी ली। समापन पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रेक्षकों को आश्वस्त किया कि दिए गए निर्देशों का कड़ाई के साथ अनुपालन कराया जाएगा। बैठक में सीडीओ धर्मेंद्र प्रताप सिंह, एएसपी विक्रम दहिया भी रहे।


प्रभारी अधिकारियों से व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी लेते प्रेक्षक।

## लोकसभा चुनाव के मद्देनजर इंडो नेपाल बार्डर सील

**पीलीभीत, अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर इंडो-नेपाल बार्डर सोमवार शाम से सील कर दिया गया। मतदान समाप्ति तक बार्डर सील रहेगा। इसको लेकर बार्डर पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत कर दी गई है। पीलीभीत लोकसभा सीट पर प्रथम चरण में 19 अप्रैल को मतदान होना है। जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार सिंह ने लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत जनपद से लगने वाली अंतरराष्ट्रीय भारत-नेपाल सीमा को 16 अप्रैल शाम पांच बजे से 19 अप्रैल को मतदान समाप्ति तक सील किए जाने के आदेश दिए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि उक्त अवधि में मेडिकल इमरजेंसी में पास जारी करने के लिए एसएसबी कमांडेंट या उनके द्वारा नामित सहायक सेनानी स्तर के प्रतिनिधि को नामित किया गया है। अन्य आवश्यक कार्यों के लिए पूरनपुर एसडीएम व सीओ को नामित किया गया है। हर आने वाले पर कड़ी नजर रखी जाएगी।

### सपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष ने थामा भाजपा का दामन



**पीलीभीत ।** समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला उपाध्यक्ष प्रशांत कुमार रवि मंगलवार को भाजपा में शामिल हो गए। उन्होंने समाजवादी पार्टी को छोड़ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, लोकसभा प्रत्याशी जितिन प्रसाद, गन्ना राज्यमंत्री संजय गंगवार, पूर्व मंत्री हेमराज वर्मा, पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान, बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्ता नंद आदि मौजूद थे।

### 500 बूथों पर कैमरे लगाने का कार्य पूरा

**पीलीभीत ।** पीलीभीत लोकसभा सीट पर पहले चरण में होने वाले मतदान में 18,31699 वोटर अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले के 1521 पोलिंग बूथों के सापेक्ष 50 फीसदी बूथों की वेबकास्टिंग कराई जाएगी। इसमें 516 क्रिटिकल एवं 51 वल्नरेबल बूथ भी शामिल है, जिसकी वेबकास्टिंग कराई जानी है। इन सभी पोलिंग बूथों पर होने वाली मतदान प्रक्रिया पर निर्वाचन आयोग की सीधी नजर रहेगी। इस वेबकास्टिंग की जिम्मेदारी आयोग की ओर से बीएसएनएल के बजाए निजी कंपनी को दी गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि अब तक 500 से अधिक बूथों पर वेबकास्टिंग के लिए कैमरे लगाने के साथ अन्य तैयारियां पूरी कर ली गई है। इसका ट्रायल भी हो चुका है।

# पीलीभीत के 11 हजार मतदाता बाहर, पर्ची वितरण कार्य पूरा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

● निर्वाचन आयोग ने एक अप्रैल को भेजी थीं 18 लाख पर्चियां

**अमृत विचार:** 19 अप्रैल को होने वाले मतदान में इस बार 18,31,699 मतदाता फोटो की जगह क्यूआर कोड युक्त मतदाता पर्ची का इस्तेमाल करेंगे। इस क्यूआर कोड युक्त मतददाता पर्ची में मतदाता की पूरी जानकारी के अलावा मतदान की तिथि, मतदान का समय, वार्ड नंबर, सीरियल नंबर, मतदान स्थल का नाम, मतदाता पहचान पत्र संख्या, विधानसभा क्षेत्र का नाम सहित समेत अन्य जानकारियां मौजूद होगी। निर्वाचन आयोग की ओर से पहली अप्रैल को जिले को 18 लाख से अधिक मतदाता पर्चियां भेजी गई थी। इसको लेकर सदर विधानसभा के लिए 381203 मतदाता पर्चियां, बरखेडा को 330384, पूरनपुर को 385503 एवं बीसलपुर विधानसभा के लिए 363972 मतदाता पर्चियां भेजी गई थीं। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता पर्चियों का वितरण बीएलओ के माध्यम से कराया गया था। इधर अब सभी विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता पर्ची वितरण का कार्य पूरा कर लिया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि मतदाता पर्ची वितरण का कार्य पूरा हो चुका है। करीब 11 हजार मतदाता पर्चियों का वितरण नहीं हो सका है। इनसे संबंधित अधिकांश मतदाता रोजगार के चलते घरों से बाहर गए हुए हैं।

कैलाश आई एवं जनरल हॉस्पिटल
सभी टी.पी.ए. आयुष्मान कार्ड, लाल कार्ड, पं. दीनदयाल उपाध्याय योजना द्वारा नाखूना, मोतियाबिन्द ऑपरेशन, पित्त की थैली की पथरी, अपेन्डिसाइटिस, हार्निया, हाइड्रोसिल, पेट के समस्त ऑपरेशन की सुविधा
फ्री
भर्ती मरीजों की बायोप्सी एवं खून की जाँचें फ्री की जाती हैं।
ओ.पी.डी. ब्लड प्रेशर, शुगर की जाँच, आँख की धुलाई, कम्प्यूटर द्वारा चश्में की जाँच प्रतिदिन फ्री की जाती है।
नाश्ता, रहना, दवाईयां, चश्मा, लेन्स फ्री
अखबार की कटिंग लाने व ऑपरेशन कराने पर रु. 500/- तक का गिफ्ट
किप्स सुपर मार्केट के सामने, 60 एम. आई.जी. जनकपुरी पार्क के पास, बरेली
सम्पर्क करें : संजीव कुमार पाडेय चेयरमैन
9837892555 9412192305

हर दर्द का इलाज करते हैं
डॉ. रूप किशोर
समय प्रातः 10 से दोपहर 3 बजे तक
गठिया फालिज जोड़ों एवं नसों का दर्द झनझनाहट सुन्नपन
फातिमा हॉस्पिटल जगतपुर रोड, बरेली
9267043010

अमृत विचार Lifelines OF BAREILLY MEDICAL
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

चरक पैथलैब विश्वसनीय परिणाम
FullBody BLOOD TEST PACKAGE जांचों पर विशेष छूट
CBC+KFT+LFT+TFT+LIPID+SUGAR
1499/- ONLY 799/-
चाह बाजार रोड, 39-बी, एकता नगर, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com

डॉ. रजनीकांत साहू MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow) Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi वरिष्ठ न्यूरो सर्जन मो. 7417389433
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर पताः- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8 7017678157
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।

डा. सतेन्द्र शर्मा M.D. (Ayu.) बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
श्रद्धा केयर अस्पताल मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

डॉ. दर्शन मेहरा एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन) Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

डॉ. हारिस अंसारी एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी) Consultant Urologist & Andrologist
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

नेत्र सर्जन डॉ. आफताब आलम एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरुआत मात्र 2000/- रु. से
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778

यशस्वी क्लीनिक डॉ. अनिल मिश्रा एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन) डायबिटीज एवं हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9896567597
पताः- फेज़ हास्पिटल के सामने बेसमेन्ट में, 100 फुटा रोड, बरेली सम्पर्क सूत्र:- 7895161674, 7906502059


समस्त नगर एवं क्षेत्रवासियों को
रामनवमी की हार्दिक शुभकामनाएं
श्री बांके बिहारी
टायल्स एंड सैनेटरी
एंड बिल्डिंग मैटेरियल
उच्च कोटि के टाइल्स निर्माता
बमरोली, बिलसंडा
(पीलीभीत)
प्रो- जितेंद्र सिंह भदौरिया उर्फ पप्पू


समस्त नगर एवं क्षेत्रवासियों को
रामनवमी की हार्दिक शुभकामनाएं
अंचल
शुक्ला
समाजसेवी
बमरोली


समस्त नगर एवं
क्षेत्रवासियों को रामनवमी
की हार्दिक शुभकामनाएं
सुमित गुप्ता
समाजसेवी एवं
विधायक प्रतिनिधि
बिलसंडा



समस्त नगर एवं क्षेत्रवासियों को
रामनवमी की हार्दिक शुभकामनाएं
अरविंद अवस्थी
नगर अध्यक्ष
उद्योग व्यापार
प्रतिनिधि मंडल उ.प्र.
बिलसंडा
फर्म -गायत्री ऑटोमोबाइल्स गोला रोड, बिलसंडा


समस्त नगर एवं क्षेत्रवासियों को रामनवमी
की हार्दिक शुभकामनाएं
श्री नरेश फिलिंग स्टेशन, बिलसण्डा
जायसवाल फिलिंग स्टेशन, बिलसण्डा
किसान स्पेयर पार्ट्स, बिलसण्डा
हैपी ब्लू वर्ल्ड पब्लिक स्कूल, हेमपुर
बजाज ऑटोमोबाइल्स, बिलसण्डा
आबकारी कान्ट्रेक्टर्स, बिलसण्डा
शुभ फिलिंग स्टेशन, ईटगांव
विक्रम नरेश जायसवाल
चेयरमैन
अवध नरेश जायसवाल
आशीष नरेश जायसवाल
उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल, बिलसण्डा


समस्त नगर एवं क्षेत्रवासियों को
रामनवमी की हार्दिक शुभकामनाएं
सुधीर
कुमार सिंह
प्रधान
ग्राम पंचायत राठ, बिलसंडा


समस्त नगर एवं क्षेत्रवासियों को
रामनवमी की हार्दिक शुभकामनाएं
सचिन शर्मा
समाजसेवी
एवं
प्रधान प्रतिनिधि
ग्राम पंचायत करेली बिलसंडा


समस्त नगर एवं क्षेत्रवासियों को
रामनवमी की हार्दिक शुभकामनाएं
उमा देवी पब्लिक
जूनियर हाई स्कूल
बिलसंडा
नीरज गुप्ता
मैनेजिंग डायरेक्टर
कॉलोनाइजर बिलसंडा


समस्त नगर एवं क्षेत्रवासियों को
रामनवमी की हार्दिक शुभकामनाएं
माही ऑटोमोबाइल्स टी.वी.एस., बिलसण्डा
एस.पी. फिलिंग स्टेशन, बमरोली
जायसवाल फॉरवर्डिंग एजेंसी
जायसवाल फिलिंग स्टेशन बिलसंडा
किसान एग्रो ट्रेडर्स बिलसंडा
अवनीश जायसवाल
नगर अध्यक्ष, बिलसण्डा
उ.प्र. उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल


समस्त नगर एवं क्षेत्रवासियों को
रामनवमी की हार्दिक शुभकामनाएं
नितिन वर्मा
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत बेहटी
बिलसण्डा


समस्त नगर एवं क्षेत्रवासियों को
रामनवमी की हार्दिक शुभकामनाएं
ब्रह्मदीन
शर्मा
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत घनश्यामपुर


समस्त नगर एवं क्षेत्रवासियों को
रामनवमी की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रतिभाओं को रुपहले पर्दे पर निखारना ही हमारा उद्देश्य
सत्येंद्र शुक्ला
उर्फ मनु
संयोजक भाजपा एन.जी.ओ.
प्रकोष्ठ बृज क्षेत्र, उ.प्र.
महासचिव
भारतीय सिने कर्मचारी संघ, लखनऊ
एवं महाप्रबंधक एडसी नाट्य मंच,
शाहजहांपुर
निवास बिलसंडा मो 9319077640


श्री राम
MK
TRADE MARK
बन्धानी हींग
पुण्यश्लोक बाबू किशोर चन्द्र कपूर जी
भगवान श्री राम लला के
प्राकट्य दिवस श्री राम नवमी
की शुभ घड़ी में
आप सभी का हार्दिक अभिनंदन
एम. के.
बन्धानी हींग
परिवार
पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
एम. के.
बन्धानी हींग
हर समझदार गृहणी की पसन्द
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555
बस "खुशबू" ही नहीं "स्वाद" भी है
"शुद्धता का एहसास" भी है ।

अमृत विचार
www.amritvichar.com




# लक्ष्य के सापेक्ष कम गेहूं खरीदने पर 20 केंद्र प्रभारियों को निलंबन पूर्व नोटिस जारी

## तीन दिन के भीतर 500-500 क्विंटल खरीद न करने पर दी गई निलंबन की चेतावनी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** गेहूं खरीद को लेकर कम गेहूं खरीदने वाले केंद्र प्रभारियों के खिलाफ शिकंजा कसता जा रहा है। लक्ष्य के सापेक्ष कम गेहूं खरीदने पर सहायक निबंधक सहकारिता ने 20 केंद्र प्रभारियों को निलंबन पूर्व नोटिस जारी किए गए हैं। इन सभी केंद्र प्रभारियों को तीन दिन के भीतर कम से कम 500 क्विंटल गेहूं खरीद करने के निर्देश दिए गए हैं। ऐसा न करने पर निलंबित करने की चेतावनी दी गई है।

शासन के निर्देश पर जनपद में 145 क्रय केंद्रों के माध्यम से गेहूं खरीद की जा रही है। इस बार जिले को 3.08 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीद का लक्ष्य दिया गया है।

- **सहायक प्रबंधक सहकारिता ने की कार्रवाई**

> गेहूं खरीद को लेकर समीक्षा की गई थी। जिसमें लक्ष्य के सापेक्ष कम खरीद मिली थी। ऐसे में 20 क्रय केंद्र प्रभारियों को निलंबन पूर्व नोटिस जारी किया गया है। गेहूं खरीद को लेकर गंभीरता बरतने के निर्देश दिए हैं।
> – **डॉ. प्रदीप कुमार**, सहायक निबंधक सहकारिता

आवंटित लक्ष्य को हासिल कराने के लिए प्रशासन जोर-शोर से लगा है। जनपद से बाहर गेहूं ले जाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। वहीं प्रमुख सचिव खाद्य आलोक कुमार ने जिले में गेहूं खरीद का जायजा लेने के साथ खरीद में तेजी लाने के निर्देश दे चुके हैं। गेहूं खरीद की प्रतिदिन समीक्षा की जा रही है। इधर लक्ष्य के सापेक्ष जिले में गेहूं खरीद न होने पर संभागीय खाद्य नियंत्रक नाराजगी जता चुके हैं। इसके बावजूद गेहूं खरीद में लापरवाही सामने आ रही है। इधर लक्ष्य के सापेक्ष गेहूं खरीद न करने वाले पीसीएफ के 20 केंद्र प्रभारियों को निलंबन पूर्व नोटिस भेजा गया है। सहायक निबंधक सहकारिता डॉ. प्रदीप कुमार ने इसकी समीक्षा की। केंद्र प्रभारियों द्वारा लक्ष्य के सापेक्ष बेहद कम खरीद होना पाया गया है। इसमें पीसीएफ के केंद्र प्रभारी सुनील कुमार वर्मा, कालीदास, अशोक कुमार, जोगराज, परमजीत सिंह यादव, भरत गंगवार, रजनीश कुमार, ॠषिकांत, अभिनव यादव, रजनीश कुमार द्वितीय, पंकज रौतेला, रामभरोसे, रामेश्वर, मोहम्मद उमैर खान, प्रभाकर मिश्रा, वेदप्रकाश शुक्ला को नोटिस भेजा है।

### खुले बाजार में एमएसपी से ज्यादा दाम पर बिक रहा गेहूं

प्रशासन लक्ष्य के सापेक्ष गेहूं खरीद करने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाए हुए हैं। सरकारी खरीद बढ़ाने को अधिकारियों–कर्मचारियों पर दबाव भी बनाया जा रहा है। इसके बावजूद सरकारी क्रय केंद्र पर खरीद तेजी नहीं पकड़ पा रही है। खास बात यह है कि खुले बाजार में किसान का गेहूं समर्थन मूल्य से अधिक दाम में बिक रहा है। ऐसे में किसान भी अपनी फसल खुले बाजार में बेच रहे हैं। एक दिन पूर्व मंडी में सरकारी केंद्रों पर गेहूं बेचने का दबाव बनाया गया था। जिस पर किसानों ने जमकर हंगामा किया। बाद में प्रशासन द्वारा गेहूं की खुली बोली लगवानी पड़ी थी।

# आधा घंटे जाम रहा असम हाईवे

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **रोडवेज बस की टक्कर से तीन भाइयों की मौत का मामला**
- **पुलिस को छानबीन के दौरान मौके पर एक नंबर प्लेट मिली**

**अमृत विचारः** असम हाईवे पर सोमवार रात कैंच गांव के पास रोडवेज बस की टक्कर से ई-रिक्शा में सवार तीन भाइयों की मौत हो गई थी। मृतकों में दो सगे और तीसरा फुफेरा भाई हैं। इनमें सुनगढ़ी थाना क्षेत्र के नौगवां पकड़िया निवासी नईम, उसका छोटा भाई हसीब और फुफेरा भाई मोहम्मद शाकिब हैं। हादसे के बाद असम हाईवे पर करीब आंधा घंटे जाम लगा रहा। इससे उधर से गुजरने वाले वाहनों में बैठे लोग



रोडवेज बस की टक्कर लगने के बाद मौके पर क्षतिग्रस्त पड़ा ई–रिक्शा।

परेशान रहे। पुलिस हादसे की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंच चुकी थी। मगर वहां राहगीरों की भीड़ पहले से जमा थी। ऐसे में दोनों तरफ वाहनों की कतारें लग गई। पुलिस ने पहले तीनों युवकों को अस्पताल भिजवाया। इसके बाद जाम में फंसे वाहनों को निकलवाया गया।

> हादसे की सूचना मिलने पर रात में ही मौके पर पहुंच गए थे। तीन लोगों की मौत हुई है। ये सभी ई–रिक्शा में सवार थे। एक कार कब्जे में ली गई हे। शवों का पोस्टमार्टम कराकर जांच चल रही है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। – **दीपक चतुर्वेदी, सीओ सिटी**

### तीन माह बाद होना था नईम का निकाह

पीलीभीत। मृतक हसीब और नईम दोनों सगे भाई थे। उसके बड़े भाई तस्लीम और फईम का निकाह हो चुका है। तीसरे नंबर के बेटे नईम के निकाह की तैयारी चल रही थी। मिलक इलाके से उसकी शादी का रिश्ता तय हो चुका था। तीन माह बाद निकाह होना था। इसकी तिथि निकलना बाकी थी। मगर एक हादसे में उसकी व छोटे भाई हसीब की मौत की खबर से परिवार में मातम छा गया। जबकि हादसे में जान गंवाने वाला शाकिब भी फुफेरा भाई था। वह चार भाई और एक बहन में तीसरे नंबर का अविवाहित था। उसके बड़े भाई फिरासत और अरशद अली का निकाह हो चुका है। पिता रियासत राजमिस्त्री हैं।

# यूपीएससी में पीलीभीत की प्रियंका को मिली 385वीं रैंक

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **तीन साल से कर रही थीं तैयारी, बेटी की कामयाबी पर परिवार में खुशी की लहर**

**अमृत विचार :** यूपीएससी सिविल परीक्षा 2023 का परिणाम मंगलवार को जारी किया गया। इसमें शहर की रहने वाली प्रियंका यादव ने सफलता हासिल की है। उन्होंने यूपीएसई की परीक्षा में 385वीं रैंक मिली है। इसका पता लगने पर परिजनों को लोग बधाई देने पहुंच रहे हैं। ये देख पिता के खुशी से आंसू छलक आए। उन्होंने कहा कि बेटी की तीन साल की मेहनत रंग लाई है। परिवार का कहना है कि जिले में पहली बार कोई बेटी कामयाबी की सीढ़ी चढ़ी हैं। उन्हें प्रियंका पर गर्व है।



शहर की राजीव कॉलोनी निवासी प्रियंका यादव के पिता जवाहर सिंह यादव जिला वालीबाल संघ के उपाध्यक्ष हैं। मां सरोज यादव गृहणी हैं। उन्होंने बताया कि प्रियंका शुरुआत से मेधावी रही हैं। उन्होंने प्रारंभिक शिक्षा लायंस बाल विद्या मंदिर स्कूल से पूरी की है। वर्ष 2013 में प्रियंका ने कक्षा 10 उत्तीर्ण किया था, जिसमें वह टॉपर रही थीं। वर्ष 2015 में 12वीं की परीक्षा में 93 प्रतिशत अंकों के साथ जिले में दूसरा स्थान प्राप्त किया था। इसके बाद वह इंजीनियरिंग की तैयारी करने के लिए कोटा चली गईं। यहां से प्रियंका यादव ने बुंदेलखंड इंजीनियरिंग कॉलेज झांसी से आईटी ब्रांच में बीटेक ऑनर्स किया। वहां पर भी टॉपर रहीं। प्रियंका फिर यूपीएससी की तैयारी के लिए दिल्ली चली गईं। जहां प्रियंका ने सेल्फ स्टडी की। दो बार परीक्षा देने पर उन्हें कामयाबी नहीं मिल मिली।यूपीएससी 2023 परीक्षा में एक बार में ही प्री और मेंस क्वालीफाई कर 385वीं रैंक हासिल की। प्रियंका के एक भाई शिवेंद्र सिंह यादव अधिवक्ता हैं। दूसरे रजत सिंह यादव बरेली में एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहे हैं।

**तीन साल में सिर्फ एक बार घर आई प्रिंयका :** पिता जवाहर यादव ने बताया कि प्रियंका आईएएस बनना चाहती थी। इसलिए वह दिन रात तैयारी में जुटी रहीं। लगातार तीन साल प्रियंका दिल्ली में रहकर अपनी तैयारी कर रही थीं। वह तीन साल में मात्र एक बार घर आईं।

### बुलेट नहीं मिली तो बरात वापस ले गया दूल्हा

**पूरनपुर।** दहेज में दो लाख रुपये नगद और बुलेट मोटर साइकिल न मिलने पर नाराज हुआ दूल्हा बरात वापस ले गया। लड़की पक्ष के लोगों ने मनाने की कोशिश की तो बरातियों ने मारपीट और तोड़फोड़ की। दुल्हन के पिता ने एसपी से शिकायत कर सख्त कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के एक व्यक्ति ने बताया कि उनकी बेटी की शादी का रिश्ता 14 अप्रैल को गांव के युवक से तय हुआ था। निर्धारित समय पर दूल्हा बरात लेकर घर पहुंच गया। उन्होंने बरातियों का स्वागत करने के साथ नाश्ता व खाना खिलाया। सब कुछ अच्छे से निपट गया। दूल्हे ने दहेज में मिला सामान गाड़ी में भरवाकर अपने घर भिजवा दिया। निकाह होने की तैयारी चल रही थी। इस दौरान दूल्हा दहेज में बुलेट मोटरसाइकिल और दो लाख रुपये की मांग करने लगा। वह मांग पूरा नहीं कर सकते तो दूल्हा बरात वापस ले गया। जब लड़की पक्ष ने अपनी आर्थिक समस्या का हवाला देते हुए रोका और मनाने की कोशिश की तो मारपीट की गई। बरातियों ने सामान में तोड़फोड़ दिया।







### सात साल की बच्ची को घर ले जाकर ग्रामीण ने की छेड़छाड़

**ललौरीखेड़ा।** सात साल की बच्ची को घर ले जाकर एक ग्रामीण ने अश्लील हरकतें कर छेड़छाड़ की। बच्ची के विरोध करने पर उसे धमका दिया। इसका पता लगने पर पहुंचे परिजन बच्चे को छुड़ाकर घर ले गए। तहरीर मिलने पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जहानाबाद क्षेत्र के एक व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी सात वर्षीय पुत्री कक्षा तीन की छात्रा है। पंद्रह अप्रैल की शाम साढ़े सात बजे गांव में रहने वाले होरीलाल के घर दूध लेने जा रही थी। तभी रास्ते में गांव का संतराम मिल गया, जो बच्ची को बहला फुसलाकर अपने घर ले गया। जहां उसने बच्ची से अश्लील हरकत कर छेड़छाड़ की। गांव के कुछ लोगों से इसकी जानकारी मिलने पर बच्ची के परिवार वाले आरोपी के घर जा धमके और आरोपी की जमकर फटकार लगाई। इसके बाद बेटी को घर ले गए और बच्ची से घटना की जानकारी दी। इस पर उसने पूरी बात बताई। इंस्पेक्टर जहानाबाद मुकेश शुक्ला ने बताया कि छेड़छाड़, पॉक्सो एक्ट की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच करा रहे हैं।

### हाईटेंशन लाइन की चिंगारी से गेहूं की फसल जली

**पूरनपुर।** हाईटेंशन लाइन से निकली चिंगारी से गेहूं की फसल में आग लग गई। इसमें आठ बीघा खेत में खड़े गेहूं की फसल जल गई। नगर के मोहल्ला हबीबगंज गौंटिया के रहने वाले अशोक कुमार पांडे ने बताया कि गांव चांट फिरोजपुर के पास उन्होंने आठ एकड़ जमीन ठेके पर ले रखी है। उसमें गेहूं की पकी फसल खड़ी थी। मंगलवार दोपहर उसके पड़ोस वाले खेत के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन से निकली चिंगारी नीचे जा गिरी, जिससे पराली में आग लग गई। तेज हवाओं के झोंके से आग अशोक कुमार के खेत में खड़ी गेहूं की फसल तक पहुंच गई। इससे गेहूं की फसल तेज लपटों में जलने लगी। इस पर ग्रामीणों ने ट्रैक्टर व हेरो ले जाकर जुताई की और आग बुझाने के लिए जुताई की। पड़ोस के लक्ष्य डिग्री कॉलेज में चुनाव ड्यूटी आए एसएसबी के जवानों ने मौके पर जाकर आग बुझाने का प्रयास किया। मगर कामयाबी नहीं मिली। कुछ ही देर में आठ एकड़ खेत में खड़ी पूरी फसल जलने के बाद आग खुद ही बुझ गई। इसके अलावा वमनपुरी की सन्नो देवी की तीन बीघा फसल आग की चपेट में आने से जल गई। तहसीलदार वीरेंद्र कुमार भी मौके पर पहुंचे और जानकार की। उन्होंने बताया कि राजस्व टीम को मौके पर भेजा है। नुकसान का सर्वे कराया जा रहा है।

### विवाहिता को पीटकर मायके में छोड़ा

**बीसलपुर।** दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को पिटाई करने के बाद ससुराल वाले मायके छोड़ गए। मोहल्ला हबीबुल्लाह खां जनूबी निवासी साजिया ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका निकाह तीन साल पहले जयपुर निवासी जाहिद अली से हुआ था। कुछ दिन बाद से ही ससुराल वाले उसे प्रताड़ित करने लगे। दहेज में तर– तरह की मांग की जाने लगी। दस अप्रैल को पति जाहिद अली और देवर राशिद ने मारपीट की। इसके बाद 13 अप्रैल को साजिया को मायके छोड़ गए। बिना मांग पूरी किए वापस आने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच में जुट गई है।

### घरवाले दावत खाने गए, चोर घर खंगाल ले गए

**पूरनपुर।** घरवाले शादी समारोह में दावत खाने चले गए। उनकी गैर मौजूदगी में चोरों ने मकान खंगाल लिया। चोर घर में रखी नगदी, जेवर समेत हजारों का सामान ले गए। घरवालों को इसकी जानकारी दावत से लौटने पर हुई। सूचना देने पर पुलिस ने मौका मुआयना किया। कोतवाली क्षेत्र के गांव शेरपुर कलां निवासी उवैस पुत्र बुन्दन ने बताया कि वह सोमवार दोपहर को परिवार समेत एक शादी समारोह में दावत खाने गए थे। उनके घर में ताला लगा हुआ था। इसी दौरान चोर दीवार फांदकर अंदर घुस गए। चोर कमरे का ताला तोड़कर अलमारी में रखे सोने का टीका, हार, झुमकी, अंगूठी, दो जोड़ी पायल और दो हजार रुपये चोरी कर लिए। इसके अलावा बोरी में रखें गेहूं और धान भी ले गए। दावत खाने के बाद उवैस परिजनों के साथ घर लौटे तो कमरे में सामान बिखरा देख दंग रह गए। उनके घर चोरी होने का पता लगने पर आसपास के लोग जमा हो गए। फिर पुलिस को सूचना दी गई। दरोगा प्रकाश चंद्र शर्मा ने बताया कि मामले की जांच कर रहे हैं।

### बुजुर्ग के परिजनों ने किया कार्रवाई से इनकार

**पूरनपुर।** संदिग्ध परिस्थितियों में बुजुर्ग की मौत के मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत की वजह स्पष्ट न होने पर परिवार ने कार्रवाई से इनकार कर दिया। इससे पुलिस ने हिरासत में लिए गए दोस्त को छोड़ दिया। सुधीर कॉलोनी के निवासी जितेंद्र अग्रवाल (65) पुत्र रोशन लाल अग्रवाल शनिवार दोपहर अपने दोस्तों के साथ घूमने की बात कहकर घर से निकले थे। पीलीभीत रोड पर पर हरदोई ब्रांच नहर के पास से अचानक लापता हो गए। रविवार को जितेंद्र का शव घुंघचाई थाना क्षेत्र में हरदोई ब्रांच नहर के टूटा पुल के पास बरामद हुआ था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट नहीं हुआ। इस पर बिसरा जांच के लिए भेज दिया गया। परिजनों की ओर से हिरासत में लिए गए युवक के खिलाफ तहरीर नहीं दी गई। उन्होंने बेगुनाह को जेल न भेजने की बात पुलिस से कही। जिसके बाद पुलिस ने हिरासत में लिए गए रमपुरा गांव के युवक को छोड़ दिया। कोतवाल संजीव कुमार शुक्ला ने बताया कि मृतक के परिजन ने कार्रवाई से इनकार कर दिया। इस पर हिरासत में लिए युवक को छोड़ दिया है। मामले की जांच चल रही है।

### मकान नाम नहीं कराया तो मां को पीटा, रिपोर्ट

**बीसलपुर।** मकान नाम कराने पर दो बेटों ने मां की पिटाई कर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर नामजद रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मोहल्ला ग्यासपुर निवासी मिस्कीन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके पति की मौत हो चुकी है। 13 अप्रैल की दोपहर 12 बजे वह घर में अकेली थीं। इस बीच उनके पुत्र शाहिद हुसैन, इरशाद हुसैन अपने दो साथी मुकीम व मोइन को लेकर घर में आए और गाली गलौज करते हुए मकान अपने नाम करने का दबाव बनाने लगे। उनके इनकार करने पर मारपीट की। शोर मचाने पर आसपास के लोग जमा हुए तो आरोपी बेटे व उनके साथी धमकी देकर भाग गए। कोतवाल अशोक पाल ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### प्रधानमंत्री के फोटो से खुराफात के मामले में रिपोर्ट

**पूरनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव शेरपुरकलां के एक धार्मिक स्थल पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धार्मिक चित्र के साथ फोटो लगा हुआ था। बीते दिनों गांव के ही निसरत पुत्र लियाकत अली ने प्रधानमंत्री के फोटो से खुराफात कर आपत्तिजनक हरकत कर दी। इसकी जानकारी लगने पर भाजपाइयों ने रोष व्यक्त किया। गांव के संजय भारती ने कार्रवाई के लिए पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने फोटो के साथ खुराफात करने वाले इशरत के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाल संजीव कुमार शुक्ला ने बताया कि आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। उसका शांतिभंग की आशंका में चालान किया है।






अम्बा हैल्थ क्लीनिक



डा.आर.एस.सिंह
B.A.M.S.F.R.H.S. (आयुर्वेदाचार्य)
स्वास्थ्य एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
• रजि. भारतीय चिकित्सा परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा मान्यता प्राप्त
• 27 सालों से स्वास्थ्य एवं गुप्त रोगों का चिकित्सा अनुभव

पतले दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री/पुरूष तंदरूस्ती प्राप्त करें।
मोटे होने का रामवाण इलाज
नवयुवक-युवतियां 3 से 4 इंच तक लम्बाई बढ़ायें
विशेष चिकित्सा:- ●भूख न लगना ● कब्ज ●अपच ●गैस ● खाने के बाद शौचालय जाना ● शारीरिक अंगों का विकास रूकना ● पुलिस फोर्स एवं फिल्मों में आदि में भर्ती में नाप-तोल में कमी होना ● 3 से 4 इंच कद लम्बा करें। ● बच्चों का बिस्तर में पेशाब करना मोटे व थुल-थुले व्यक्ति वजन कम करें। ● कील, मुंहासे, झाइयां, सफेद दाग दूर करें सावलांपन हटायें और सुन्दर बनें। ● बालो का झड़ना व टूटना एवं सफेद होना व गंजापन दूर करें। ● खूनी व वादी बवासीर का रामबाण इलाज।
शराबी को बिना लाये, बिना बताये शराब व अन्य नशा छुडायें।
नारी तत्व को सुडौल व आकर्षक बनायें एवं वैवाहिक जीवन को सफल बनायें
सैक्स समस्याऐं
छिपाएं नहीं बताएं या मिलें
स्वप्नदोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी
● शुरू से लाभ, 40 से 80 दिनों में इलाज सम्भव।
● हस्तमैथुन व धात जाने से नसों में खराबी।
● इन्द्री का ढ़ीलापन, पतलापन, छोटापन दूर करें।
● वीर्य में शुक्राणु निल होना या कम होना।
● ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसौली होना।
● योनि का ढ़ीलापन होना व सैक्स इच्छा कम होना।
● मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र पहले बन्द होना।
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें।
गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।
10 से 21 वर्ष शादी से पहले जिन बच्चों की इन्द्री का छोटापन, पतलापन, मोटापन का रामबाण इलाज के लिए उन माता-पिता से निवेदन है कि अवश्य मिलें। कहीं ऐसा न हो कि शादी के बाद पछताना पड़े। (25 वर्षों का अनुभव)
विज्ञापन साथ लाने पर मेडिसिन पर 10% की विशेष छूट
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक:- 21 अप्रैल 2024, रविवार
05 मई 2024, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल
काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076

# शरारती तत्वों ने तोड़ीं आंबेडकर व बुद्ध की प्रतिमा, हंगामा

## पुलिस के रिपोर्ट दर्ज न कराने और प्रतिमा बनवाकर लगवा देने की बात कहने पर भड़के ग्रामीण, बाद में अज्ञात में रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, फरधान




घटनास्थल पर निरीक्षण करते पुलिस अधिकारी। ● अमृत विचार



घटना को लेकर ग्रामीण से पूछताछ करते एसपी गणेश प्रसाद साहा। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** थाना फरधान की ग्राम पंचायत परसेहरा बुजुर्ग में सोमवार की रात शरारती तत्वों ने बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर और गौतम बुद्ध की प्रतिमा क्षतिग्रस्त कर दी। इससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त हो गया। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने जब यह कहा कि रिपोर्ट दर्ज न कराएं। वह दोनों प्रतिमाओं को बनवाकर खुद लगवा देगी। इस बात पर ग्रामीण भड़क गए और हंगामा करने लगे। सूचना पाकर एसपी और सीओ सिटी मौके पर पहुंचे। अफसरों ने ग्रामीणों को समझा बुझाकर किसी तरह से मामला शांत कराया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ग्राम पंचायत परसेहरा बुजुर्ग के बाहर अंबेडकर पार्क बना हुआ है, जिसमें बाबा साहब डॉ. बीआर अंबेडकर और गौतम बुद्ध की प्रतिमा लगी हुई है। सोमवार की रात शरारती तत्वों ने दोनों प्रतिमाएं कई जगह से तोड़ दी।

**● एसपी, सीओ सिटी मौके पर पहुंचे समझा बुझाकर कराया शांत**

सुबह जब ग्रामीण पार्क की तरफ गए तो उनकी नजर प्रतिमाओं के टूटे पड़े हाथ और पैर पर पड़ी। इसके अलावा भी कई जगह से प्रतिमा को क्षतिग्रस्त किया गया था। यह देख ग्रामीणों में भारी रोष फैल गया। खबर पूरे क्षेत्र में आग की तरह फैल गई। बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए और घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर थानाध्यक्ष कौशल किशोर फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीण रिपोर्ट दर्ज करने की बात पर अड़ गए।

ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस उन पर दबाव बना रही थी कि वह लोग रिपोर्ट दर्ज न कराएं। पुलिस खुद प्रतिमाओं को बनवाकर लगवाएगी और शरारती तत्वों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई करेगी। पुलिस की इस बात पर ग्रामीण भड़क गए और पुलिस के सुझाव को सिरे से नकार दिया। पुलिस के रवैये से नाराज कुछ लोगों ने इसकी शिकायत एसपी से की। सूचना पाकर एसपी गणेश प्रसाद साहा और सीओ सिटी रमेश कुमार तिवारी मौके पर पहुंचे। अफसरों ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। आसपास के लोगों से पूछताछ की। एसपी ने ग्रामीणों को रिपोर्ट दर्ज कराने और घटना को कर माहौल बिगाड़ने वाले शरारती तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। तब जाकर लोग माने। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। प्रतिमा को सही करा दिया गया है।

> प्रतिमा को सही करवाकर लगवा दिया गया है। अज्ञात के खिलाफ सुसंगत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। घटना में शामिल लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस छानबीन कर रही है। जल्द ही आरोपियों को चिन्हित कर गिरफ्तार कर लिया जाएगा।
> –रमेश कुमार तिवारी
> सीओ सिटी




अंबेडकर प्रतिमा के टूटे अंग। ● अमृत विचार

## युवक ने फंदा लगा की आत्महत्या

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** थाना ईसानगर क्षेत्र में एक युवक ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। इससे उसके परिवार में चीख पुकार मच गई। पुलिस छानबीन कर रही है।

थाना ईसानगर के गांव गणेशपुर निवासी ज्ञानू पांडेय (30) ने सोमवार की रात अपने ही घर में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह जब परिवार के लोग सोकर उठे तो उसका शव लटका देखा। इससे परिवार में चीख पुकार मच गई। रोने-चिल्लाने की आवाज पर तमाम लोग भी मौके पर पहुंच गए। परिवार वालों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव नीचे उतारा और घटना स्थल का निरीक्षण किया। परिवार वाले घटना की वजह नहीं बता पा रहे हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# भंडारा बनाते समय फटा गैस सिलेंडर, आग से घर राख



गैस सिलिंडर फटने के बाद लगी आग बुझाता फायर कर्मी। ● अमृत विचार

संवाददाता, पलिया कलां

**● मच गई भगदड़, दमकल कर्मियों ने आग बुझाई**

**अमृत विचार :** पलिया नगर से सात किलोमीटर दूर गांव फरसहिया में भंडारा बनाते समय गैस सिलेंडर तेज धमाके के साथ फट गया। इससे पूरे घर में आग लग गई। इससे घर में भगदड़ मच गई। लोगों ने किसी तरह से भागकर जान बचाई। मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड ने आग बुझाई। इस अग्निकांड में घर में रखा सारा सामान जलकर नष्ट हो गया।

गांव फरसहिया निवासी आदर्श भार्गव के घर अखंड पाठ आयोजित हुआ था। उसके समापन के बाद मंगलवार को भंडारे का आयोजन था। इसको लेकर प्रसाद तैयार किया जा रहा था। अचानक सिलेंडर में आग लग गई। जब तक घर के लोग कुछ समझ पाते। इससे पहले ही सिलिंडर तेज धमाके के साथ फट गया। इससे आग घर में चारों तरफ फैल गई। पूरा घर आग की चपेट में आ गया। घर में मौजूद लोगों ने किसी तरह से भाग कर अपनी जान बचाई। सूचना पर पहुंची पुलिस व फायर बिग्रेड के कर्मचारियों ने आग पर काबू पाया। इससे अन्य घर जलने से बच गए। घर में रखा हजारों रुपया, कीमती सामान आदि जलकर नष्ट हो गया।

### शार्ट सर्किट से लगी आग से सारा सामान जला



**निघासन।** थाना निघासन क्षेत्र की पुलिस चौकी व कस्बा झंडी राज में मंगलवार को शार्ट सर्किट से कमरे के अंदर आग भड़क उठी। इससे उसमें रखा सारा सामान जलकर नष्ट हो गया। कस्बा झण्डी राज निवासी कन्हैयालाल पटेल ने बताया कि कमरा अंदर से बंद था। वे लोग बाहर बैठे हुए थे। अचानक बिजली के तारों में शार्ट सर्किट से आग लग गई। इससे घर में अफरा-तफरा मच गई। शोर शराबा होने पर आसपास के लोग जब तक मौके पर पहुंचे। आग ने विकराल रूप ले लिया था। सूचना दमकल विभाग को दी गई। मौके पर पहुंचे दमकल कर्मचारियों ने आग बुझाई। मकान मालिक ने बताया कि आग से नगदी के साथ ही टीवी, फ्रिज, कपड़ा, बर्तन जेवरात आदि सामान जलकर नष्ट हो गया।

### आग से बकरी मरी, भैंस व एक बकरी झुलसी

**रजागंज।** तहसील सदर क्षेत्र की ग्राम पंचायत करनपुर के मजरा लोनिपुरवा निवासी महेंद्र पाल ने अपनी पशुशाला में मच्छरों को भगाने के लिए धुआं किया था, जिससे पास लगी फूस की टटिया में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। आग से एक भैंस, दो बकरी झुलस गई, जिससे एक बकरी की मौत हो गई। इस आग से उनके घर में रखा घरेलू सामान भी जल गया है। जानवरों को बचाने के प्रयास में उसकी मां फूलकली (65) के हाथ झुलस गये। आग की लपटें देख गांव के लोग आ गए, जिन्होंने किसी तरह आग पर काबू पाया। सूचना पाकर लेखपाल शैलेन्द्र सिंह ने निरीक्षण कर तहसील प्रशासन को आग लगने की जानकारी दे दी है।

## पंपिंग सेट पर पानी पीने गई वृद्धा की साड़ी फंसने से मौत

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**● खेत में सिचाई के लिए चल रहा था पंपिंग सेट, बंद करते-करते हो गई मौत**

**अमृत विचार:** थाना खमरिया क्षेत्र के महेवा गांव में खेत में लगे पंपिंग सेट पर पानी पीने गई वृद्धा की साड़ी का पल्लू पंपिंग सेट की व्हील में फंस गया। इससे महिला की मौके पर ही मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही उसके परिवार में कोहराम मच गया। तमाम लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा है।

थाना खमरिया के गांव महेवा निवासी श्यामपति (62) के परिवार के लोग गन्ने के खेत की पंपिंग सेट लगाकर सिंचाई कर रहे थे। मंगलवार की सुबह करीब आठ बडे श्यामपति खेत पर पहुंची। उन्हें प्यास लगी तो वह पानी पीने लगीं। इस दौरान उनकी साड़ी का पल्लू पंपिंग सेट में फंस गई। परिवार के लोग जब तक मौके पर पहुंचे और पंपिंग सेट को बंद करते। तब तक श्यामपति की मौत हो चुकी थी। इससे उसके परिवार में चीख पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# तेज रफ्तार ई-रिक्शा से दबकर छह साल के बच्चे की गई जान

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**● घर से दुकान पर सामान लेने जा रहा था बच्चा**

**● ग्रामीणों ने चालक को पकड़ पिटाई कर पुलिस को सौंपा**

**अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र में नौरंगाबाद रोड पर तेज रफ्तार ई-रिक्शा सड़क पार कर रहे एक छह साल के बच्चे के ऊपर पलट गया, जिससे बच्चे की नीचे दबकर घटना स्थल पर ही मौत हो गई। गुस्साए ग्रामीणों ने मौके से भाग रहे चालक को कुछ दूर आगे जाकर पकड़ लिया और पिटाई कर उसे पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

गांव सलेमपुर निवासी रंजीत ने बताया कि उनका पुत्र निहाल (6) मंगलवार की सुबह करीब 11 बजे घर से सड़क की दूसरी तरफ स्थित दुकान पर घरेलू सामान लेने गया था। वापस आते समय वह सड़क पार कर रहा था। इसी बीच तेज रफ्तार जा रहा ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर बच्चे के ऊपर पलट गया, जिससे निहाल की नीचे दबकर मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ एकत्र होने लगी। इस पर चालक मौके से भागने लगा। ग्रामीणों ने उसे कुछ दूर दौड़ाने के बाद पकड़ लिया और पिटाई की। घटना की सूचना पाकर परिजन और जेल गेट चौकी पुलिस मौके पर पहुंच गई। शव देख परिवार वालों में चीख पुकार मच गई। पुलिस ने चालक को हिरासत में लेकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। प्रभारी निरीक्षक सदर अंबर सिंह ने बताया कि ई-रिक्शा पुलिस ने कब्जे में लिया है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

## सडक दुर्घटना में दो लोग घायल

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला तीर्थ निवासी विक्की गिरि पुत्र रामू गिरि और मैलानी थाना क्षेत्र के ग्राम उदयपुर निवासी अवधेश (पुत्र हेमचंद सड़क दुर्घटना में गंभीर घायल हो गये। राहगीरों की मदद से घायलों को सीएचसी लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार में दोनों की हालत गंभीर भांपकर डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### चोरी की बाइक बरामद, दो नेपाली नागरिक गिरफ्तार

**संपूर्णानगर/महंगापुर।** थानाध्यक्ष निराला तिवारी ने बताया कि मंगलवार को चौकी प्रभारी खजुरिया संजीव कुमार तोमर फोर्स के साथ गस्त पर थे। इस दौरान उन्होंने मुखबिर की सूचना पर भारत-नेपाल सीमा पर स्थित इंद्रानगर बैरियर के पास घेराबंदी की और बाइक लेकर नेपाल जाने के लिए इंद्रानगर मझरा के पास पहुंचे आशीष राव निवासी पुनर्वास 10 कंचनपुर, और अनिकेत राना निवासी कंचनपुर विकास बस्ती औडा 10 पछकड़िया थाना टाउन जिला कंचनपुर (नेपाल) को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने कूटरचित नेपाली नंबर प्लेट लगाई थी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ चोरी और धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज की है। दोनों आरोपियों का चालान भेजा गया है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

# घर में घुसे चोर समेट ले गए तीन लाख के नगदी-जेवर



कमरे में खुला बक्सा और बिखरा पड़ा सामान। ● अमृत विचार

**● खिड़की का दरवाजा तोड़कर घर में हुए दाखिल**

**● तहरीर मिलने के बाद भी पुलिस ने नहीं लिखी रिपोर्ट**

संवाददाता, फरधान

**अमृत विचार :** थाना फरधान क्षेत्र के गांव जगन्नाथपुर में सोमवार की रात चोरों ने खिड़की का दरवाजा तोड़ दिया और घर में घुस गए। बक्सों व अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखी नगदी-जेवर समेत करीब तीन लाख रुपये का माल चोरी कर ले गए। पीड़ित ने घटना की तहरीर पुलिस को दी है, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की है।

गांव जगन्नाथपुर निवासी राजपाल सिंह के घर सोमवार की रात किसी समय चोरों ने खिड़की का दरवाजा तोड़ दिया और दाखिल हो गए। कमरों में रखी अलमारी, बक्सा आदि का ताला तोड़कर उसमें रखी नगदी, जेवर समेत करीब तीन लाख रुपये का माल बटोर लिया। चोरी की जानकारी होते ही गांव समेत क्षेत्र में सनसनी फैल गई। बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए। उन्होंने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। परिवार वालों और आसपास के लोगों से भी पूछताछ की। पीड़ित ने चोरी की तहरीर पुलिस को दी है, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। थानाध्यक्ष कौशल किशोर ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच की जा रही है। जांच के बाद रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

अमृत विचार
क्लासीफाइड


सूचना
मेरे आवासीय भवन के रजिस्ट्री की मूल प्रति व कुछ अन्य दिनांक 14.04.2024 को कचहरी बरेली से संजयनगर, बरेली अपने निवास पर आते समय कहीं रास्ते में गिर गये हैं। जो बहुत खोजने पर भी नहीं मिले। **गुड्डी पत्नी श्री अनिल कुमार, निवासी-149, संजय नगर, त्रिमूर्ति भवन के पीछे, थाना बारादरी, जिला बरेली**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे आधार कार्ड संख्या 9255 7477 2764 में मेरा नाम त्रुटिवश एन एल कश्यप (NL Kashyap) दर्ज हो गया है जबकि हाईस्कूल मार्कशीट में मेरा नाम नत्थू लाल (Nathoo Lal) दर्ज है जोकि सही है। भविष्य में इसी नाम से जाना जाए। **नत्थू लाल पुत्र श्री तारा चन्द्र निवासी टी-52 शास्त्री नगर, इज्जत नगर, बरेली- 243122**

सूचना
सूचित हो कि मेरे अंकपत्र बी.ए. प्रथम वर्ष 2016-17 व बी.ए. द्वितीय वर्ष 2017-18 अनुक्रमांक 1611080042070 जे.एस. यूनीवर्सिटी सिकोहाबाद (फिरोजाबाद) यू.पी. मूल रूप से वास्तव में कहीं खो गये हैं। **पलविन्दर सिंह पुत्र हरभेज सिंह निवासी ग्राम व पोस्ट-रसूलपनाह थाना व तहसील गोला, जिला लखीमपुर-खीरी (उ.प्र.)**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

नवम सिद्धिदात्री



मां दुर्गा की नौवीं शक्ति का नाम सिद्धिदात्री है। ये सभी प्रकार की सिद्धियों को देने वाली हैं। नवरात्र पूजन के नौवें दिन इनकी उपासना की जाती है। इस दिन शास्त्रीय विधि-विधान और पूर्ण निष्ठा के साथ साधना करने वाले साधक को सभी सिद्धियों की प्राप्ति हो जाती है। सृष्टि में कुछ भी उसके लिए अगम्य नहीं रह जाता है। देवी सिद्धिदात्री की पूजा से केतु का असर कम होता है।

बीज मंत्र-ह्रीं क्लीं ऐं सिद्धये नमः।

आप सभी जनपदवासियों को चैत्र नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं
संस्थान का कोड 2493 N.C.V.T.
श्रम मंत्रालय भारत सरकार एवं D.G.E.T. द्वारा मान्यता प्राप्त
भारत सरकार द्वारा स्ट्राइव योजना में चयनित बरेली मंडल में एकमात्र निजी आईटीआई
बाला जी आई.टी.आई.
टनकपुर रोड, सैदपुर, पीलीभीत



दीपक सक्सेना (प्रबंधक)
विकास सक्सेना (प्रधानाचार्य)
मो. 9997018672, 9457893850

शिव इन्टरप्राईजेज
फोम एण्ड प्लाई



गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

# दुर्गाष्टमी का व्रत रखकर मां महागौरी का किया पूजन

## मंदिरों से लेकर घरों में विधि विधान से हुए हवन पूजन, कन्या भोज कराया, परिवार की उन्नति का मांगा आशीर्वाद

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार :** नवरात्र की अष्टमी को मां दुर्गा के आठवें स्वरूप माता महागौरी पूजन हुआ। इसके लिए जिले भर के देवी मंदिरों में अलसुबह से लेकर शाम तक भक्तों का हुजूम उमड़ता रहा। आठवें दिन अधिकतर भक्तों ने घर से लेकर मंदिरों में हवन पूजन कर कन्याओं को भोज कराकर घर परिवार के लिए मंगलकामना की। ऐसे में पूरे दिन देवी मंदिरों में माता के जयकारों से लेकर घंटे घड़ियालों की ध्वनि गूंजती रही।

चैत्र नवरात्र के आठवें दिन दुर्गाष्टमी पर माता महागौरी का घर से लेकर मंदिरों में पूजन हुआ। भक्तों ने अंतिम दिन का उपवास रखकर हवन और यज्ञ किया। मां के भक्तों ने मंदिरों से लेकर घरों में कन्याओं को भोज कराया। देवी मंदिरों में अष्टमी का पूजन करने के लिए सुबह से ही भक्तों का पहुंचना शुरू हो गया। विधि विधान से माता के आठवें स्वरूप का पूजन कर घर परिवार के लिए श्रद्धालुओं ने मंगलकामना की। संकटा देवी मंदिर में सुबह से लेकर शाम तक हवन् पूजन से लेकर कन्याओं को भोज कराने का सिलसिला चलता रहा। संकटा देवी मंदिर के पुजारी अंकुर शुक्ला ने बताया कि देवी दुर्गा की आठवीं शक्ति का नाम महागौरी है। नवरात्र के आठवें दिन इनकी ही उपासना होती है। इनका वर्ण गौर है, इसलिए इन्हें महागौरी कहा जाता है। इनके गौरता की उपमा शंख, चंद्र और कुंद के फूल से की गई है।

मान्यतानुसार कठिन तपस्या से ही मां ने गौर वर्ण प्राप्त किया था। तभी से इन्हें उज्जवला स्वरूपा महागौरी, धन ऐश्वर्य प्रदायिनी, चैतन्यमयी त्रैलोक्य पूज्य मंगला, शारीरिक मानसिक और सांसारिक ताप का हरण करने वाली माता महागौरी का नाम दिया गया। इनका पूजन-आराधना भक्तों के लिए कल्याणकारी है। इनकी उपासना से सभी पाप धुल जाते हैं और उपासक पवित्र और अक्षय पुण्यों का अधिकारी हो जाता है। माता महागौरी भक्तों के लिए देवी अन्नपूर्णा का स्वरूप हैं, इसलिए अष्टमी के दिन कन्याओं का पूजन कर भोज कराने का विधान है।



संकटा देवी मंदिर में मां दुर्गा के महागौरी स्वरूप का पूजन करते भक्त। ● अमृत विचार



मंदिर में कन्याओं को भोज कराती श्रद्धालु। ● अमृत विचार



पलिया के पांडे बाबा स्थान पर बने देवी मंदिर में देवी की मूर्ति।

## नवरात्र पर विद्या भारती के स्कूलों में कराया कन्या भोज



**लखीमपुर खीरी।** सनातन धर्म सरस्वती विद्या मंदिर बालिका इंटर कॉलेज में मंगलवार को दुर्गा अष्टमी के साथ श्रीराम नवमी मनाई गई। राष्ट्र सेविका समिति की नगर कार्यवाहिका विनीता त्रिपाठी, इतिहास संकलन समिति के अध्यक्ष राजेश दीक्षित, नगर उत्सव प्रमुख रुपाली शुक्ला एवं प्रधानाचार्य शिप्रा बाजपेई ने अपने जीवन में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के आचरण को धारण कर जीवन को सफल बनाने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद कन्याओं को भोज कराया गया। संचालन संध्या पांडेय ने किया। उधर, डॉ. हेडगेवार सरस्वती शिशु मंदिर में दुर्गाष्टमी के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन कर छात्र छात्राओं को नवरात्र और श्रीराम नवमी के बारे में जानकारी दी। इसके बाद कन्याओं को भोज कराकर उपहार दिए गए।

## आठवें दिन महागौरी स्वरूप की हुई पूजा

**पलिया कलां।** नवरात्र के आठवें दिन महागौरी स्वरूप की नगर व क्षेत्र के देवी मंदिरों में भक्तों ने पूजा- आराधना की। मंदिरों एवं घरों पर नौव्रती भक्तों ने पूजन- हवन भी किया। नगर के पांडे बाबा स्थान पर बने देवी मंदिर के पुजारी गणेश शंकर पांडे ने बताया कि मंगलवार की सुबह मंदिर खुलते ही भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। भक्तों ने देवी प्रतिमा के दर्शन किए। विधिवत पूजा -अर्चना कर प्रसाद चढ़ाया एवं आरती की। मोहल्ला काकूपुरियान चौराहे के निकट स्थित प्रसिद्ध श्रीकुल आश्रम में स्थित देवी मंदिर के संस्थापक आचार्य गोविंद माधव मिश्र ने बताया कि महागौरी की पूजा करने के बाद बुधवार को दुर्गा सप्तशती के सिद्धमंत्रों से हवन करने, गुरुवार को कन्या भोज व ब्राह्मण भोज के बाद भंडारा होगा।

## नवरात्र पर हुई रूप सज्जा प्रतियोगिता, विजेताओं को किया पुरस्कृत



**लखीमपुर खीरी।** नवरात्र एवं रामनवमी पर्व को लेकर मंगलवार को सरस्वती शिशु वाटिका में रुपसज्जा प्रतियोगिता हुई। इसका शुभारंभ मां दुर्गा की आरती कर हुआ। मुख्य अतिथि शिशु मंदिर की पुरातन छात्रा वंदना सिंह एवं विशिष्ट अतिथि स्वाती गुप्ता रुप सज्जा प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य मुनेंद्र दत्त शुक्ल ने छात्रों को श्रीरामनवमी के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रूप सज्जा प्रतियोगिता में 45 छात्राएं माता का स्वरूप और 10 छात्र श्रीराम का स्वरूप रखकर आए। इसमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। जबकि अन्य को सांत्वना पुरस्कार मिला। शिक्षिकाओं और छात्रों की माताओं ने डांडिया किया। संचालिका हीरा सिंह, पूनम सिंह सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## रामनवमी पर किया जाएगा भंडारा

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** नगर की खुटार रोड स्थित श्री राम जानकी मंदिर में रामनवमी पर 17 अप्रैल को दोपहर 12 बजे भोग और आरती के बाद सुभाष किराना स्टोर और गर्ग ऑटो द्वारा भंडारा कर प्रसाद वितरित किया जाएगा। कार्यक्रम आयोजक दौलतराम अग्रवाल, कौशल अग्रवाल, संजय गर्ग, अजय गर्ग, पंकज गर्ग, अतुल अग्रवाल ने लोगों से प्रसाद ग्रहण करने के लिए आमंत्रित किया है।

## भारत विकास परिषद की अध्यक्ष रितुराज और सचिव बने प्रबोध



शपथ लेते भारत विकास परिषद के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** गृह राज्यमंत्री अजय मिश्रा टेनी ने भारत विकास परिषद की जिला इकाई के अध्यक्ष रचि रितुराज, सचिव प्रबोध शुक्ला, संयोजिका शालिनी मिश्र, कोषाध्यक्ष रविंद्र सिंह चौहान, सह सचिव डॉ. निमेष शुक्ल, राजकुमार गुप्ता एवं उपाध्यक्ष, कार्यक्रम प्रभारी दिव्येश मिश्रा, शिवम सिंह बघेल, डॉ. अंजनी मिश्रा, डॉ. सुप्रिया मिश्रा, विपुल सेठ को शपथ दिलाई।

विधायक योगेश वर्मा, पालिकाध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव, अरविंद सिंह संजय, यज्ञ दत्त मिश्रा, चंद्रशेखर मिश्र, मनोज मिश्रा, पुष्पा सिंह, दिव्या सिंह, ब्लॉक प्रमुख पवन गुप्ता, अभिजात मिश्रा, डॉ. पारूल त्रिवेदी, प्रांतीय अधिकारी मानवेंद्र सिंह, राजकुमार त्रिवेदी, शिवाकांत मिश्रा आदि मौजूद रहे। संचालन डॉ. नमिता श्रीवास्तव ने किया।

## सबको धन-धान्य से पूर्ण करते हैं भगवान जगन्नाथ

**बिझौली, अमृत विचारः** चैत्र माह के पहले सोमवार को भगवान जगन्नाथ का नवान्न से पूजन किया। भगवान जगन्नाथ कृष्ण का ही एक रूप है। वह सबको धन धान्य से पूर्ण करते हैं। उनके साथ ही बड़े भाई बलराम और बहन सुभद्रा का पूजन किया गया। टेसू के फूल चढ़ाकर अमिया जौ की बाली और गुड़ का भोग लगाया। इसके लिए घरों में एक दिन पहले से ही तैयारी शुरू कर दी गयी। महिलाओं ने जगन्नाथ जी का चित्र और उनकी बेंत की छड़ी को सहेज कर रख लिया। बाजार में भी पूजन सामग्री उपलब्ध रही। टेसू के फूल अमिया युक्त डाल, जौ की बाली नया गेहूं एकत्र किया। सीमा सिंह, आशा, नीरज श्रीवास्तव, अनुप्रिया, डाली सिंह, रेखा सिंह, रागिनी सिंह, अंजली, सोनिया आदि मौजूद रहीं।

# अनुपस्थित 142 कार्मिकों को कार्रवाई की चेतावनी

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर धर्मसभा इंटर कॉलेज में कार्मिकों का दूसरे दिन का प्रशिक्षण संपन्न हुआ। दूसरे दिन करीब 142 कर्मचारी अनुपस्थित रहे। सीडीओ ने उन्हें अंतिम मौका देते ही कड़ी चेतावनी जारी की है। कहा है कि अनुपस्थित सभी कर्मचारी बुधवार को दूसरी शिफ्ट में प्रशिक्षण लें अन्यथा उन पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

लोकसभा चुनाव में नियुक्त किये गये पीठासीन एवं मतदान अधिकारी प्रथम के लिए डीएस कॉलेज में आयोजित चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन प्रथम पाली में 63 कार्मिक एवं द्वितीय पाली में 79 कार्मिक अनुपस्थित रहे। बताते चलें कि प्रथम दिन अनुपस्थित रहे 10 कार्मिकों ने अपना प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण में प्रभारी अधिकारी मतदान कार्मिक/मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का सघन निरीक्षण किया। सीडीओ ने पीठासीन व मतदान अधिकारी प्रथम से मॉकपोल सर्टिफिकेट, सीयू में पावर पैक रिप्लेसमेन्ट, मतदान पूरा होने के बाद क्लोज बटन को दबाना, ईवीएम व वीवी पैट का रिप्लेसमेण्ट करने की विस्तार से जानकारी दी। कहा कि यदि कोई शंका है तो आप प्रशिक्षण कक्ष छोड़ने से पहले उसको अवश्य दूर कर लें। निरीक्षण के दौरान पीडी (डीआरडीए) एसएन चौरसिया, डीडीओ दिनकर विद्यार्थी, डीसी विपिन चौधरी, राजेंद्र श्रीवास, जिला प्रशिक्षण अधिकारी, प्रधानाचार्य आईटीआई मौजूद रहे।

● **सीडीओ ने दिया अंतिम मौका कहा- बुधवार को दूसरी शिफ्ट में प्रशिक्षण लें**



धर्मसभा इंटर कॉलेज में प्रशिक्षण स्थल पर कार्मिकों को निर्देशित करते सीडीओ अनिल कुमार सिंह।

### एक कर्मचारी की दो ड्यूटी से बनी असमंजस की स्थिति

प्रशिक्षण स्थल पर ड्यूटी कटवाने वालों की भीड़ लग रही है। सबसे बड़ी समस्या उन कार्मिकों के समक्ष है, जिनकी ड्यूटी दो बार लग गई है। नलकूप विभाग के कुछ कर्मचारियों ने सीडीओ को बताया कि उन्हें पहले 14 मार्च का पत्र मिला, जिसमें सेक्टर मजिस्ट्रेट बनाया गया। दूसरा आदेश तीन अप्रैल को मिला, जिसमें उन्हें पीठासीन अधिकारी बना दिया गया। शिकायत की तो 14 अप्रैल को संशोधन पत्र जारी हुआ, जिसमें फिर सेक्टर मजिस्ट्रेट बना दिया गया, लेकिन असमंजस की स्थित खत्म नहीं हुई। इस पर सीडीओ ने कहा कि पत्र दें, उनकी एक ड्यूटी कट जाएगी। वहीं अन्य समस्याओं को लेकर ड्यूटी कटवाने आने वाली कर्मचारियों से दो टूक कहा कि ड्यूटी कटवाने के लिए चक्कर न लगाएं और प्रशिक्षण लेकर ड्यूटी करें।

# नामांकन कल से, कलेक्ट्रेट में हो रहीं तैयारियां

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** जिला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ)/डीएम महेंद्र बहादुर सिंह के निर्देश पर कलक्ट्रेट में मंगलवार से बैरिकेडिंग का काम शुरू हो गया है। उन्होंने नामांकन कक्ष देखे। जिले में चुनाव चौथे चरण में है। इसके लिए 18 से 25 अप्रैल तक नामांकन दाखिल होंगे। 18 अप्रैल को निर्वाचन के लिए अधिसूचना जारी होगी। 26 अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच होगी। नाम वापसी की अंतिम तिथि 29 अप्रैल है। मतदान 13 मई को और मतगणना चार जून को होगी।

डीईओ ने बताया कि लोकसभा चुनाव में मतदाता फोटो पहचान पत्र के अलावा अन्य 12 विकल्पों के माध्यम से भी मतदान कर सकेंगे। मतदाताओं की सुविधा के लिए वोटर पर्ची बीएलओ के माध्यम से मतदान तिथि से पांच दिन पूर्व घर घर वितरित की जाएंगी। इस पर मतदेय स्थल, मतदान तिथि, समय आदि अंकित होगा। यह पर्ची मतदाता पहचान दस्तावेज के रूप में मान्य नहीं होगी। इसके साथ वोटर कार्ड या फिर अन्य वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेज साथ लेकर आना होगा। वहीं वोटर कार्ड पर लगी फोटो का मिलान न होने पर मतदाताओं को वैकल्पिक दस्तावेज में से एक प्रपत्र प्रस्तुत करना होगा, जिससे फोटो मिलती हो।



नामांकन के लिए कलेक्ट्रेट में बैरिकेडिंग करते मजदूर। ● अमृत विचार

● **26 को जांच, नाम वापसी की अंतिम तिथि 29 अप्रैल**

# दस दिन पहले बनी सड़क जगह-जगह उखड़ने लगी

संवाददाता, बिझौली

**अमृत विचारः** मुख्य मार्ग पर डामरीकरण का कार्य का खत्म हुए अभी दस दिन भी नहीं बीते थे कि सड़क उखड़ना शुरू हो गई है। लोगों का आरोप है कि सड़क के निर्माण में मानक की अनदेखी की गई है।

शहाबुदीनपुर तिराहे से जमुनहा, रमुआपुर, बिझौली होते हुए शारदा नहर तक तीन किमी बनी सड़क पर डामरीकरण का कार्य करवाया गया था। काम को खत्म हुए अभी दस दिन ही बीता है और उखड़ना भी शुरू हो गई। रमुआपुर निवासी दुर्गेश कुमार, बिझौली निवासी रामकुमार सिंह, विपिन सिंह का कहना है कि जब सड़क बनाई जा रही थी तभी लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को अवगत कराया गया कि गुणवत्ता पूर्ण मानक अनुसार ही कार्य करें। सड़क बनने के तीसरे दिन से ही उखड़ना शुरू हो गई थी लेकिन कर्मचारियों ने लोगों की एक न सुनी। धीरे-धीरे कई जगह सड़क उखड़ कर गिट्टियां ऊपर आ गई हैं। इससे परेशान लोग इसकी शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी करेंगे।



बिझौली में झाड़ू से सड़क साफ करते श्रमिक।

## डाटा फीडिंग में लापरवाही पड़ी भारी, एएनएम का रुका वेतन

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचारः** टीकाकरण का डाटा यू-विन पोर्टल पर फीड करने में लापरवाही बरतने वाली आठ एएनएम का सीएमओ ने नोटिस जारी कर वेतन रोकने की कार्रवाई की है।

सीएमओ कार्यलय में मंगलवार को नियमित टीकाकरण की समीक्षा हुई। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. प्रमोद कुमार वर्मा ने बताया कि निर्धारित पोर्टल पर डाटा फीड न करने पर बिजुआ ब्लाक की एएनएम किरन देवी, सरोज, नीति वर्मा, एवं मोहम्मदी ब्लाक की एएनएम सपना देवी, नकहा ब्लाक की सीमा शर्मा, सोनी देवी, फरधान सीएचसी की मंजू शुक्ला व संगीता को नोटिस जारी कर वेतन रोकने की कार्रवाई की गई है।

# गोष्ठी कर आंबेडकर के जीवन पर डाला प्रकाश

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार :** भारतीय बौद्ध परिषद ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के जन्मोत्सव पर एक गोष्ठी आयोजित की, जिसमें वक्ताओं ने बाबा साहेब के जीवन पर प्रकाश डाला और उन्हें याद किया।

मुख्य अतिथि उच्च न्यायालय के अनुभाग अधिकारी भरत सिंह व पूर्व एमएलसी सपा शशांक यादव विशिष्ट अतिथि रहे। वक्ताओं ने बाबा साहेब के जीवन पर प्रकाश डाला और उन्हें याद किया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। इस दौरान राजीव कुमार पांडेय, अजय कुमार पांडेय, सुरेंद्र कुमार, बहोरी लाल, रामनरेश, आदि रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. वीआर अंबेडकर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य पैकरमा प्रसाद ने किया। दोपहर दो बजे शहर के प्रमुख मार्गों से होकर शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा में शामिल लोगों ने विलोबी मैदान के सामने अंबेडकर पार्क में बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

## घर से नगदी उठा ले गए चोर

**फरधान।** थाना फरधान क्षेत्र के गांव फरसेहरा बुजुर्ग निवासी प्रमोद सिंह के मकान की दीवार फांद कर चोर घर में घुस गए। कमरे में रखे बक्से का ताला तोड़ने लगे। खटपट की आवाज आने पर परिवार के लोग जाग गए और शोर मचाया। इस पर चोर सोलह सौ रुपए की नगदी लेकर भाग निकले।

# कवन सो काज कठिन जग माही, जो नहिं होय तात तुम पाहीं

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** छोटी काशी में ऐतिहासिक मेला चैती के उद्घाटन के बाद रात के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रंखला में पहले दिन सुंदरकांड पाठ हुआ, जिसमें श्रीरामचरितमानस की चौपाइयों का संगीतमयी पाठ किया गया।

सोमवार शाम जिलाधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी गणेश प्रसाद साहा, पालिका अध्यक्ष विजय कुमार शुक्ल रिंकू, सभासदों उपजिलाधिकारी/अधिशासी अधिकारी रत्नाकर मिश्र की मौजूदगी में फीता काटकर उद्घाटन के बाद अतिथियों ने सांस्कृतिक मंच पर दीप प्रज्वलित कर सुंदरकांड पाठ का शुभारंभ किया।

संगीतमयी सुन्दरकाण्ड पाठ में कवन सो काज कठिन जग माही, जो नहि होय तात तुम पाहीं का गायन करते हुए बृजेश कुमार तिवारी, सरोज मिश्रा, महेश कुमार तिवारी, राजेश कुमार तिवारी, मिथलेश कुमार तिवारी ने रामचरित मानस की चौपाइयां पढ़ीं। आर्गन पर अनिल झा, ढोलक पर रिजवान, पैड पर सफीक ने साथ दिया। संचालन मेला प्रभारी मोहित गिरि ने किया।

भाजपा युवा नेता धर्मेंद्र गिरि मोंटी, सीओ अजेंद्र यादव, सभासद नानकचंद वर्मा, धर्मेंद्र तिवारी, धर्मेंद्र जायसवाल, धर्मेंद्र बाल्मीकि, सुशील कश्यप, आनंद किशोर गिरि भोली, आशीष अवस्थी लालू, आनंद सोनी, हरिओम वर्मा, मोहित कनौजिया, नसरीन, रियाजुद्दीन, दानिश, सूफियान खान, शाहिद, इजरान, राजेश वर्मा, अनिल गुप्ता, हर्ष अवस्थी, सौरभ तिवारी, शोभित सिंह, राजेश अवस्थी, नगर पालिका परिषद के सफाई एवं खाद्य निरीक्षक संदीप कुमार वर्मा, आरआई अब्दुल रहीम अंसारी, लिपिक अमित श्रीवास्तव, शिवम् भारती, अशोक सक्सेना, शत्रोहन मिश्र, सत्यप्रकाश अग्रवाल, सुरजनलाल वर्मा, विनोद स्वर्णकार, रविंद्र कटियार, धीरज बाजपेयी, वीरेंद्र कुमार, संजय अवस्थी, नगर पालिका के कर्मचारी मोहित अवस्थी, रामसिंह, अवधेश कुमार, आशुतोष शुक्ला, प्रेमप्रकाश पाठक, रिषि कुमार, रितेश कुमार, अरविंद कुमार आदि मौजूद रहे।



दीप प्रज्वलित करते डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एसडीएम रत्नाकर मिश्र, एसपी गणेश प्रसाद साहा, नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ल। ● अमृत विचार

● **छोटी काशी के सांस्कृतिक मंच पर पहले दिन हुआ सुंदरकांड पाठ**

### चैती मेला में आज

छोटी काशी के ऐतिहासिक चैती मेला के सांस्कृतिक मंच पर स्कूली बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम रात आठ बजे से।

रामस्वरूप त्रिपाठी सेवा संस्थान द्वारा संचालित
05870357120
9140089004
विद्या कुँवरि स्मारक
सरस्वती विद्या निकेतन इण्टर कालेज
माध्यमिक शिक्षा परिषद-उ०प्र०, प्रयागराज द्वारा विज्ञान, वाणिज्य एवं मानविकी वर्ग में अंग्रेजी/ हिन्दी माध्यम से मान्यता प्राप्त
अर्जुन नगर कॉलोनी, लखीमपुर रोड, गोला गोकर्णनाथ जनपद लखीमपुर (खीरी) उ. प्र.
शिक्षण सत्र 2024-25 हेतु
नर्सरी से सभी कक्षाओं में प्रवेश प्रारम्भ
वर्ष 2023 में उच्च शिक्षा/ सेवा में चयनित



स्मृति अग्रवाल - चार्टेड एकाउन्टेंट
शिवम वर्मा - सतर्कता अधिकारी (NCB)
आयुष वर्मा - जिला सूचना अधिकारी
उदय प्रताप सिंह - गृह मंत्रालय
दीपशिखा - एम०बी०बी०एस०
मयंक शेखर श्रीवास्तव - आबकारी निरीक्षक
जनपद की टॉप टेन मेधावी सूची - 2023 में सर्वाधिक 5 विद्यार्थी इसी विद्यालय से चयनित
मधु त्रिपाठी
प्राचार्या (बालिका विभाग)
महेन्द्र कुमार त्रिपाठी
प्राचार्य (माध्यमिक विभाग)
प्रवेश फार्म विद्यालय कार्यालय में उपलब्ध

## सार-संक्षेप

### परीक्षाफल वितरित कर मेधावी किए सम्मानित



**गोला गोकर्णनाथ।** आदर्श सरस्वती बाल विद्या मंदिर में हुए परीक्षाफल वितरण समारोह में उच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। आरंभ मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद की पूर्व अध्यक्ष मीनाक्षी अग्रवाल ने किया। संचालन प्रधानाचार्य महेंद्र वर्मा ने किया। विशिष्ट अतिथि न्यू चिल्ड्रन वेलफेयर सोसाइटी के प्रांतीय अध्यक्ष आलोक तिवारी, ग्लोबल इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य मनोज वर्मा, समाजसेवी सुनील वर्मा, राजीव गुप्ता, फैयाज अली, आकाश तिवारी, चंदा दीक्षित, अनुष्का मिश्रा, शगुन सोनी, साहिबा परवीन, शिवा बानो, दरक्षा परवीन आदि रहे। विद्यालय के नवीन भवन का शिलान्यास मीनाक्षी अग्रवाल ने किया।

### जयपुरिया स्कूल में धूमधाम से मनाया स्थापना दिवस




**लखीमपुर खीरी।** सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल का छठा स्थापना दिवस मंगलवार को धूमधाम से मनाया गया। इसमें 350 मेधावियों को पुरस्कृत हुए। प्रधानाचार्य विनोद कुमार तिवारी ने बताया कि कार्यक्रम में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला पेश की। छात्र मेधांश ने एकल गान और छात्रा हर्षिता चौहान ने एकल नृत्य प्रस्तुत किया। प्रबंधक आशीष गुप्ता ने कहा हमारा प्रयास रहेगा कि शिक्षा जगत में कुछ अलग और अच्छा करने का। प्रियंका गुप्ता ने कहा बच्चों को पुरस्कृत करने से लेकर प्रेरित करना एक विशिष्ट अनुभव है। गौतम पांडेय, सरफराज अहमद सहित छात्र छात्राएं और अभिभावक मौजूद रहे।

### कर अधिवक्ता संघ के राजेंद्र अध्यक्ष, अतुल मिश्रा महामंत्री बने



**लखीमपुर खीरी।** वाणिज्य कर कार्यालय शाहपुरा कोठी पर लखीमपुर खीरी कर अधिवक्ता संघ की कार्यकारिणी का मंगलवार को चुनाव हुआ, जिसमें सर्वसम्मति से वर्ष 2024-25 के लिए अधिवक्ता राजेंद्र यादव को अध्यक्ष और अतुल कुमार मिश्र को को महामंत्री चुना गया। अधिवक्ता साथियों ने नवगठित कार्यकारिणी को बधाई दी। चुनाव अधिकारी अधिवक्ता विजय कुमार पांडेय की देखरेख में चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुई। सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद पर राजेंद्र यादव और महामंत्री पद पर अतुल कुमार मिश्रा का चुनाव किया। इसके अलावा प्रमोद वर्मा उपाध्यक्ष, संदीप मिश्रा कोषाध्यक्ष और सुरेंद्र सक्सेना को उपमंत्री चुना गया।

### कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, साथी घायल

**गोला गोकर्णनाथ।** नगर से सटे ग्राम लाल्हापुर निवासी गंगाराम ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि सोमवार की देर रात उनका पुत्र राजेंद्र (30), गांव निवासी रामनिवास (35) भगौनापुर से बाइक सेघर आ रहे थे। लखीमपुर रोड हाईवे पर कुनौठिया के पास पीछे से आ रही कार ने बाइक में टक्कर मार दी, जिसमें राजेंद्र और रामनिवास सड़क पर गिरकर गंभीर घायल हो गए थे। गोला सीएचसी से प्राथमिक उपचार के बाद हालत में सुधार न होने पर दोनों को जिला अस्पताल ले जाया जा रहा था, रास्ते में ही रामनिवास की मौत हो गई। राजेंद्र का जिला अस्पताल में इलाज हो रहा है। घायल युवक के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

### पांच दिन प्रभावित रहेगा आवागमन, हर रूट पर बढ़ेगी परेशानी, लोग सोच-विचार कर करें यात्रा

# मतदान के लिए अधिग्रहीत किए जाएंगे ढाई हजार से अधिक वाहन

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी**

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव के दौरान जिले के हर रूट पर लोगों को परेशानी उठानी पड़ेगी। एआरटीओ प्रशासन आलोक कुमार का कहना है कि ढाई हजार से अधिक वाहनों को अधिग्रहीत किया जाएगा। जिले में 13 मई को मतदान है, जिसके लिए चार दिन पहले 10 मई से ही वाहनों को अधिग्रहीत कर लिया जाएगा ताकि चुनाव में भेजे जाने वाले वाहनों का रूट चार्ट तैयार किया जा सके।

जिले में खीरी और धौरहरा लोकसभा सीट के लिए 13 मई को मतदान है। मतदान के लिए ढाई हजार से अधिक छोटे-बड़े वाहन लगाए जाने हैं। परिवहन विभाग ने एक महीना पहले ही वाहनों के अधिग्रहण के लिए नोटिस जारी कर दिया था। अधिग्रहीत किए जाने वाले वाहनों में मैजिक, पिकअप, बसें, डीसीओ और भारी वाहन सहित करीब 2370 वाहन शामिल हैं। इसके अतिरिक्त कुछ रिजर्व वाहन भी रहेंगे। सभी वाहन मालिकों को 10 मई दोपहर दो बजे के बाद निर्धारित स्थान पर वाहन भेज दिया जाए। जो भी वाहन नहीं भेजेगा, वाहन मालिक के खिलाफ के कार्रवाई की जाएगी। अधिग्रहीत किए जाने वाले वाहन पोलिंग पार्टियों और पुलिस फोर्स, सेक्टर, जोनल मजिस्ट्रेट आदि के लिए लगाए गए हैं।

**ये वाहन अधिग्रहीत होंगे**

| | |
|---|---|
| बसें | 830 |
| भारी वाहन | 350 |
| हल्के वाहन | 880 |
| डीसीएम | 160 |
| पिकअप | 150 |
| कुल वाहन | 2370 |

- **जिले में 13 मई को किया जाना है मतदान**

#### ट्रांसपोर्ट यूनियन ने फिर भेजा चुनाव आयोग को पत्र

**लखीमपुर खीरी।** डिस्ट्रिक्ट बस ऑपरेटर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष मनमीत सिंह राना ने कहा है कि चुनाव ड्यूटी के बाद बसों का भुगतान नहीं किया जाता, जिससे करोड़ों का बकाया है। इससे बस मालिकों को काफी घाटा हो चुका है, इसलिए इस बार बस ऑपरेटर्स लोकसभा चुनाव की ड्यूटी में बसें नहीं भेज पाएंगे। उन्होंने इस आशय का पत्र मंगलवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी को भेजकर अवगत कराया है। कहा है कि विगत वर्षों में चुनाव ड्यूटी में लगी बसों का बकाया काफी प्रयास के बाद भी नहीं मिल सका है। इस पर उन्होंने केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी, पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद को भी ज्ञापन देकर कराया बकाया भुगतान की समस्या से अवगत कराया था। जिले से लेकर प्रदेश के अफसरों तक से बकाया दिलाने की मांग की। साथ ही मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी शिकायत की, लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई है। इससे अब अंतिम निर्णय लिया गया है कि इस बार चुनाव ड्यूटी में कोई भी अपनी बस नहीं भेजेगा।

#### फूलबेहड़ और गूम का रूट किया निर्धारित

लखीमपुर-तिकुनिया बस ऑपरेटर्स यूनियन के अध्यक्ष ने फूलबेहड़ और गूम तक बसों के न जाने की शिकायत को गंभीरता से लिया है। उन्होंने बसों को रूट और समय का निर्धारण करते हुए फूलबेहड़ और गूम तक बसों को संचालन अनिवार्य किया है। यदि यह बसें यहां नहीं जाएंगी तो उन्होंने तिकुनियां जाने का नंबर नहीं दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि लखीमपुर से गूम और फूलबेहड के लिए हर दिन सुबह आठ बजे, दोपहर 12 बजे और शाम चार बजे बस रवाना होगी। लखीमपुर से फूलबेहड़ का किराया बीस रुपये, जबकि गूम का तीस रुपये निर्धारित किया है।

> जिले में दो लोकसभा क्षेत्रों में मतदान कराने के लिए 10 मई की दोपहर बाद से करीब ढाई हजार से अधिक वाहनों को अधिग्रहीत करने का नोटिस भेजा गया है। इसमें सभी रूटों के वाहनों को शामिल किया गया है। इस बार वाहनों के किराए में 40 फीसदी की वृद्धि की गई है। जो भी वाहन स्वामी इस नोटिस का पालन नहीं करेगा, उसके यहां पुलिस भेजकर वाहन को अधिग्रहीत कराया जाएगा। साथ ही वाहन स्वामी के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी।
>
> **-आलोक कुमार**, एआरटीओ।

## बच्चों को विरासत में मिलती है हीमोफीलिया की बीमारी

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी**

**अमृत विचार :** हीमोफीलिया एक ऐसा रोग है, जिसमें खून का थक्का ही नहीं जमता है। ऐसे में चोट आदि के लगने पर निरंतर रक्तस्राव होता रहता है। इससे मरीज की जान पर बन आती है। यह रोग रक्त में थ्रांबोप्लास्टिन नामक तत्व की कमी से होती है। बच्चों को यह रोग माता पिता से विरासत में मिलता है। जिले में कुछ बच्चे इस बीमारी से जूझ रहे हैं। उनके माता पिता इलाज के लिए लखनऊ की दौड़ लगा रहे हैं, क्योंकि जिले में न तो इस बीमारी की जांच की सुविधा है और न ही इलाज की।

जिला अस्पताल के फिजिशियन डॉ. शिखर बाजपेई बताते हैं कि यह बीमारी बच्चों को माता पिता से मिलती है। इसका इलाज मेडिकल कॉलेज में निशुल्क है। वहां पर मरीज को इंजेक्शन, दवाओं से लेकर खून तक निशुल्क मिलता है।

#### दो तरह की होती है यह बीमारी

बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अंजनी कुमार मिश्रा बताते हैं कि हीमोफिलिया रोग दो प्रकार का होता है, जिसमें एक है हीमोफीलिया ए और दूसरा हीमोफिलिया बी। इस बीमारी के बारे में तब तक लोगों को पता नहीं चलता है जब तक उन्हें चोट आदि लगने पर रक्त नहीं रुकता है। हीमोफीलिया ए के मरीज पांच से 10 हजार में एक तो बी के मरीज 15 से 20 हजार में एक होता है।

**लक्षण**

1. शरीर में नीले निशान बनना।
2. नाक से खून आना।

> जिला अस्पताल में हीमोफीलिया की स्पेशल जांच की सुविधा नहीं हैं। इसके लिए मरीज को मेडिकल कॉलेज भेजा जाता है। जहां जांच व इलाज की बेहतर सुविधा है।
>
> **- डॉ. आरके कोली**, सीएमएस जिला अस्पताल

# बिजनौर और बुलंदशहर फोर्स रवाना

### ब्रीफिंग में एसपी ने ड्यूटी के दिए टिप्स, चुनाव आयोग के निर्देशों की दी जानकारी



पुलिसकर्मियों को टिप्स देते एसपी गणेश प्रसाद साहा व एएसपी नैपाल सिंह।



पुलिस लाइन मैदान में ब्रीफिंग में मौजूद बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी**

- **पानी की बॉटल, फल वितरित कराए, हरी झंडी दिखाकर बसों को किया रवाना**

**अमृत विचार :** लोकसभा के पहले चरण का मतदान सकुशल संपन्न कराने के लिए मंगलवार को पुलिस फोर्स बिजनौर और बुलंदशहर रवाना हो गया। एसपी गणेश प्रसाद साहा ने ड्यूटी में लगाए गए कर्मचारियों के साथ बैठक की। उन्हें ड्यूटी के टिप्स दिए। साथ ही चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों को बताया। लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया चल रही है। पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल और दूसरे चरण का मतदान 26 अप्रैल को होगा। मतदान शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए लखीमपुर खीरी जिले से भी भारी पुलिस बल लगाया गया है।

प्रथम चरण में बिजनौर के लिए 31 निरीक्षक, उपनिरीक्षक और 398 मुख्य आरक्षी आरक्षियों की ड्यूटी लगाई गई हैं, जबकि दूसरे चरण के बुलंदशहर में होने वाले मतदान में 21 इंस्पेक्टर, दरोगा और 444 मुख्य आरक्षी व आरक्षी मतदान सकुशल संपन्न कराएंगे। मंगलवार को एसपी गणेश प्रसाद साहा ने प्रथम व द्वितीय चरण में क्रमशः बिजनौर व बुलंदशहर में होने वाले मतदान संपन्न कराने में लगाए गए पुलिस बल को ब्रीफ किया। उन्हें ड्यूटी की बारीकियां बताई और जरूरी टिप्स दिए। साथ ही भारत निर्वाचन आयोग की गाइड लाइन और दिशा-निर्देशों की जानकारी दी।



पुलिस लाइन में मतदान ड्यूटी के लिए बस में बैठे पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

एसपी ने कहा कि सभी पुलिसकर्मी अनुशासन में रहकर अपनी ड्यूटी पूरी निष्ठा और लगन के साथ करें। किसी के प्रलोभन आदि में न आएं, जिससे निष्पक्ष व निर्विघ्न मतदान संपन्न हो सके। वर्तमान समय में अत्यधिक गर्मी पड़ रही है। इसलिए अधिक से अधिक तरल व पौष्टिक आहार लें। ब्रीफिंग के दौरान ड्यूटी हेतु रवाना होने वाले सभी पुलिस कर्मियों को फल व पानी की बॉटल वितरित की गई। इसके बाद उन्होंने हरी झंडी दिखाकर पुलिसकर्मियों को लाने व ले जाने वाली बसों को हरी झंडी दिखाकर पुलिस लाइन से रवाना किया। एसपी ने बताया कि दोनों चरणों में लगाए गए पुलिस बल का प्रभारी राजपत्रित अधिकारी गोला सीओ अजेंद्र यादव को बनाया गया है। ब्रीफिंग के दौरान एएसपी (पश्चिमी) नैपाल सिंह, सीओ सिटी रमेश चंद्र तिवारी आदि मौजूद रहे।

## तीन घंटे में बच्ची को बरामद कर परिजनों को सौंपा

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचारः** एसपी गणेश प्रसाद साहा ने बताया कि सीतापुर जिले के थाना हरगांव के गांव महसी निवासी सूरज अपने परिवार के साथ ग्राम महोला में अपने रिश्तेदार सुरेन्द्र कुमार निवासी महोला के घर आई थी। बच्ची अपने माता पिता के साथ गांव में मेला देखने गई थी। मेले में काफी भीड़ होने के कारण उनकी तीन वर्षीय बच्ची बिट्टू उनसे बिछड़ गई। जिसकी सूचना परिजनों ने थाना खीरी पुलिस को दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची चाइल्ड हेल्प लाइन टीम ने पुलिस के साथ बच्ची की तलाश की। काफी प्रयासों के बाद पुलिस ने तीन घंटे में उसे मेले में ही सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

## घर में घुसकर युवती से छेड़छाड़, मां को धमकी

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी**

- **चार लोगों के खिलाफ मझगई थाने में केस दर्ज**

**अमृत विचारः** थाना मझगई क्षेत्र के एक गांव में घर में घुसे चार लोगों ने युवती को दबोच लिया। उससे अश्लील हरकत करने लगे। युवती की मां ने विरोध किया तो उसे भी धमकाया। शोर शराबा होने पर जब आसपास के लोग आए तो आरोपी जान से मार देने की धमकी देकर मौके से भाग निकले। पुलिस ने युवती की मां की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

थाना मझगई क्षेत्र की एक महिला ने बताया कि वह अपनी बेटी के साथ घर थी। घर के अन्य सदस्य काम करने गए थे। शाम करीब 06:30 बजे गांव के चन्द्रशेखर उर्फ सुधाकर, शुभम, रविकांत और ओमप्रकाश घर में घुस आये। गाली गलौज करते हुए पुत्री को दबोच लिया। आरोप है कि चंदशेखर व शुभम उसकी पुत्री के साथ अश्लील हरकतें करने लगे। उन्होंने जब विरोध किया तो ओमप्रकाश व रविकांत ने उसे घर के बाहर रोक लिया और हाथापाई करने की कोशिश करने लगे। शोर मचाने पर जब आसपास के लोग आ गए तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। घटना के बाद पीड़ित महिला अपनी बेटी को लेकर थाने पहुंची और पुलिस को तहरीर दी, जिस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### विद्यार्थियों ने निकाली मतदाता जागरुकता रैली

**संसारपुर।** कस्बा संसारपुर में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत सोबरन इंटर कॉलेज के विद्यार्थियां ने कस्बे में मतदाता जागरूकता रैली निकालकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया। ब्रांड एंबेसडर रामपाल निषाद, चौकी प्रभारी मोहित पुंडीर ने मतदाता जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली कस्बे की मुख्य मार्ग नेशनल हाईवे से होकर निकली। रैली में हेड कांस्टेबल बृजेश कुमार यादव, अनुज गुज्जर, प्रधानाचार्य गिरजा शंकर वर्मा, भुवनेश प्रताप वर्मा, वेदप्रकाश पटेल, यज्ञदत्त त्रिवेदी, संगीत कुमार त्रिवेदी, रणवीर सिंह, मोहित मिश्रा, नितिन कुमार शर्मा, संदीप कुमार मौर्य, गीता वर्मा, अर्चना वर्मा, विनीता वर्मा, प्रतिभा वाजपेई, देव प्रकाश वर्मा, अंकित यादव आदि शामिल रहे।

### शांति भंग की आशंका में 2200 के विरुद्ध कार्रवाई

**पसगवां।** पसगवां पुलिस ने लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्वक और निष्पक्ष कराने के लिए शांति भंग की आशंका में 2200 से अधिक व्यक्तियों को निरुद्ध किया है। थानाध्यक्ष दीपक राठौर ने बताया कि गैंगस्टर एक्ट में एक, गुण्डा एक्ट में छह, एनडीपीएस में दो, जुआ में सात और अवैध शस्त्र में छह मामले दर्ज दर्ज किए गए हैं। 150 लाइसेंसी शस्त्र जमा कराए जा चुके हैं।

### कुंभी चीनी मिल के पेराई सत्र का समापन

**बग्घून।** बलरामपुर ग्रुप की कुंभी चीनी मिल के पेराई सत्र 2023-24 सोमवार सुबह तीन बजे के बाद सायरन बजाकर विधि-विधान के साथ समापन किया गया। चीनी मिल ने 157 दिनों में एक करोड़ 56 लाख 15 हजार क्विंटल गन्ना पेरा है। चीनी मिल के इकाई प्रमुख सुनील कुमार यादव ने बताया कि चीनी मिल हमेशा की तरह गन्ना मूल्य भुगतान में इस वर्ष भी अग्रणी रही है। उन्होंने किसानों से गन्ने की बुवाई, पेड़ी प्रबंधन के साथ आगामी पेराई सत्र के लिए अधिकाधिक बुवाई करने की अपील की। उन्होंने चीनी मिल के सभी कर्मचारियों, अधिकारियों तथा किसानो के सहयोग के लिये धन्यवाद दिया। गन्ना महाप्रबंधक संदीप कुमार सिंह, एचआर सर्वेश कुमार मिश्रा, प्रशांत चौधरी, हरीश सुयाल, पंकज शाही, पुष्पेन्द्र सिंह, जगपाल सिंह, लोकेश राणा सहित चीनी मिल के तमाम अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

VARUN ARJUN MEDICAL COLLEGE & ROHILKHAND HOSPITAL
VAMCRH
SHAHJAHANPUR
Excellence towards profession

**वरुण अर्जुन मेडिकल कालेज एवं रोहिलखंड हास्पिटल**

एन.-एच. 24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर फोन : 05842-276501, 7521001988, 7521001989




**मेडिसिन विभाग :-** सामान्य रोग के समस्त गंभीर रोगियों का इलाज व भर्ती सुविधा विशेषज्ञ डाक्टरों की देख-रेख में की जाती है। टी.एम.टी. (TMT), ईको (ECHO), होल्टर (HOLTER), की जाँच, एम.आई.सी.यू. (MICU) की सुविधा 24 घंटे विशेषज्ञ द्वारा उचित दरों में उपलब्ध है।

**सर्जरी विभाग :-** पित्त की पथरी, हर्निया, हाइड्रोसिल, बवासीर, भगन्दर, आँत का फटना, अपेन्डिक्स आदि रोगों का समुचित उपचार व ऑपरेशन की सुविधा। पेशाब में रूकावट, खून आना, दूधिया पेशाब आना, गुर्दे एवं पेशाब संबंधित रोगों का परामर्श इलाज एवं दूरबीन विधि द्वारा ऑपरेशन की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। आंतो के ऊपरी भाग व निचला भाग,बड़ी आंत व गुदा की जाँच दूरबीन द्वारा व ICU की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।

**स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग :-** बच्चे दानी में गांठ, बच्चेदानी का बाहर आना, माहवारी की समस्या, बार-बार गर्भपात होना तथा महिलाओं में बांझपन के इलाज की सुविधा, पेप स्मेयर की जाँच, कैंसर की जाँच, दूरबीन विधि द्वारा आपरेशन व सीजेरियन एवं नार्मल डिलीवरी की सुविधा एवं आई.सी.यू. (ICU) की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।

**बाल रोग विभाग :-** बच्चों की अत्याधुनिक नर्सरी (NICU) एवं PICU की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध। नियोनेटल वेंटीलेटर की सुविधा, फोटो थैरेपी, एक्सचेंज, ट्रान्सफ्युजन, सरफेक्टेंट थैरेपी, सी-पैप (CPAP) की सुविधा उपलब्ध हैं। बच्चों में खून की कमी, मिर्गी पीलिया, वजन कम होना, खांसी, लकवा, डायरिया, निमोनिया आदि रोगों का परामर्श व इलाज की सुविधा। बच्चों के लिए निःशुल्क टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध है, बच्चों के ऑपरेशन की सुविधा।

**कैंसर विभाग :-** स्तन कैंसर का ऑपरेशन Breast Conservation एवं Sentinel Node तकनीक के द्वारा। मुंह का कैंसर, जीभ का कैंसर, थायरॉइड कैंसर, गले का कैंसर, पेट का कैंसर, आंतों का कैंसर, लिंग का कैंसर, किडनी का कैंसर, फेफड़े का कैंसर, पित्ताशय का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर, पैनक्रियाज का कैंसर, चमड़ी का कैंसर, हड्डी का कैंसर का इलाज की सुविधा।

**नेत्र रोग विभाग :-** काला मोतिया की जाँच व इलाज, कार्निया की बीमारी का इलाज, आँख के पर्दे की जाँच व इलाज, मोतियाबिन्द के ऑपरेशन MSICS तथा फेको विधि द्वारा, भैगापन, नासूर, नाखूना आदि का इलाज व ऑपरेशन की सुविधा, कम्प्यूटर (Auto Refraction) द्वारा चश्में के नम्बर व प्रमाणीकरण व जाँच की सुविधा सस्ते दरो पर उपलब्ध है। आप्थेल्मोस्कोप द्वारा आँख के पर्दे की जाँच, जर्मन माईक्रोस्कोप द्वारा आँख के आपरेशन की सुविधा। आँख में किसी भी प्रकार की चोट का इलाज और बच्चों की आँखो की बीमारियों का सभी प्रकार का इलाज। मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाना मुफ्त।

**हड्डी रोग विभाग :-** स्पाइन सर्जरी, ट्रामा सर्जरी, घुटने के जोड़ का प्रत्यारोपण, पोलियों का ऑपरेशन, बच्चों के पैरों के टेढ़ापन का ऑपरेशन, आर्थोस्कोपी, गठिया, जोड़ों का दर्द, कमर दर्द, गर्दन दर्द आदि रोगों का इलाज सस्ते दामों पर, फिजियोथैरेपी की सुविधा।

**मानसिक रोग विभाग :-** उत्तर प्रदेश में पहली बार Portable TDCS (Transcranial direct current stimulation) थैरेपी की सुविधा। ई.ई.जी (E.E.G.), ई.एम.जी. (E.M.G.) एवं ई.सी.टी. (ECT) की सुविधा साइकोथैरेपी की सुविधा, साइकोलोजिकल टेस्टिंग, IQ टेस्ट, की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। याददाश्त कम होना, भूख न लगना, नींद न आना, डर लगना, बेचैनी, घबराहट, मानसिक दौरे पड़ना, सिर में दर्द एवं तनाव आदि का समुचित उपचार।

**चर्म रोग विभाग :-** सफेद दाग, सोराइसिस का इलाज फोटोथैरेपी (PUVA Chamber) के द्वारा व अधिक पसीना आने का इलाज, Megasurg-gold द्वारा मस्से व तिल का इलाज एवं Microdermabrasion के द्वारा झुर्रियों एवं त्वचा के गड्ढों का इलाज, दाद खाज खुजली, मुहाँसे, कुष्ठ रोग, स्किन एलर्जी, हाथ पैर फटना, बालों का झड़ना, रूसी व डैंड्रफ आदि के इलाज की सुविधा विशेषज्ञ डॉक्टरों के द्वारा सस्ते दरों पर उपलब्ध।

**नाक कान एवं गला रोग विभाग :-** कान के पर्दे में छेद होना, कम सुनाई देना, नाक की हड्डी बढ़ना, नाखूना, घेंघा, नाक की हड्डी का टेढ़ा होना, टांसिल बढ़ना आदि रोगों का उपचार व आपरेशन सुविधा दूरबीन द्वारा गले के अन्दर की जाँच, इंपीडेंस आडियोमेट्री, प्योरटोन आडियोमेट्री, सुनने की जाँच व मशीन लगाने की सुविधा उपलब्ध है।

**छाती व श्वास रोग :-** छाती व सांस फूलना, खांसी आना, बुखार बना रहना, सीने में दर्द, बलगम आना, बलगम में खून आना, फेंफड़ों में पानी आना आदि रोगों का इलाज तथा पी.एफ.टी. (PFT), बाई-पैप (BIPAP), सी-पैप (CPAP), सी.बी-नैट (CBNAAT) की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।

**डायलिसिस विभाग :-** डायलिसिस की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।

**ब्लड बैंक: -** ब्लड बैंक की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध है।

**डेंटल विभाग :-** समस्त प्रकार के दांतों के रोगों का इलाज।

**न्यूरो सर्जरी विभाग -** सर व दिमाग की चोट, ब्रेन हैमरेज, ब्रेन ट्यूमर , स्ट्रोक, लकवा, माइग्रेन, दिमागी टी.बी., मिर्गी के दौरे, रीढ़ की हड्डी में दर्द अथवा टी.बी., स्लिप डिस्क, सियाटिका,दिमाग में पानी या खून का थक्का जमना, कमर व गर्दन में दर्द, चलने में लड़खड़ाहट कमर की नस दबना, इत्यादि रोगों का समुचित परामर्श एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध व इमरजेंसी न्यूरोसर्जरी (सर/दिमाग की चोटें) आई सी यू की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध।

**प्लास्टिक सर्जरी विभाग -** जन्मजात कटे-फटे होठ, तालू, मुँह व पैदाइशी निशान, जबड़े की हड्डियों के फ्रैक्चर व चेहरे की फटी चमड़ी, जन्मजात विकृत जननांग व विकृत सिर, जन्मजात कान, नाक का टेढ़ापन या विकृत, हाथों व पैरों की चिपकी उंगुलियां, जलने या दुर्घटना में कटे फटे निशान, चेहरे के दाग धब्बों आदि की कास्मेटिक सर्जरी आदि।

**स्किन विभाग -** लेजर द्वारा अनचाहे बालों को हटाना।

**उपलब्ध सुविधायें:-**

★ अत्याधुनिक 1.5 Tesla MRI मशीन द्वारा MRI Brain, MRI Knee Joint, MRI Spine आदि ★ 32 Slice-CT स्कैन मशीन द्वारा CT Head, सी.टी. स्कैन स्पाइन एवं सीटी चैस्ट। आदि ★ डायलेसिस की सुविधा ★ डिजीटल एक्सरे ★ Mammography ★ कान की जाँच (Audiometry), बैरा (BERA), इंपीडेंस (Impedance) ★ हृदय की जाँच, ECHO,TMT ★ पल्मोनरी फंक्शन टेस्ट (PFT) ★ अल्ट्रासाउण्ड★ आँख की जाँच पेरीमेट्री, टोनोमेट्री/रिफरेक्शन । ★ दुरबिन विधी द्वारा सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध

**परिवार स्वाथ्य कार्ड की सुविधा 200/- रु में एक साल के लिए उपलब्ध**

**मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाने के साथ मुफ्त।**

श्रुतं प्रज्ञानुगं यस्य प्रज्ञा चैव श्रुतानुगा।
असम्भिन्नार्यमर्याद : पण्डिताख्यां लभेत स : ॥

जो व्यक्ति गंथों-शास्त्रों से विद्या ग्रहण कर उसी के अनुरूप अपनी बुद्धि को ढलता है और अपनी बुद्धि का प्रयोग उसी प्राप्त विद्या के अनुरूप ही करता है तथा जो सज्जन पुरुषों की मर्यादा का कभी उल्लंघन नहीं करता, वही ज्ञानी है।

## संपादकीय

# नक्सलवाद बड़ी चुनौती

छत्तीसगढ़ में नक्सली समस्या से निपटना बड़ी चुनौती बना हुआ है। वास्तव में नक्सली समस्या छत्तीसगढ़ जैसे एक राज्य की नहीं पूरे राष्ट्र की समस्या है। मंगलवार को छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित कांकेर जिले में मुठभेड़ में 18 नक्सली मारे गए। सुरक्षा बलों ने भारी मात्रा में हथियार बरामद किए हैं। मुठभेड़ में नक्सल कमांडर शंकर राव भी मारा गया है। उस पर 25 लाख का ईनाम था। पुलिस ने बताया कि छोटेबेठिया क्षेत्र में सीमा सुरक्षा बल और जिला रिजर्व गार्ड के एक संयुक्त दल को नक्सल विरोधी अभियान पर रवाना किया गया था। सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ ऐसे समय हुई है, जब तीन दिन के बाद वहा पहले चरण का मतदान होने वाला है। निश्चित रुप से सुरक्षाबलों के लिए यह बड़ी कामयाबी है। भारत के 12 राज्यों के 220 जिलों में नक्सली फैल चुके है। संपूर्ण भौगोलिक क्षेत्र का 40 प्रतिशत क्षेत्र नक्सली ग्रसित है अर्थात 92 हजार वर्ग किलोमीटर। वहीं छत्तीसगढ़ नक्सली समस्या के शिकंजे में कसता जा रहा है। छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद की शुरूआत समीपवर्ती राज्य आंध्रप्रदेश की सीमा से लगे बस्तर से हुई है। छत्तीसगढ़ के संदर्भ में ऐतिहासिक अवधारणा यह है कि नक्सली समस्या उन क्षेत्रों में पनप रही है जहां आर्थिक असमानता, सामाजिक भेदभाव और राजनीतिक पिछड़ापन है।

यह बात सत्य है कि छत्तीसगढ़ में नक्सल प्रभावित सभी जिले इसी श्रेणी में है। साथ ही नक्सली समस्या पनपने में कहीं न कहीं दोष प्रशासनिक असमानताओं का भी है। यह दोष एवं असमानताएं राजनैतिक प्राशासनिक सामाजिक कुछ भी हो सकता है। देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए सबसे बड़ा खतरा बन चुके नक्सलवाद से निपटने की रणनीति को अमल में लाते-लाते देश और प्रदेश की सरकारें सही पर सफल क्रियान्वयन चाहती हैं। मगर किस तरह से नक्सली समस्या को समाप्त किया जा सकेगा इसका दावा करना मुश्किल है। सवाल उठ हैं कि आखिर छत्तीसगढ़ में नक्सल ऑपरेशन की क्या स्थिति है। सरकार कह रही है कि नक्सली बैकफुट पर हैं। आखिर इसमें कितनी सच्चाई है। इसके अलावा नक्सलियों के खिलाफ बनाई गई रणनीति कारगर है या फिर इसमें बदलाव की जरूरत है। देश की सभी प्रांतों की सरकार संयुक्त प्रयास से नक्सलियों को जड़ से समाप्त करने में अपनी शक्ति लगाएं। शिक्षा का, प्रसार स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार, सड़कों का निर्माण जैसी बुनियादी आवश्यकताओं की पूर्ति करना आवश्यक है। इन सब गतिविधियों के संचालन में प्रत्येक प्रांत के सरकार अपनी राजनैतिक प्रतिद्वंद्विता भुलाकर सार्थक प्रयास करें।

# आज के संदर्भ में सबके राम का संदेश


डॉ. चन्द्रविजय चतुर्वेदी
प्रयागराज

संत रविदास जन्मजात ब्रह्मज्ञानी थे परन्तु अपने गुरु रामानंद की यात्राओं में साथ रहने पर सत्संग करते रहने पर वे शास्त्र ज्ञान से भी परिपूर्ण हो गए थे। झाली रानी रतन कुअंरि तथा मीराबाई संत रविदास के शिष्यों में प्रमुख थे। संत रविदास की रामभक्ति से वर्णाश्रम व्यवस्था की नीव हिल गई थी।

वाल्मीकि ने राम का जो आख्यान वाल्मीकि रामायण में प्रस्तुत किया वह भारत की हर भाषा में काव्य का रोचक कथावस्तु बनता गया। इक्ष्वाकुवंश में उत्पन्न हुए एक ऐसे पुरुष हैं, जो लोगों में रामनाम से विख्यात हैं, वे ही मन को वश में रखने वाले महाबलवान, कांतिवान, धैर्यवान और जितेन्द्रिय हैं। ऐसे राम की कथा महाभारत के वनपर्व, द्रोणपर्व, शांतिपर्व में है। बौद्ध साहित्य में भी तीन जातकों-दशरथ जातक, अनामक जातक तथा सम्बुला जातक में भी रामकथा का उल्लेख है। जैन साहित्य में विमलसूरि कृत पउमचरियम-प्राकृत, आचार्य रविषेण कृत पदमपुराण-संस्कृत, पउम चरिउ -अपभ्रंश में रामकथा वर्णित है जिसमे राम का मूल नाम-पद्म है। संस्कृत साहित्य मे कालिदास, भास, भवभूति, राजशेखर आदि ने अपने महाकव्यों में राम को नायक बनाया। पुराणों में विष्णु पुराण, हरिवंश पुराण, भागवत पुराण, ब्रह्मपुराण ब्रह्मवैवर्त पुराण, अग्निपुराण, तथा पद्मपुराण में विस्तार से रामकथा का चित्रण है।

हिंदी में तुलसी के रामचरित मानस लिखे जाने के पूर्व ही तमिल में कम्ब रामायण, तेलगु में रंगनाथ रामायण, मलयालम में रामचरित्र कन्नड़ में तोरवे रामायण, असामी में असमिया रामायण, बंगला में कृत्तिवास रामायण, उड़िया में सारलादास तथा बलरामदास के दो रामायण की रचना हो चुकी थी। मराठी और गुजराती में अनेक रामकथाओं के काव्यों का प्रणयन हुआ। आदिम प्रजातियों तथा विभिन्न प्रांतों के लोकगीतों में रामकथा जन जन में गूंजती रही है।

विदेशों में तिब्बती रामायण, पूर्वी तुर्किस्तान की खोतानी रामायण, इंडोनेशिया की ककबिन रामायण के साथ साथ जावा, सूरीनाम, मम्यार और थाईलैंड के रामायण में अपनी-अपनी तरह से रामकथा का वर्णन है।

गीता के रामः शस्त्रभृतामहम-अर्थात शस्त्र धारण कर्ताओं में मैं राम हूं तथा वाल्मीकि रामायण के आदर्श मानव राम जो सदाचरण और पुण्य के प्रतीक हैं, जो रावण जैसे दुष्ट और पाप के प्रतीक का विनाश करते हैं। राम जो उद्धारक हैं शनैः शनैः अलौकिकता की ओर बढ़ते हैं।

कबीर को केवल राम से आशा है -कबीर आसा करिये राम की अबरै आस निराश। कबीर अपने सिद्धांतों के मान्यताओं के प्रबल अनुयायी थे। मरण के पूर्व मगहर यह कह कर गए-जो काशी तन तजै कबीरा, रामहि कौन निहोरा। कबीर के राम दशरथ नंदन अयोध्यापति न होकर परमब्रह्म परमेश्वर थे जिन्हें कबीर विश्वधर्म, मानवधर्म के प्रवर्तक के रूप में देखते हैं।

शतपथ ब्राह्मण से अवतारवाद की अवधारणा उद्धृत होती है। पौराणिक युग में विष्णु का महत्व बढ़ने लगा। त्रिदेवों में विष्णु सृष्टि के पालनकर्ता हैं, ब्रह्मा और शिव के भी वंदनीय हैं। राम को विष्णु के अवतार के रूप में प्रतिष्ठित किया गया।

उत्तर वैदिक काल में ब्राह्मण धर्म के जटिल कर्मकांड और यज्ञ्वस्था के विरुद्ध प्रतिक्रिया स्वरूप सुधारात्मक रूप में जब भागवत धर्म का उदय हुआ तो भागवतों के इष्ट कृष्ण थे। राधाकृष्ण के प्रेमतत्व तथा धर्म संस्थापक के रूप में कृष्ण को चरम लोकप्रियता प्राप्त हुई। पांचवीं शताब्दी के आसपास दक्षिण भारत के आलवार संतों ने विष्णु आराधना और विष्णु के विभिन्न अवतारों के प्रति असीम भक्ति भावना प्रसारित किया। आलवार संतों के अंतःकरण और चरित्र दैवीय गुणों से ऐसे आलोकित थे की उन्होंने श्रीहरि विष्णु की भक्ति के माध्यम से समाज के वर्णगत और धनगत विषमता को दूर किया। इनके बारह संतों गुरुवों की ऐसी ख्याति हुई की कालांतर में मंदिरों में विष्णु के साथ उनकी भी प्रतिमाएं लगाकर विष्णु के साथ उनकी पूजा का भी विधान किया गया।

आलवार संतों की ही परंपरा के रामानुजाचार्य -1016-1137 ने राम के सगुण भक्ति और अवतारवाद को विकसित किया। रामानुज संप्रदाय के अंतर्गत रामभक्ति और रामोपासना विषयक सहिंताएं और उपनिषदों की रचना हुई। ईस्वी सन की पहली शताब्दी में राम, विष्णु के अवतार के रूप में प्रतिष्ठित हुए उसके एक हजार साल बाद देश में रामोपासना को महत्व मिला जिसमें सर्वाधिक योगदान दक्षिण भारत की संस्कृति का है।

उत्तर भारत में राम भक्ति को लोकप्रियता प्रदान करने का कार्य रामानुज संप्रदाय के ही रामानंद-1356-1470 ने किया। रामानंद दक्षिण में जन्मे की प्रयाग या काशी में इससे ज्यादा महत्वपूर्ण है कि रामानंद के अध्यात्म रामायण का राम के ब्रह्मत्व की स्थापना में बड़ा योगदान है। रामानंद ने राम को प्रकृति से परे परमात्मा, अनादि, आनंदघन, अद्वितीय पुरुषोत्तम के रूप में स्थापित किया।

चौदहवीं-पंद्रहवीं शताब्दी तक उत्तर भारत में रामानुज मत का कोई व्यापक प्रचार नहीं था। रामानंद यद्यपि रामानुज संप्रदाय के ही थे। परन्तु स्वच्छंद और स्वतन्त्र विचार के संत होने के कारण उनके गुरु राघवानंद ने रामानंद को पृथक संप्रदाय बना लेने का निर्देश दिया। फलतः रामानंद ने वैरागी संप्रदाय-रामावत संप्रदाय की स्थापना की-चार बरन आश्रम सबहि को भक्ति दृढ़ाई। इस वैरागी संप्रदाय से निर्गुण और सगुण रामोपासना की दो धाराएं निकली। एक धारा में कबीर, रैदास-रविदास, पीपा, धना, सेन आदि थे तो दूसरे सगुण धारा में अनंतदास, तुलसीदास हुए। भक्ति द्रविण उपजी लाये रामानंद, प्रकट करी कबीर ने सात द्वीप नवखंड। भक्ति संप्रदाय के रामानंद के साधुओं की टोली पूरे देश में- जाति पांति पूछे नहि कोई हरी को भजे सो हरी का होइ - का उद्‌घोष करते हुए रामोपासना का अलख जगाते रहे और रामनाम के महामंत्र को गांव गांव, घर घर पहुंचा दिया।

रामानंद के प्रखर शिष्य कबीर का मूलमंत्र रहा-राम मा दोइ आखर सारा, कहै कबीर तिहुंलोक पियारा-जिन्होंने रामनाम को वेदमंत्र से अधिक महत्त्व दिया-तू ब्राह्मन मैं काशी का जुलाहा मोहि तोहि बराबरी कैसे की बनहि/ हमरे राम नाम कहि उबरे वेद भरोसे पांडे डूब मरहि।

कबीर को केवल राम से आशा है-कबीर आसा करिये राम की अबरै आस निराश। कबीर अपने सिद्धांतों के मान्यताओं के प्रबल अनुयायी थे। मरण के पूर्व मगहर यह कह कर गए-जो काशी तन तजै कबीरा, रामहि कौन निहोरा। कबीर के राम दशरथ नंदन अयोध्यापति न होकर परमब्रह्म परमेश्वर थे जिन्हें कबीर विश्वधर्म, मानवधर्म के प्रवर्तक के रूप में देखते हैं।

सिखों के अतिपावन ग्रंथ आदिग्रंथ में गुरु रामदास ने संत रविदास का यशोगान करते हुए कहा है-रविदास चमार उस्तति करै हरि कीरति निमिष इक गाई/ पतित जाति उत्तम भया चारि बरन पये पगि आई।

अर्थात पतित चमार जाति में जन्म लेकर संत रविदास ने हरि की महिमा का ऐसा गान किया की वे श्रेष्ठ पुरुष बन गए और चारों वर्णों के लोग उमके पांव पड़ने लगे।

संत रविदास जन्मजात ब्रह्मज्ञानी थे परन्तु अपने गुरु रामानंद की यात्राओं में साथ रहने पर सत्संग करते रहने पर वे शास्त्र ज्ञान से भी परिपूर्ण हो गए थे। झाली रानी रतन कुअंरि तथा मीराबाई संत रविदास के शिष्यों में प्रमुख थे। संत रविदास की रामभक्ति से वर्णाश्रम व्यवस्था की नीव हिल गई थी। वेद -विद्वान् ,वेदांग निष्णात ब्राह्मण इस दलित संत को दंडवत करने लगे थे।

मोसों सकुचत छुई सब छाहून-मैं इतना बड़ा अछूत हूं की मेरी छाया तक छूने में लोग संकोच करते हैं ऐसा तुलसी रामनाम की महिमा से सुखी हुआ-कहा न कियो कहां न गयो सीस काहि न नायो/ राम रावरो बिन भये जन जनमि जनमि जग दुःख दशहु दिसि पायो।

अपने-अपने सब के राम का आज के संदर्भ में यही संदेश है कि-सबसों सनेह सबहि को सन्मानिये। राम वह तत्व है जो सबसे स्नेह करता है—ईर्ष्या द्वेष का कारण नहीं बनता। रामराज का यही उद्देश्य था- सब नर करहिं परस्पर प्रीति चलहिं स्वधर्म निरत श्रुतिनीति। सभी प्राणियों में प्रेम रहे और सब ऋत -ब्रह्मांडीय नियमों के अनुसार अपने कर्तव्य का पालन करते रहें यही रामराज है यही ईश्वरीय सत्ता है। अंत में—जड़ चेतन जग जीव जत सकल राममय जानि/ बंदउ सब के पदकमल सदा जोरि जुग पानि।

## प्रसंगवश

# पतन का मूल कारण

जिस संस्कृति में बाहरी दुनियां और उसमें अच्छा करने के बारे में हीन भावना फैलाई जाती रही हो और तथाकथित अध्यात्म विद्या का बेतरीका महिमा मंडन होता रहा हो, वह संस्कृति पतन का स्वागत करती है। यही भारत के पतन का मूल कारण है। शरीर का होना अध्यात्म चिंतन के लिए भी आवश्यक है। शरीर से मुक्त आत्मा अध्यात्म विद्या में कोई रुचि नहीं लेता। और शरीर का होना रोटी मांगता है। यह शंकराचार्य के लिए भी सही है और बुद्ध के लिए भी। भौतिक जीवन में अत्यधिक रति और अध्यात्मिक जीवन की उपेक्षा जितनी निंदनीय है, उतनी ही निंदनीय है। भौतिक जीवन की उपेक्षा और अध्यात्मिक जीवन की प्रतिष्ठा। अति दोनों जगहों पर निंदनीय है।


डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

विज्ञान हमें बताता है कि अल्प मात्रा में सभी ड्रग किसी न किसी बीमारी की दवा हैं। यह तंबाकू, अफीम, धतूरा से लेकर रेडिएशन्स तक सही है। लेकिन वही ड्रग अधिक मात्रा में विष हैं, मारक हैं। उसी तरह सीमा से अधिक भक्ति और अध्यात्म जहर का काम करते हैं और सीमा से अधिक भोग भी, भौतिकता भी। आचार्यों एवं उपदेशकों का कर्तव्य है कि वे इस सीमा का निर्धारण करें और तदनुसार प्रवचन करें।

हमारे उपदेशक बहुधा अनजाने में पाखंडवाद सिखलाते हैं। श्रोता जब विरक्ति, भक्ति, माया, इत्यादि पर अनर्गल प्रलाप सुन कर घर लौटता है तो वह पाता है कि जीने के लिए उपदेशों से हट कर चलना आवश्यक है। इस तरह वह दोहरी जिंदगी जीने के लिए विवश हो जाता है। उसके मुंह में राम और बगल में छुरी रहने लगती है। यह दोहरा जीवन सामाजिक पूंजी के क्षरण का कारण होता है।

अति भक्ति चोरों का लक्षण बन जाती है। हमारा चारित्रिक पतन अति आदर्शवाद के चलते हुआ है। इसमें बाबा लोगों का बहुत बड़ा रोल है। अधिकतर बाबा त्याग और संयम का उपदेश देकर अरबपति बन जाते हैं और कुछ जेल तक चले जाते हैं। इसीलिए, जब कोई आदमी अध्यात्म की बातें करने लगता है तो मैं सावधान हो जाता हूं। मेरा व्यक्तिगत विचार है कि आए दिन होने वाले प्रवचन सुनने और पतुरिया का नाच देखने में ज्यादा फर्क नहीं है। बाबा और पतुरिया दोनों ही भाड़े पर आते हैं, गायक वादकों के साथ।

# हेपेटाइटिस की बढ़ती चुनौतियां और खतरे


डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी
अंबेडकरनगर

सरकार काफी आशान्वित हैं कि यदि 2024 और 2026 के बीच स्थितियों में सुधार लाया जाए, तो हेपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम पटरी पर लाया जा सकता है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रपट में भारत में हेपेटाइटिस की चुनौतियों और खतरों का उल्लेख है। हेपेटाइटिस शब्द यकृत की किसी भी सूजन को संदर्भित करता है- किसी भी कारण से लीवर कोशिकाओं में होने वाली जलन या सूजन। यह तीव्र भी हो सकता है। लीवर की सूजन छह महीने से अधिक समय तक भी रहती है, लेकिन अनिवार्य रूप से इसका कोई लक्षण नहीं दिखाई देता है। आमतौर पर यह ए,बी,सी,डी, और ई सहित हेपेटोट्रोपिक वायरस के एक समूह के कारण होता है। अन्य वायरस भी इसका कारण हो सकते हैं, जैसे कि वैरिकाला वायरस जो चिकन पॉक्स का कारण बनता है।

डब्ल्यूएचओ की रपट के मुताबिक लीवर से जुड़ी यह बीमारी घातक भी साबित हो सकती है और बाद में कैंसर का रूप भी धारण कर सकती है। हेपेटाइटिस बी और सी को लेकर भारत में जागृति बहुत कम है, क्योंकि इनके लक्षण ही पेचीदा हैं। चूंकि यह भी वायरल संक्रमण की बीमारी है, लिहाजा डॉक्टर भी लक्षणों का अध्ययन करते समय गलत निष्कर्ष पर पहुंच जाते हैं।

भारत में हेपेटाइटिस बी के करीब तीन करोड़ संक्रमित मरीज हैं, जबकि हेपेटाइटिस सी के 50 लाख से अधिक लोग बीमार हैं। लीवर की सूजन और संक्रमण के साथ इन बीमारियों का बोझ उठाने वाला भारत विश्व में ऐसा दूसरा देश है। वह दिन दूर नहीं, जब विश्व में सर्वाधिक हेपेटाइटिस संक्रमण भारत में होगा। भारत में ही 2022 में हेपेटाइटिस ने एक लाख से अधिक जिंदगियां छीन ली थीं। चिंताजनक पक्ष यह है कि बहुत कम संक्रमित लोगों के लक्षण स्पष्ट हो पाते हैं, लिहाजा वे निदान और इलाज के दायरे में नहीं आ पाते।

हेपेटाइटिस सी के 30 फीसदी से कम मामलों की पहचान हो पाती है, लिहाजा लीवर का यह संक्रमण ज्यादा घातक, यहां तक कि जानलेवा, साबित हो सकता है। हेपेटाइटिस बी के आंकड़े मात्र 3 फीसदी ही बताए जाते हैं। नेशनल वायरल हेपेटाइटिस कंट्रोल प्रोग्राम का लक्ष्य 2030 तक भारत को हेपेटाइटिस सी से मुक्त कराना है। हेपेटाइटिस बी से जुड़ी रुग्णता, मृत्यु-संख्या और मृत्यु-दर को भी 2030 तक ही काफी कम करना है। इसे लेकर विश्व स्वास्थ्य संगठन और भारत सरकार काफी आशान्वित हैं कि यदि 2024 और 2026 के बीच स्थितियों में सुधार लाया जाए, तो हेपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम पटरी पर लाया जा सकता है। भारत में हेपेटाइटिस बी संक्रमण मामलों का अभी तक जो विश्लेषण किए गए हैं, उनमें संक्रमण मां से शिशु की ओर गया है। टीकाकरण से भी इस बीमारी और संक्रमण के विस्तार को रोका जा सकता है। भारत में टीकाकरण भी काफी अनियमित है और शिशु के जन्म लेने के तुरंत बाद जो टीकाकरण किया जाना चाहिए, उसके प्रति अशिक्षित और अज्ञानी जमात गंभीर नहीं है, लिहाजा शिशु की इम्युनिटी प्रभावित होती है। भारत में 50 फीसदी से कम शिशुओं को सभी आवश्यक टीके समयानुसार दिए जाते हैं। बहरहाल हेपेटाइटिस सी का इलाज अपेक्षाकृत आसान और संभव है। एंटी-वायरल बीमारी का इलाज कर सकते हैं और दीर्घकाल में लीवर को क्षतिग्रस्त होने से बचाया जा सकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक, भारत में हेपेटाइटिस का उपलब्ध इलाज दुनिया में सबसे सस्ता है। करीब 70 फीसदी मरीज निदान और इलाज नेटवर्क से दूर भागते रहते हैं और प्राथमिक चिकित्सा को दोष देते रहते हैं।

हेपेटाइटिस बी को भारत के सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम के तहत शामिल किया गया है। जो हीमोफिलस इन्फ्लुएंजा टाइप बी, खसरा, रूबेला, जापानी इंसेफेलाइटिस, रोटावायरस डायरिया के कारण ग्यारह (हेपेटाइटिस बी को छोड़कर) वैक्सीन-रोकथाम योग्य बीमारियों यानी तपेदिक, डिप्थीरिया, पर्टुसिस, टेटनस, पोलियो, निमोनिया और मेनिनजाइटिस के खिलाफ मुफ्त टीकाकरण प्रदान करता है। बांग्लादेश, भूटान, नेपाल और थाईलैंड विश्व स्वास्थ्य संगठन के दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्र में हेपेटाइटिस बी को सफलतापूर्वक नियंत्रित करने वाले पहले चार देश बन गए हैं।

बात ताजा रपट की कि जाए तो चूंकि यह चेतावनी विश्व स्वास्थ्य संगठन की ओर से आई है, लिहाजा सरकारों के स्तर पर इस संक्रमण को संबोधित किया जाना चाहिए। बेशक हेपेटाइटिस हो अथवा टीबी हो, इन संक्रामक बीमारियों को लेकर जरा-सी भी कोताही नहीं बरतनी चाहिए। कोरोना काल के दौरान जिस तरह सजगता के साथ काम किया गया, उसी पैटर्न पर काम करने की जरूरत है।

## सोशल फोरम

# दि ग्रेट डिक्टेटर

दुनिया के महान कॉमेडियन-फिलॉस्फर चार्ली चैपलिन ने यूं तो कई फिल्में बनाईं लेकिन 'दि ग्रेट डिक्टेटर' चार्ली चैपलिन की सबसे कामयाब, उद्देश्यपूर्ण और चर्चित फिल्म है। यह चैपलिन की पहली बोलती फिल्म भी रही। हालांकि इसका एक अच्छा हिस्सा ज़रूरत के मुताबिक़ साइलेंट है, चैपलिन की पिछली फिल्मों की तरह। 1940 में रिलीज़ हुई 'दि ग्रेट डिक्टेटर' चैपलिन ने उस दौर के एक वीभत्स सोच के जर्मन नस्लवादी और खब्ती किस्म के इंसान हिटलर का मखौल उड़ाने की गरज से बनाई थी, जिसके सनकपन ने दुनिया को दूसरे विश्वयुद्ध में धकेला था। लेकिन चैपलिन को कई तरह के खतरे भी थे। ऐसा न हो बजाय हिटलर का मज़ाक उड़ने की जगह वो और उनकी फिल्म ही हंसी की सामग्री बन जाए। और मुमकिन है कि नाजी सोच के लोग उनको दुनिया से उड़ा दें। इसीलिए रिलीज से पहले उन्होंने एक लंबा रिसर्च भी कराया। अपने दोस्तों से सलाह ली। कई ने मना किया कि बहुत बड़ा रिस्क है। हो सकता है कि कई देशों में ये प्रतिबंधित हो जाए। नाज़ियों के समर्थकों और विरोधियों के बीच भीषण दंगे भी हो सकते हैं। युद्ध की विभीषिका झेल रहा यूरोप ज्यादा बड़े संकट में भी आ सकता है। यह भी संभव है कि इस युद्ध में नाज़ियों की जीत हो और नतीजतन चैपलिन को बीच चौराहे सूली पर लटका दिया जाए।


वीर विनोद छावड़ा
वरिष्ठ लेखक, लखनऊ

मगर चार्ली चैपलिन ने अपने मित्र डगलस फेयरबैंक्स की सलाह पर फैसला किया कि दुनिया के महाखलनायक का मुकाबला उसी की शक्ल का दुनिया का महाविदूषक चार्ली चैपलिन करेगा। ऐसा करना उनका फर्ज है और मानवता व सच की सेवा भी। जान जाती है तो जाए। जब 'दि ग्रेट डिक्टेटर' रिलीज़ हुई तो सचमुच हंगामा हो गया, सुपर हिट हुई। मगर हिटलर की नाजी सोच के समर्थकों के डर से दक्षिण अमरीका के कई देशों में प्रतिबंधित हुई। यूरोप में भी इसके विरुद्ध प्रदर्शन हुए। कई जगह से फिल्म उतार ली गई। इंग्लैंड ने शुरू में विरोध के दृष्टिगत इसकी रिलीज़ रोकने का फैसला किया। लेकिन कुछ अफसरों ने फिल्म देख कर सरकार को मशविरा दिया कि नाज़ियों के विरुद्ध प्रोपेगंडा के लिए ये फिल्म मज़बूत हथियार है।

-फेसबुक वॉल से

# राम अवतार भी हैं और ब्रह्म का पर्याय भी

बहु प्रचलित लोक मान्यता के अनुसार राम अयोध्या के राजा दशरथ के पुत्र थे, जिनका जन्म त्रेता युग के अंत में चैत्र शुक्ल नवमी को कौशल्या की कुक्षि से हुआ और उनकी कथा बहु श्रुत है। वैसे इस शब्द का अर्थ और नाम, रूप, विग्रह अनेक हैं। गोस्वामी तुलसीदास ने भी 'रामचरितमानस' में साफ कहा है, 'नाना भांति राम अवतारा। रामायण सत कोटि अपारा'। संत कबीर भी कहते हैं, 'दसरथ सुत तिहुं लोक बखाना। राम नाम कर मरमु है आना'। सामान्यतया राम को इसी चतुर्युगी के त्रेता के अंत में जन्मा माना जाता है। संप्रति वैवस्वत मन्वंतर की 27 वीं चतुर्युगी चल रही है, किंतु हरिवंश पुराण के अनुसार राम 24 वीं चतुर्युगी के त्रेता में हुए। दशावतारों का उल्लेख करने वाले श्लोक में तीन अवतारों को राम कहा गया है, जो हैं परशुराम, राम और बलराम। 'वनजौ वनजौ खर्वः त्रिरामो सकृपोऽकृपः। अवताराादशैवेते कृष्णस्तु भगवान् स्वयम्'। राम के इस 27 वें त्रेता वाले अवतार की कथा वाल्मीकि ने 24 हजार श्लोकों में लिखी, जो सर्वाधिक मान्य है, क्योंकि वे राम के समकालीन थे, जैसा कि इस रामायण के शुरुआती श्लोकों से हो स्पष्ट हो जाता है। इन्हें आदि कवि कहा गया और ज्यादातर यह पहली रामकथा की मान्यता लिए है। वैसे 'दशरथ जातक' इसके पहले की रचना है, जिसमें राम की कथा विद्यमान है।


रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

मानव सभ्यता का सबसे पहला ग्रंथ ऋग्वेद है, जिसमें राम का नाम आया है। इस नाम का धर्मात्मा और प्रतापी राजा हुआ है। सीता को असुर संहारिणी देवी के रूप में स्मृत किया गया है।

मानव सभ्यता का सबसे पहला ग्रंथ ऋग्वेद है, जिसमें राम का नाम आया है। इस नाम का धर्मात्मा और प्रतापी राजा हुआ है। सीता को असुर संहारिणी देवी के रूप में स्मृत किया गया है, जिसके नयनोन्मीलन, निमीलन से सृष्टि का सृजन संहार होता है। वेद से पहले भला कौन ग्रंथ था? यानी यह तो त्रेता के पहले की ऋचाएं हैं, भगवान विष्णु की श्वास से निःसृत हुईं और शून्य में व्याप्त हो गईं, जिन्हें ऋषियों ने देखा और संग्रह किया। इसीलिए वे मंत्र द्रष्टा कहलाए और वेद संहिताएं कही गईं। वेदांत ग्रंथ उननिषदों में अलग 'रामोपनिषद्' और 'सीतोपनषद्' हैं। वाल्मीकि के ही एक अन्य संकलन 'योग बासिष्ठ' में रामों की संख्या 73 कही गई है। एक कथा के अनुसार हनुमान जी जब मुद्रिका लिए सीतान्वेषण में तत्पर थे, तो उन्हें प्यास लगी। एक ऋषि आश्रम में वे अंजुली से जल पीने लगे और उसके पहले वह मुद्रिका उनके कमंडलु में डाल दी। जल पीकर जब वे उन्होंने मुद्रिका उठानी चाही, तो उसमें तमाम वैसी ही मुद्रिकाएं दिखाई दीं। चकित हनुमान ने जब ऋषि से पृच्छा की, तो उन्होंने कहा युग युग में आप इसी हेतु आते रहे हैं और ये सब राम मुद्रिकायें ही हैं, जिन्हें आपने जल पीते सभय इसमें रक्खा था। धार्मिक मामलों में तर्क नहीं चलता है। कहते हैं 'मजहब में अकल का दखल नहीं है'। बस इससे राम और उनकी कथाओं की अनन्तता का भान होता है।

दरअसल राम अवतार भी हैं और ब्रह्म का पर्याय भी, जो सबमें रमा है या रमण करता है। यह एक मंत्र है, जिसका जप ॐ के समान परिणाम देने वाला है, जो सृष्टि सृजन के समय हुए 'स्फोट' का स्वर है। राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त भी उन्हें सबमें रमा हुआ बताते हैं फिर भी अयोध्था पंचवटी आदि में उनका विशेष वास कहा है। कबीरदास ने 'रमैया की दुलहिन लूटा बजार' कहकर राम को ब्रह्म माना है; तभी तो ब्रह्म की माया को 'राम की दुलहिन' बताया है। उनका सम्यक् ज्ञान हो जाने से तो व्यक्ति 'पूर्ण' होकर उनमें समाहित ही हो जायगा, जिसे तुलसी ने 'जानत तुम्हइ तुम्हइ होइ जाई' कहा है। राम वह परब्रह्म है, जो कुतत्वों के निराकरण हेतु 'सम्भवामि युगे युगे' होते हैं, जिनके नाम रूप असंख्य और वर्णनातीत हैं।

# बात करना शायद एक लुप्त होती कला

शायद हम सब बात करना भूल गए हैं। अकेलेपन की शिकायत तो करते हैं पर कोई मिले तो आप कैसे हैं से शुरू हो कर कभी घर आईए तक एक दो मिनट में बात खत्म हो जाती है। बातों की डोर के बगैर रिश्ते जुड़े कैसे? बात करना शायद एक लुप्त होती कला है। मैं जिस तरह के लोगों के बीच उठता बैठता हूं वे बहुत पढ़े-लिखे और कामयाब लोग हैं। मगर डिग्रियों और कामयाबी की चिंता में हम सबने अपने सामाजिक हुनर खो दिए हैं। हमारा आईक्यू भले ही ज्यादा हो, मगर सामाजिक बुद्धिमत्ता बहुत कम हो गई है। कभी लगता है समर कैंप में हॉबी क्लासेज में एक क्लास बात कैसे करें पर भी होनी चाहिए।


संजय वर्मा
इंदौर

बात करना सूचनाओं का आदान प्रदान नहीं है। बतरस का आनंद लेना जैसे एक इमारत बनाने जैसा है जिसमें बातों की ईंट पर ईंट रखकर दीवारें चुनी जाती हैं, किस्सों के मेहराब गढ़े जाते हैं, व्यंग्योंक्तियों, मुहावरों के आर्टीफैक्ट्स से सजाया जाता है। बात में से बात निकाली जाती है। मगर अफसोस किसी स्कूल में यह जरूरी हुनर नहीं सिखाया जाता। फिर जब ऐसे अनपढ़ लोग किसी पार्टी में मिलते हैं और उन्हें कोई बात नहीं सूझती तो वे जहरीली सियासी बहस पर उतर आते हैं। आधे एक पार्टी के पक्ष में हो जाते हैं और बाकी दूसरी के। राजनीति पर बहस के अचानक प्रचलन में आने के पीछे एक कारण यह भी हो सकता है कि लोग कोई दूसरी बात करना जानते ही नहीं।

ऐसे में मुझे मेरी मौसी याद आती है। वे अनपढ़ ठेठ गंवार थीं। न स्कूल गईं न दुनिया देखी। पर जब बोलतीं तो लोग मंत्र मुग्ध होकर उनकी बातें सुनते। शादी ब्याह में तो जैसे वे फुल फॉर्म में होतीं। हर बात पर कटाक्ष, ताने, मुहावरे, मजाक! लोग हंसते-हंसते लोटपोट हो जाते। महिलाएं ही नहीं कभी-कभी तो घर के बड़े बूढ़े भी जिनसे उनका ससुर जेठ का रिश्ता था वे भी निशाने पर आ जाते और उन्हें भागने को जगह न मिलती।

इन दिनों चश्मा चढ़ाए आईआईटी की तैयारी कर रहे हैं बच्चों से कभी बात करता हूं, तो लगता है जैसे कोई मंजिल की चिंता में रास्ते में लगे फूल पौधों को देखना भूल गया है।

पत्नियां पति से बातचीत के नाम पर पुलिसिया इंटेरोगेशन कर रही हैं-कहां गए थे? कब लौटोगे? क्या खाओगे? अमेरिका गए बच्चों के मां-बाप उनसे सुबह-शाम वीडियो कॉल पर बात कर रहे हैं। पर वही घिसा पिटा रिकॉर्ड-आज खाने में क्या खाया, ठंड तो नहीं है, तबीयत कैसी है..! कभी लगता है उन्हें एक दिन की बातचीत रिकॉर्ड कर रोज उसका टेप चला देना चाहिए। शादियों में लोग यूं खामोश बैठे रहते हैं कि किसी शोक सभा का गुमां होता है। जीवन के नौ रस हुआ करते थे, यह फेहरिस्त अब संक्षिप्त होती जा रही है। यह एक अजीब बदलाव है। हमारे पुरखों का एक्सपोजर सीमित था। उन्होंने दुनिया कम देखी थी। हमने उनके मुकाबले ज्यादा दुनिया देखी, ज्यादा घूमे, ज्यादा पढ़े। पर फिर उनके पास हमसे ज्यादा किस्से कैसे थे? क्या इसका संबंध संघर्ष से है? क्या परस्पर निर्भरता की मजबूरी ने उन्हें बात करना सिखा दिया और हमे टेक्नोलॉजी ने आत्म निर्भर बना कर उसकी आवश्यकता खत्म कर दी। हो सकता है जो लोग जीने के लिए संघर्ष करते हों, वे यह किस्सागोई का हुनर सीख जाते हों, और आज जिस मध्यम वर्ग का रोना मैं रो रहा हूं उनके जीवन में कोई संघर्ष ही नहीं है। यदि संघर्ष और किस्सागोई का कोई रिश्ता है, तो इसका मतलब यह मुश्किल समय में जिंदा बचे रहने का जरूरी हुनर है।



# गुजरात में क्लीन स्वीप की हैट्रिक लगा सकती है भाजपा

मनोज त्रिपाठी

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के गृह राज्य गुजरात में पिछले दो लोकसभा चुनावों से भाजपा क्लीन स्वीप कर रही है। अबकी बार 400 पार का नारा लेकर चल रही भाजपा राज्य में लगातार तीसरी बार सभी 26 लोकसभा सीटें जीतकर क्लीन स्वीप जीत की हैट्रिक लगाने की राह तैयारी में जुटी है। गुजरात में लोकसभा चुनाव के लिए मतदान एक ही चरण में सात मई को होगा। कांग्रेस ने भाजपा का विजय रथ रोकने के लिए इस बार के चुनाव में आम आदमी पार्टी से गठबंधन किया है। राज्य में कांग्रेस 24 और आप दो सीटों भरूच और भावनगर में चुनाव लड़ रही है।

गुजरात में पिछले दो लोकसभा चुनावों में भाजपा ने सभी 26 सीटें जीती थीं। कांग्रेस के खाते में कोई भी सीट नहीं आई थी। भाजपा जहां फिर से सभी सीटें हथियाने के लिए जोरदार प्रचार अभियान चला रही है, वहीं राज्य में अपने सबसे बुरे दौर से गुजर रही कांग्रेस इस बार आम आदमी पार्टी के साथ मिलकर भाजपा की क्लीन स्वीप जीत की हैट्रिक रोकने के लिए दमखम लगा रही है। 2022 में गुजरात विधानसभा के चुनावों में भाजपा ने सबसे बड़ी जीत हासिसल की थी और 2017 के विधान सभा चुनाव में सत्ता के करीब पहुंची कांग्रेस को केवल 17 सीटों पर समेट दिया था। इसके बाद से 2024 के चुनावों में क्या कांग्रेस वापसी कर पाएगी ? इसे लेकर लगातार अटकलें लग रही हैं।

### कांग्रेस को 40 फीसदी से अधिक वोट मिलने पर ही कुछ सीटें मिल सकती हैं

- हालांकि यह भी तथ्य है कि राज्य में जब भी कांग्रेस का वोट शेयर 40 फीसदी से ऊपर गया है, उसके हाथ कुछ सीटें जरूर लगी हैं। 2009, 2004 और 1999 के चुनावी आंकड़े इस बात की गवाही देते हैं। 2009 में कांग्रेस को 11 सीटें मिली थीं और उसे 43 .38 फीसदी वोट हासिल हुए थे जबकि भाजपा को कांग्रेस से करीब तीन फीसदी ज्यादा वोट मिले थे और पार्टी को 15 सीटें मिली थीं। 2004 में भी कमोबेश यही स्थिति थी, भाजपा को तब 45 .02 फीसदी वोट के साथ 14 सीटें मिली थीं और कांग्रेस के हाथ में 43 .86 फीसदी वोट के साथ 12 सीटें आई थीं।

**पिछले चुनाव में कांग्रेस पर थी 30 फीसदी वोटों की बढ़त**

गुजरात
राज्य में भाजपा का जन समर्थन लगातार बढ़ रहा है, और कांग्रेस का जनाधार घट रहा है। भाजपा ने 2014 के लोकसभा चुनाव में 59 .05 फीसदी वोट प्राप्त किए थे, वहीं 2019 में यह आंकड़ा बढ़कर 62 .21 फीसदी पर पहुंच गया। इसके मुकाबले कांग्रेस क्रमशः 32 .86 और 32 .11 फीसदी ही वोट प्राप्त कर सकी थी। 2014 में भाजपा जहां कांग्रेस से वोट शेयर में करीब 27 फीसदी आगे थी, वहीं 2019 में उसकी बढ़त 30 फीसदी से ज्यादा थी।



**32.86** प्रतिशत कांग्रेस को 2014 के चुनाव में मिले थे मत

**32.11** प्रतिशत कांग्रेस को 2019 के चुनाव में मिले थे मत

**59.05** भाजपा का 2014 लोकसभा चुनाव में था मत प्रतिशत

**62.21** प्रतिशत भाजपा को 2019 के लोकसभा चुनाव में मिले मत

**1.17** फीसदी 2014 लोस चुनाव में आप के थे मत

**13.0** आप को 2022 के विस. चुनाव में मिले थे मत

### आप पर विस चुनाव जैसे प्रदर्शन, कांग्रेस पर वोट शेयर बढ़ाने का दबाव

- कांग्रेस और आप नेताओं का कहना है कि विधानसभा चुनावों के आंकड़े अब इतिहास हैं। उनका तर्क है कि मतदाताओं की भावनाओं में बदलाव और एक नए गठबंधन के गठन के साथ दोनों दल लोकसभा चुनाव में भाजपा के खिलाफ अपने एकीकृत मोर्चे के लिए अधिक संख्या में समर्थक जुटाने में सक्षम होंगे। अब यह तो समय ही बताएगा कि दोनों के गठबंधन को एक साथ कितना वोट शेयर मिलता है। लेकिन इतना तय है कि भाजपा को क्लीन स्वीप से रोकने के लिए लोकसभा चुनाव में जहां आम आदमी पार्टी को विधानसभा चुनाव जैसा प्रदर्शन करना होगा, वहीं कांग्रेस को भी सीटें हासिल करने के लिए अपना वोट प्रतिशत 40 के आसपास पहुंचाने के लिए जोर लगाना पड़ेगा, जो मौजूदा परिस्थितियों में आसान नहीं नजर आ रहा है। इसकी वजह यह है कि गुजरात में कांग्रेस अपने सबसे खराब दौर से गुजर रही है। कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अर्जुन मोढ़वाडिया, पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष अंबरीश डेर ने लोकसभा चुनाव की घोषणा से पहले पार्टी का साथ छोड़ दिया था, तो उससे पहले चार विधायक भी कांग्रेस से नाता तोड़ चुके थे। हाल ही में पार्टी प्रवक्ता रोहन गुप्ता ने भी कांग्रेस को अलविदा कह दिया है। इसके अलावा जिला और पंचायत स्तर पर भी सैकड़ों पदाधिकारी कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो चुके हैं।

- **2014 और 2019 में भाजपा ने राज्य की सभी 26 लोकसभा सीटों पर हासिल की थी जीत**
- **कांग्रेस ने किया है आम आदमी पार्टी से गठबंधन लेकिन वोट शेयर में दोनों दल काफी पीछे**

### विस चुनाव में कांग्रेस व आप को 40% तो भाजपा को 52% मत


- भाजपा अपने मजबूत गढ़ गुजरात में जमीनी स्तर पर लगातार अपनी पैठ मजबूत करने पर काम कर रही है। इसके लिए वह चुनाव का इंतजार नहीं करती। भाजपा संगठन हमेशा सक्रिय रहता है। वहीं कांग्रेस का जनाधार लगातार खिसकता जा रहा है। इसी के चलते वह चुनावी चुनौती में भाजपा का मुकाबला नहीं कर पा रही है। जमीनी हालत से वाकिफ कांग्रेस ने इस बार रणनीति बदली है। आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन कर उसे दो सीटें दी हैं। हालांकि 2014 के लोकसभा चुनाव में जब आप अकेले मैदान में उतरी थी तो उसे 1.17 फीसदी वोट ही मिले ही थे, लेकिन 2022 के विधानसभा चुनाव में आप को करीब 13 फीसदी वोट मिले थे। 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को 52 .50 प्रतिशत वोट मिले थे। इसके मुकाबले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और आप की साझा मतदाता हिस्सेदारी 40 .2 प्रतिशत थी।

# मन में राम...तन में राम
## जात-पात का इम्तिहान ले रहा चुनावी अध्यात्म



**फैजाबाद (अयोध्या) लोकसभा सीट**
**7.20** लाख ओबीसी मतदाता | **4.70** लाख दलित मतदाता
होंगे भाजपा को दिव्य और भव्य जीत दिलाने में निर्णायक

ऐसा माना जा रहा था कि भव्य, दिव्य और नव्य अयोध्या यानी फैजाबाद लोकसभा सीट से भाजपा इस बार अपने किसी दिग्गज को चुनाव के मैदान में उतार कर राम मंदिर के संदेश को रामराज्य का ऐसा जयघोष बनाएगी जिससे सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास की वह भावना बलवती होगी, जिसमें धार्मिक तथा जातीय आधार की कोई जगह नहीं होगी। लेकिन पार्टी ने इस तरह का कोई भी जोखिम उठाने के बजाए अपने मौजूदा सांसद लल्लू सिंह पर ही भरोसा जताना ठीक समझा। हालांकि भाजपा की संभावित रणनीति से निपटने के लिए समाजवादी पार्टी ने काफी पहले अपने बड़े दलित नेता अवधेश प्रसाद को फैजाबाद सीट से प्रत्याशी घोषित कर प्रचार भी शुरू करा दिया था। जिले की सोहावल और मिल्कीपुर विधानसभा से नौ बार चुनाव जीतने वाले अवधेश प्रसाद सपा से उसकी स्थापना के समय से जुड़े हैं। फैजाबाद और आसपास के क्षेत्र में उनकी अच्छी पकड़ है। वह मुलायम सिंह यादव के करीबी गिने जाते थे। भाजपा और सपा प्रत्याशियों के मुकाबले बसपा सुप्रीमो मायवती ने ब्राह्मण कार्ड खेलते हुए अंबेडकरनगर के भाजपा जिलाध्यक्ष रहे सच्चिदानंद पांडेय 'सचिन' को मैदान में उतारकर चुनावी लड़ाई रोचक बनाने का प्रयास किया है।



### ■ लल्लू सिंह को जीत की हैट्रिक का पूरा भरोसा, सपा विधायक अवधेश प्रसाद व बसपा के सच्चिदानंद पांडेय बन रहे रोड़ा


विवेक सक्सेना, अयोध्या

**अमृत विचार :** अयोध्या (फैजाबाद) लोकसभा सीट ने राम मंदिर बनने से पहले सियासत और आस्था के तमाम उतार-चढ़ाव देखे हैं। सरकारें बनती-बिगड़ती रहीं लेकिन अयोध्या नहीं बदली। हालांकि अब भव्य राम मंदिर के निर्माण और रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या जगमग हो उठी है। चारों ओर माहौल राममय है। हर रोज एक लाख दर्शनार्थियों का आगमन, नया रेलवे स्टेशन और एयरपोर्ट, चौड़ी और चमचमाती सड़कें। सरयू के सजे-संवरे घाट, होटलों की श्रृंखला, टाउनशिप का काम, पर्यटकों की सुविधा के हर इंतजाम, अयोध्या के विकास की नई कहानी सुना रहे हैं। लेकिन चुनाव हैं तो हर बात कसौटी पर कसी जाएगी। जाति-बिरादरी की भी बात आएगी। यही वजह है कि चौराहों और चौपालों पर होने वाली चुनावी चर्चा में राम मंदिर और विकास के साथ जाति, वर्ग और क्षेत्र सब कुछ मथा जा रहा है।


फैजाबाद सीट पर 1957 के चुनाव में स्वतंत्रता सेनानी कांग्रेस के राजाराम मिश्र जीते थे। इसके बाद चार चुनावों में कांग्रेस का ही कब्जा रहा। 1967 और 1971 में स्वतंत्रता सेनानी राम कृष्ण सिंहा कांग्रेस से दो बार चुनाव जीते। इमरजेंसी के बाद पहली बार यहां हवा का रुख बदला। जनता पार्टी के अनंतराम जायसवाल सांसद चुने गए। लेकिन 1980 में फिर कांग्रेस ने वापसी की। जय राम वर्मा सांसद चुने गए। इंदिरा गांधी की हत्या के बाद हुए 1984 के चुनाव में कांग्रेस से निर्मल खत्री जीते। इसके बाद फिर समीकरण बदले और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के मित्रसेन यादव सांसद चुने गए।

### विधान सभा चुनाव में चार सीटों पर खिला कमल एक पर दौड़ी थी साइकिल

- फैजाबाद लोकसभा सीट के तहत पांच विधानसभा सीटें आती हैं। इसमें दरियाबाद, रुदौली, मिल्कीपुर, बीकापुर और अयोध्या शामिल हैं। 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने चार सीटें जीती थीं। दरियाबाद से सतीश शर्मा, रुदौली से रामचंद्र यादव, बीकापुर से अमित सिंह चौहान और अयोध्या से वेद प्रकाश गुप्ता ने कमल खिलाया था, जबकि मिल्कीपुर सुरक्षित सीट से सपा के अवधेश प्रसाद विजयी हुए थे।




### 2014 का जनादेश





| | | | |
|---|---|---|---|
| भाजपा | लल्लू सिंह | 4,91,761 | 48 प्रतिशत |
| सपा | मित्रसेन यादव | 2,08,986 | 21 प्रतिशत |
| बसपा | जितेंद्र कुमार | 1,41,827 | 14 प्रतिशत |
| कांग्रेस | निर्मल खत्री | 1,29,917 | 13 प्रतिशत |

### राम मय माहौल में भी जाति-बिरादरी का गुणा-गणित

- भाजपा की मानबिंदु फैजाबाद (अयोध्या) लोकसभा सीट पर राम मंदिर की स्थापना के बाद बने माहौल में पार्टी और प्रत्याशी लल्लू सिंह को जीत की हैट्रिक का पूरा भरोसा है। इससे पहले यहां से 1991 और 1996 में लगातार दो बार भाजपा से विनय कटियार जीते थे। अब लल्लू सिंह भी पिछले दो चुनाव जीत चुके हैं। उधर, सपा को उम्मीद है कि दलित प्रत्याशी अवधेश प्रसाद पिछड़े और मुस्लिम वोट बैंक में दलितों को जोड़कर भाजपा का खेल खराब कर देंगे। जबकि बसपा ने भाजपा से आए सच्चिदानंद पांडे को इस प्रत्याशा में उतारा है कि वह ब्राह्मण-दलित वोट बैंक को एकजुट करके पार्टी की जीत का रास्ता बनाने का प्रयास करेंगे।

### 2019 का जनादेश




| | | |
|---|---|---|
| भाजपा | लल्लू सिंह | 5,29,021 |
| सपा | आनंद सेन | 4,63,544 |
| कांग्रेस | निर्मल खत्री | 53,383 |

### राम मंदिर आंदोलन में खुला भाजपा का खाता

- 1991 में राम मंदिर लहर में भाजपा ने यहां पहली जीत दर्ज की। फायर ब्रांड नेता विनय कटियार सांसद बने। 1996 के चुनाव में भी उन्होंने जीत दर्ज की। लेकिन 1998 में चुनाव सपा के टिकट से मित्रसेन यादव ने जीता। लेकिन 1999 में हुए चुनाव में फिर से विनय कटियार ने जीत हासिल की। मित्रसेन यादव 2004 में बसपा के टिकट पर चुनाव जीतकर सांसद बने, तो 2009 में कांग्रेस से निर्मल खत्री दोबारा जीते। इसके बाद 2014 की मोदी लहर में जीते भाजपा के लल्लू सिंह 2019 में भी यहां से सांसद बने।

### सपा के पीडीए और बसपा के रणनीतिक कौशल की परीक्षा

- मंदिर और विकास के साथ यहां जीत के लिए जातीय समीकरण भी अहम हैं। हिंदू मतदाताओं में सबसे ज्यादा 7 .20 लाख ओबीसी हैं। इनमें सबसे बड़ी संख्या यादवों की है। इसके बाद कुर्मी, पाल आदि अन्य जातियां हैं। दलित मतदाताओं की संख्या 4 .70 लाख है, तो सामान्य वर्ग के मतदाता 5 .65 लाख गिने जाते हैं। ओबीसी वोटरों की संख्या सर्वाधिक और उनके बाद दलित मतदाता होने से माना जा रहा है कि यहांसपा के पीडीए और बसपा के ब्राह्मण प्रत्याशी उतारने के रणनीतिक कौशल की परीक्षा होगी।

# विरासत की जमीन पर हैट्रिक में शह-मात की सियासत

गजेन्द्र चौहान, कासगंज


राजवीर सिंह।


देवेश शाक्य।


मो. इरफान।

- तीसरी बार एटा लोकसभा क्षेत्र से सांसद बनने के लिए ताल ठोंक रहे राजवीर सिंह
- भाजपा प्रत्याशी को चुनौती देने के लिए सपा और बसपा ने बिछाई बिसात

**अमृत विचार :** विपक्ष कहता है विरासत से तय नहीं होते सियासत के फैसले तो पक्ष कह रहा है कि सियासी जमीन तो हमने भी तैयार की है। कोई अपनी तैयार सियासी जमीन पर चुनाव जीतने का दावा कर रहा है तो पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह की कर्मभूमि पर उनके पुत्र राजवीर विरासत की तैयार पिच पर सियासत की हैट्रिक मारने को आतुर दिख रहे हैं। यह हैट्रिक चुनौती पूर्ण होगी या आसान यह तो चुनाव परिणाम ही बताएगा, फिलहाल गली, गलियारों में विरासत की सियासत की चर्चा तेज है।

प्रदेश ही नहीं बल्कि देश भर में हिंदू हृदय सम्राट की पहचान रखने वाले पूर्व मुख्यमंत्री एवं राजस्थान के पूर्व राज्यपाल स्व. कल्याण सिंह के नाम से आज भी मतदाता प्रभावित हैं। कल्याण सिंह के पुत्र राजवीर सिंह एटा लोकसभा क्षेत्र से सांसद हैं। पिछले एक दशक से वे अपने पिता की कर्मभूमि में सांसद की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। एटा लोकसभा सीट पर मतदाताओं ने सांसद तो कई बदले, पुराने सांसदों को भी बार-बार मौका दिया, लेकिन एक दशक पहले ऐसा मौका आया जब यहां की सियासत विरासत में तब्दील हो गई। पूर्व सीएम कल्याण सिंह के पुत्र 2014 के बाद 2019 में भी चुनाव जीत गए और इस बार हैट्रिक लगाने को तैयार हैं। इस सीट के मतदाताओं ने 17 चुनाव में कुल 8 सांसद चुने हैं। इनमें सबसे पहले सांसद बने रोहनलाल चतुर्वेदी को चार बार, महादीपक सिंह शाक्य को पांच बार मौका दिया। महादीपक सिंह शाक्य एक बार कासगंज लोकसभा सीट पर भी चुनाव जीते। लेकिन 2009 तक हुए चुनाव में एक भी सांसद ऐसा नहीं हुआ, जिसे यह पद विरासत के तौर पर मिला हो। सभी ने अपनी सियासी जमीन बनाने में कड़ी मेहनत की। 1989 में कांग्रेस से सलीम इकबाल शेरवानी चुनाव लड़े थे, जो भाजपा के महादीपक सिंह शाक्य से हार गए। 2009 में यहां निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह ने चुनाव लड़ा। जिन्हें सपा ने समर्थन दिया था। वह आसानी से चुनाव जीत गए।

उनके कार्यकाल के बाद यहां की विरासत संभालने का मौका उनके पुत्र राजवीर सिंह को मिला। भाजपा ने उन्हें टिकट दिया और वह सपा प्रत्याशी से बड़े अंतर से जीते। यह विरासत 2019 में भी कायम रही दोबारा उन्होंने सपा के देवेंद्र सिंह को हराया। 2024 में भी भाजपा ने राजवीर पर ही भरोसा जताया है और वह एटा सीट पर महादीपक सिंह शाक्य के बाद दूसरी हैट्रिक लगाने के लिए बेताब हैं। सपा ने यहां प्रत्याशी बदलकर भाजपा का विजय रथ रोकने के लिए मैनपुरी के देवेश शाक्य पर दांव लगाया है। उधर, बसपा ने मुस्लिम प्रत्याशी मो. इरफान मैदान में उतारकर मुस्लिम कार्ड खेला है तो सपा पहले ही मुस्लिम को अपना वोट बैंक मानती है। इस बार शाक्य प्रत्याशी उतारकर उसने नया गणित तैयार किया है। सभी के अपने आंकड़े हैं। ऐसे में गुणा, गणित का दौर तेज हो गया है।

### नृत्य कर लुभाया...




लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन को पूर्ण बहुमत दिलाने की कोशिश में लगातार प्रचार कर रहीं कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने असम के जोरहाट में रैली की। इस दौरान उन्होंने एक कार्यक्रम में महिला मतदाताओं के साथ नृत्य कर उन्हें पार्टी से जोड़ने की भरपूर कोशिश की। प्रियंका के साथ कार्यकर्ता भी उत्साहित नजर आए।

## अपनी ढपली अपना राग


पांच साल में तीन करोड़ और गरीबों के मकान बनेंगे, तीन करोड़ ड्रोन दीदी बनेंगी, जो लखपति होंगी। – योगी आदित्यनाथ


जिन उद्योगपतियों ने भाजपा को चंदा दिया, उन्होंने अपने उत्पादों के दाम बढ़ाकर महंगाई बढ़ाई है। जनता इसको जान चुकी है। – अखिलेश यादव


मुफ्त राशन की गारंटी आगामी 5 वर्षों तक जारी रहेगी तथा आने वाले 5 वर्ष महिला सशक्तिकरण के लिए समर्पित होंगे। – भूपेंद्र चौधरी


आप कब तक कांग्रेस पर आरोप लगाते रहेंगे। पिछले 10 वर्षों से तो वे (भाजपा) सत्ता में हैं, उसने आखिर क्या किया। –प्रियंका गांधी


समाजवादी पार्टी की सदस्यता लेना गुंडागर्दी का प्रमाणपत्र है, सपा की साइकिल पंचर कीजिए और कमल खिलाइए। – केशव प्रसाद मौर्य


हम उनको (केशव मौर्य) ऐसा कर देंगे कि साइकिल का पंचर जोड़ते दिखेंगे। चर्चा में बने रहने के लिए ऐसी बयानबाजी कर रहे। – प्रो. रामगोपाल यादव

## चुनावी चक्कर

### सर्वोच्च अदालत से सीधे जनता की अदालत में प्रिया

मछलीशहर लोकसभा की सुरक्षित सीट से सपा ने सुप्रीम कोर्ट की युवा महिला अधिवक्ता प्रिया सरोज को मैदान में उतारा है। प्रिया पूर्व सांसद व वर्तमान में केराकत से विधायक तूफानी सरोज की बेटी हैं। कानून की पढ़ाई करने के बाद प्रिया ने प्रैक्टिस की शुरुआत सीधे सुप्रीमकोर्ट से की। अब लोकसभा का चुनाव लड़ने जा रही हैं। यानि वह सर्वोच्च अदालत से सीधे जनता की अदालत में किस्मत आजमाने आ गई हैं। प्रिया सरोज ने पिछले साल नवंबर में ही 25 की उम्र पूरी की। वह भाजपा के मौजूदा सांसद बीपी सरोज को चुनौती देंगी। लोकसभा चुनाव लड़ने के सवाल पर प्रिया कहती हैं कि क्षेत्र के लोगों को जानती हूं, वे मुझे भी मानते हैं। बहरहाल, मछलीशहर सीट का चुनाव सपा लगातार दो बार हार चुकी है।

### बालक को देखकर गदगद हुए योगी

पिछले दिनों रुड़की में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अपना एक जबरदस्त फैन नजर आया। यह फैन एक बालक था जो उनकी ही वेशभूषा में नजर आ रहा था। योगी ने उसे मंच पर बुलाया तो उसने भी योगी का पैर छूकर आशीर्वाद लिया। दोनों की इस मुलाकात का वीडियो लोग सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर शेयर कर प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहे हैं। वीडियो में चुनावी सभा के मंच पर योगी के साथ उनका लिटिल फैन भी बिलकुल उनके अंदाज में नजर आ रहा है। योगी अपने फैन को देखकर मुस्कुराते रहे। वहीं, जब योगी मंच से अपने समर्थकों को देखकर हाथ हिला रहे थे तो हूबहू उनका यह बालक प्रशंसक भी अभिवादन करते दिखा।

# चुनावी जंग में छोटे दलों के नेताओं की कड़ी चुनौती

## स्वामी प्रसाद, पल्लवी, चन्द्रशेखर व ओवैसी की प्रतिष्ठा लगी है दांव पर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ






**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव के जंग में छोटे दलों के नेताओं को कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के प्रमुख स्वामी प्रसाद मौर्य, अपना दल कमेरावादी की नेता पल्लवी पटेल, आजाद समाज पार्टी के प्रमुख चन्द्रशेखर व एआईएमवाईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी की प्रतिष्ठा दांव पर लगी हुई है।

सपा से नाराज होकर राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी गठित करने वाले पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने कुशीनगर लोकसभा सीट से खुद को प्रत्याशी घोषित किया है। मौर्य ने इंडी गठबंधन को समर्थन देते हुए पार्टी के प्रत्याशियों के लिए सीटें मांगी थीं, पर इंडी गठबंधन ने उनकी मांग पर ध्यान नहीं दिया। इस पर मौर्य ने खुद को कुशीनगर सीट से प्रत्याशी घोषित किया है। पार्टी की ओर से और भी प्रत्याशी घोषित किये जा रहे हैं। नगीना सुरक्षित सीट पर प्रत्याशी आजाद समाज पार्टी के प्रमुख चन्द्रशेखर को उन्होंने समर्थन की घोषणा की है। मौर्य के समक्ष अपनी सीट जीतने के साथ ही, पार्टी के अन्य प्रत्याशियों को जिताने की चुनौती है।



चुनाव में सपा के 'पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक' (पीडीए) से मुकाबला करने के लिए 'पिछड़ा, दलित, मुस्लिम' (पीडीएम) न्याय मोर्चा का गठन किया गया है। गठबंधन में शामिल एआईएमआईएम के प्रमुख ओवैसी अपनी पार्टी के सिंबल पर प्रत्याशियों को चुनाव न लड़ाकर अपना दल कमेरावादी के सिंबल पर चुनाव लड़ाने की घोषणा कर चुके हैं। करीब एक दर्जन प्रत्याशियों को अपना दल कमेरावादी के सिंबल पर चुनाव लड़ाने की तैयारी है। मोर्चा ने फिलहाल तीसरे, पांचवें व सातवें चरण में शामिल सात सीटों पर प्रत्याशी उतारे हैं। पीडीएम ने रायबरेली से हाफिज मोहम्मद मोबीन, बरेली से सुभाष पटेल, हाथरस से डॉ. जयवीर सिंह धनगर, फिरोजाबाद से प्रेमदत्त बघेल, फतेहपुर से रामकिशन पाल, भदोही से प्रेमचंद बिन्द व चंदौली से जवाहर बिन्द को उम्मीदवार बनाया है।

### जल्द घोषित होंगे पीडीएम के प्रत्याशी

पीडीएम के तहत जल्द ही और प्रत्याशियों के घोषित होने की संभावना है। इंडी गठबंधन से अलग इन दलों व नेताओं के चुनाव मैदान में उतरने से लड़ाई रोचक बन गई है, क्योंकि सपा के पीडीए के जवाब में पीडीएम फैक्टर से प्रत्याशियों को चुनौती मिल रही है।

# डिंपल यादव के खिलाफ मायावती ने बदला प्रत्याशी घोषित किये 11 प्रत्याशी

**अमृत विचार,लखनऊः** बसपा सुप्रीमो मायावती ने मंगलवार को 11 नए प्रत्याशियों की पांचवी सूची जारी कर दी है। इस प्रकार पार्टी द्वारा घोषित प्रत्याशियों की संख्या 56 हो गई है। साथ ही उन्होंने मैनपुरी सीट पर प्रत्याशी भी बदलकर सपा की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। सपा की डिंपल यादव के खिलाफ गुलशन देव शाक्य को उतारा है।

सोशल इंजीनियरिंग के फामूले को अपनाते हुए मायावती ने बदायूं से मुस्लिम खां, बरेली से छोटेलाल गंगवार , सुल्तानपुर से उदराज वर्मा, फर्रूखाबाद से क्रांति पाण्डेय, बांदा से मयंक द्विवेदी, डुमरियागंज से ख्वाजा समसुद्दीन, बलिया से लल्लन सिंह यादव, जौनपुर से धनंजय सिंह की पत्नी श्रीकला रेड्डी , गाजीपुर से उमेश कुमार सिंह और वाराणसी से अतहर जमाल लारी को प्रत्याशी बनाया है। वहीं अभी तक कई जगह पर मायावती ने प्रत्याशी नहीं घोषित किए हैं,जिससे वहां संशय की स्थिति बनी हुई है।

## सपा का जमीनी हकीकत से नहीं रहा कोई सरोकार

लखनऊ: भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी मंगलवार को जारी एक बयान में कहा कि सपा कार्यकाल में भ्रष्टाचार, बेरोजगारी चरम पर थी। सपा कार्यकाल में युवा पलायन को मजबूर हो गए थे, लिहाजा प्रदेश के युवा पहले ही सपा को नकार चुके हैं। सपा कार्यकाल में प्रदेश में बेरोजगारी दर 18 प्रतिशत तक थी।

# बसपा नहीं खोल रही है पत्ते

## भाजपा व सपा खेमे में बढ़ी बेचैनी जनता को भी है इंतजार

विरेश शुक्ला, हरदोई

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव के लिए कल से जिले में नामांकन शुरू हो जाएंगे। भाजपा व इंडिया गठबंधन ने अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया है, लेकिन अभी तक बसपा ने अपने पत्ते नहीं खोले हैं, जिसे लेकर जहां भाजपा व सपा खेमे में बेचैनी बढ़ रही है, वहीं जनता भी बसपा प्रत्याशी का बेसब्री से इंतजार कर रही है। भाजपा व इंडिया गठबंधन से चुनाव लड़ रहे दोनों प्रत्याशियों को जनता कई बार सांसद बना चुकी है, लेकिन वह जनता की अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतरे। यही वजह है कि अब तक जिले में चुनाव को लेकर पूरी तरह खामोशी छायी हुई है।

जिले में चौथे चरण में चुनाव होना है। 18 अप्रैल से नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। भाजपा ने सबसे पहले अपना प्रत्याशी घोषित किया। भाजपा से जयप्रकाश रावत चुनाव मैदान में हैं। वह वर्तमान सांसद होने के साथ-साथ पहले भी कई बार सांसद रह चुके हैं। प्रत्याशी घोषित होने से पहले ही भाजपा ने चुनाव की तैयारी पूरी करते हुए जगह-जगह बैठकें कर चुनावी माहौल बना लिया है।

वहीं सबसे पहले प्रत्याशी घोषित करने में भी भाजपा ने हाथ मार लिया। भाजपाई मोदी की दम पर चुनाव में दम भर रहे हैं, लेकिन पूर्व में कई बार सांसद रहने के बावजूद जयप्रकाश की जनता से दूरी अभी मतदाताओं को शांत कराए है। जिले में जनता के बीच न तो कोई चुनाव की चर्चा हो रही है और न हार-जीत के बारे में अभी कोई अटकल लगाई जा रही है। इसकी वजह यह है कि इंडिया गठबंधन ने ऊषा वर्मा को अपना प्रत्याशी बनाया है। वह भी कई बार लोकसभा सांसद यहां से रह चुकी हैं। जयप्रकाश व ऊषा वर्मा की कार्यप्रणाली लगभग एक सी रही। दोनों सिर्फ चुनाव में नजर आते हैं। ऐसा जनता का कहना है। बहुजन समाज पार्टी ने अभी तक कोई प्रत्याशी घोषित नहीं किया है, जबकि कल से नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। बसपा के प्रत्याशी की घोषणा न होने से भाजपा व इंडिया गठबंधन के लोग भी चिंतित है। बसपा किसको प्रत्याशी बनाएगी इसको लेकर दोनों दल काफी मंथन कर रहे हैं। जनता भी बसपा प्रत्याशी का इंतजार इसलिए कर रही है कि शायद चुनाव में बसपा उन्हें कोई नया चेहरा दे सके, क्योंकि अब तक घोषित दोनों प्रत्याशियों को वह अब वर्षों से देख रही है, उनकी कार्यप्रणाली से भी जनता बखूबी वाकिब हो चुकी है।


जय प्रकाश रावत


उषा वर्मा

### 1991 से रहे सांसद

1991 में हुए लोकसभा चुनाव में जयप्रकाश रावत भाजपा से लोकसभा का चुनाव जीते थे। वह 1996 तक सांसद रहे। 1998 में ऊषा वर्मा सपा से सांसद चुनी गईं। 1999 में पुन: जयप्रकाश लोकतांत्रिक कांग्रेस से सांसद बने। 2004 से 2009 तक ऊषा वर्मा फिर समाजवादी पार्टी से सांसद बनीं। 2019 में हुए चुनाव में जयप्रकाश फिर भाजपा से चुनाव जीते। वर्तमान में वह हरदोई लोकसभा क्षेत्र के सांसद व भाजपा के प्रत्याशी हैं।

### कांग्रेस ने लगाई थी जीत की हैट्रिक

वर्ष 1957 में हरदोई आरक्षित सीट से जनसंघ के शिवदीन और आरक्षित सीट से कांग्रेस के छेदालाल गुप्ता ने जीत दर्ज कराई। उस दौरान हरदोई संसदीय क्षेत्र से दो सीटें हुआ करती थीं। इसके बाद वर्ष 1962, 1967 व 1971 में कांग्रेस के ही किंदरलाल ने जीत की हैट्रिक लगाई। 1977 में जनता पार्टी से परमाई लाल, 1980 में कांग्रेस के मन्नीलाल एवं 1984 में कांग्रेस के किंदरलाल ने पुन: जीत दर्ज की।

### भाजपा के लिए हैट्रिक का मौका


वर्ष 2014 में भाजपा से अंशुल वर्मा को 3,60,501 वोट मिले और जीते। जबकि बसपा से शिव प्रसाद वर्मा, सपा से ऊषा वर्मा, कांग्रेस से सर्वेश कुमार हारे। इसी तरह 2019 में भाजपा से जय प्रकाश को 5,68,143 वोट मिले और जीते। जबकि सपा से ऊषा वर्मा, कांग्रेस से वीरेंद्र कुमार को हार का सामना करना पड़ा। 2024 का लोकसभा चुनाव भाजपा के लिए हैट्रिक का मौका है।

### 9वीं बार संसदीय चुनाव लड़ेंगे जय प्रकाश

भाजपा प्रत्याशी घोषित किए गए सांसद जय प्रकाश का 9वां चुनाव होगा। आठ बार वह सीधे जनता से और एक बार राज्यसभा के लिए चुनाव लड़ चुके हैं। इनमें से वह पांच बार चुनाव जीत चुके हैं। तीन बार हार का सामना करना पड़ा। वर्ष 1991 और 1996 में भाजपा के टिकट पर हरदोई से चुनाव लड़कर जीते थे। 1998 में हार गए थे। 1999 में लोकतांत्रिक कांग्रेस के प्रत्याशी के रूप में चुनाव जीते थे।वर्ष 2004 में मोहनलालगंज से सपा के टिकट पर लड़कर जीते थे। वर्ष 2009 में बसपा के टिकट पर मोहनलालगंज से लड़कर हार गए थे, लेकिन इसी साल राज्यसभा पहुंचने में कामयाब रह थे। वर्ष 2014 में वह मिश्रिख से सपा के टिकट पर लड़कर हारे थे। वर्ष 2019 में भाजपा के टिकट पर हरदोई से सांसद चुने गए।


# आईना : हरदोई लोकसभा सीट

### 2019 चुनाव का लेखा जोखा




| उम्मीदवार | वोट |
|---|---|
| जय प्रकाश रावत | 5,68,143 |
| उषा वर्मा | 4,35,669 |
| वीरेन्द्र कुमार | 19,972 |

### 2014 में किसको कितने वोट





| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | अंशुल वर्मा | 3,60,501 |
| बसपा | शिव प्रसाद | 2,79,158 |
| सपा | उषा वर्मा | 2,76,543 |
| कांग्रेस | सर्वेश कुमार | 23,298 |

| 2019 नोटा | 2014 नोटा |
|---|---|
| 11,024 | 7,660 |

### 2009 चुनाव के आंकड़े


| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| सपा | ऊषा वर्मा | 2,94,030 |
| बसपा | राम कुमार कुरील | 2,01,095 |
| बीजेपी | पूर्णिमा वर्मा | 54,115 |




### निर्वाचित सांसद

| वर्ष | सदस्य | दल |
|---|---|---|
| 1952 | बुलाकाई राम वर्मा | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1957 | द्रोहर शिवदीन | जनसंघ |
| 1957 | छेदा लाल गुप्ता | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1962,67व 71 | किंदर लाल | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1977 | परमाई लाल | जनता पार्टी |
| 1980 | मन्नी लाल | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1984 | दयालु लाल | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1989 | परमाई लाल | जनता पार्टी |
| 1990 | चौधरी चंद राम | जनता दल |
| 1991 व 96 | जय प्रकाश रावत | भारतीय जनता पार्टी |
| 1998 | उषा वर्मा | समाजवादी पार्टी |
| 1999 | जय प्रकाश रावत | लोकतांत्रिक कांग्रेस |
| 2004 व 09 | उषा वर्मा | समाजवादी पार्टी |
| 2014 | अंशुल वर्मा | भारतीय जनता पार्टी |
| 2019 | जय प्रकाश रावत | भारतीय जनता पार्टी |

**कुल मतदाता-** 30,12,336
**पुरुष मतदाता-** 15,78,041
**महिला मतदाता-** 14,34,227



# वर्चस्व बरकरार रखने की चुनौती का सामना कर रहे जयंत

- रालोद प्रमुख और पत्नी चारु चौधरी जुटे एनडीए को जिताने में

पद्माकर पाण्डेय ,लखनऊ

**अमृत विचार:** पहले चरण में पश्चिम उप्र. की तीन लोकसभा सीटों पर मतदान होना है। सियासी चौसर बिछ चुकी हैं। भाजपा नेतृत्व वाले एनडीए व इंडी गठबंधन में सिमट चुके लोकसभा चुनाव में प्रतिष्ठा बड़े राजनैतिक दलों के साथ ही समर्थक दलों की भी दांव पर लगी है। पिता चौधरी अजित सिंह के निधन के बाद राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के मुखिया जयंत चौधरी के लिए पश्चिम उप्र. की राजनीति में धुरी बने रहने की बड़ी चुनौती है। इसके लिए उन्होंने पश्चिम उप्र. की हर सीट पर पत्नी चारू संग जाकर सभाएं कर रहें हैं।

पश्चिमी उप्र. की राजनीति जाट, मुस्लिम और किसानों के आस-पास ही घुमती है। इन तीनों वर्ग के मतदाता चौधरी चरण सिंह को अपना मसीहा मानते थे। इस क्षेत्र में लोकसभा की 27 सीटें हैं, यही वजह है कि चुनाव के ऐन वक्त पूर्व, केन्द्र सरकार ने चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न सम्मान देकर, पश्चिम उप्र. के मतदाताओं के दिलों में न केवल पहुंचने का मार्ग प्रशस्त किया बल्कि जयंत चौधरी के भाजपा गठबंधन में आने का बड़ा मौका दे दिया।

हुआ भी वही, इंडिया गठबंधन का हिस्सा बन चुके जयंत चौधरी ने पीएम मोदी को बड़े दिल वाला बताते हुए, एनडीए गठबंधन का हिस्सा बन गये, इतना ही नहीं इसके लिए उन्होंने सीटों से समझौता भी किया, इंडिया गठबंधन में मिली छह सीटें को बलिदान कर यहां मात्र दो सीटों पर ही संतोष किया है।



### ऐसा था परिणाम

राजनीतिक खिलाड़ियों की माने तो समझौता सीट का नहीं है, बल्कि पश्चिम उप्र. में वर्चस्व बरकरार रखने की है। इसके अलावा रालोद को भी मजबूती से खड़ा करना है। इसके लिए उन्हें एनडीए से मिली दोनो सीटें बिजनौर और बागपत सीट पर अपने प्रत्याशियों को जिताने के अलावा पश्चिम उप्र. में एनडीए के सभी प्रत्याशियों को जीत दिलाने की है इसके लिए जयंत चौधरी कोई कसर नहीं छोड़ रहें हैं, भाजपा के प्रस्तावित चुनावी प्रचार में मंच साझा करने वाले रालोद प्रमुख खुद के साथ पत्नी चारू चौधरी को भी प्रचार की जिम्मेदारी दिये हैं, पहली बार चौधरी परिवार की किसी महिला द्वारा, क्षेत्र में महिला मतदाताओं के बीच पहुंच कर, राजनैतिक पैठ बनाने की कोशिशे की जारी हैं।

# राजनीति से दूर हुए राजघराने, दरबारों में सन्नाटा

## कभी सांसद, विधायक बनने की रखते थे चाहत, अब टिकट से वंचित

विनय सिंह, लखनऊ

**अमृत विचार:** सांसद या विधायक बनकर अपनी शान-ओ-शौकत और रूतबे को बदलते वक्त के साथ बनाये रखने की चाहत रखने वाले राजघरानों के लोग अब कहां है? दरअसल, प्रदेश से वास्ता रखने वाले राजघरानों के न तो राजा और न ही युवराज राजनीति में अब सक्रिय दिख रहे। उनके दरबारों में भी इस बार सन्नाटा पसरा है। या तो पार्टियों ने उन्हें टिकट देना बंद कर दिया या फिर उनकी स्वयं राजनीति में दिलचस्पी खत्म हो गई? एक जमाने में राजा-महराजों का राजनीति में पूरा दखल रहता था। लेकिन 2024 के चुनाव में उनका दखल खत्म होते दिख रहा है। राज्य के बड़े-बड़े राजा इस बार चुनाव से बाहर हैं। हालांकि एक वक्त था जबकि राजघरानों के पुरुष ही नहीं महिलाओं के लिए भी राजनीति का मंच बड़ा मुफीद था।



### राजकुमारी रत्ना सिंह



प्रतापगढ़ में कालाकांकर रियासत की वंशज राजकुमारी रत्ना सिंह 11वीं, 13वीं और 15वीं लोकसभा का चुनाव लड़ लोकसभा पहुंची थी। नेशनल इलेक्शन वाच नामक एनजीओ ने एक समय उन्हें सबसे धनी सांसद माना था। 2014 में वह कुंवर हरिवंश सिंह से चुनाव हार गई थी। इसके बाद कुछेक बार वह राजनीति में सक्रिय दिखी। भाजपा द्वारा प्रतापगढ़ सीट से टिकट फाइनल करने के बाद वह भी राजनीति में निष्क्रिय हो गईं।

### राजा अरिदमन सिंह



आगरा के भदावर राजघराने के राजा अरिदमन सिंह बाह विधानसभा से छह बार विधायक और राज्यमंत्री रह चुके हैं। 2009 में लोकसभा का चुनाव भाजपा उम्मीदवार के रूप में लड़ा, लेकिन हार गए। 2012 से 2017 के बीच वह सपा के भी सदस्य रहे हैं। बाद में वह अपनी पत्नी रानी पक्षालिका सिंह के साथ भाजपा में शामिल हो गए। फिलहाल इस बार उन्हें टिकट नहीं मिला है।

### कुंवर आरपीएन सिंह



कुंवर रतनजीत प्रताप नारायण सिंह (आरपीएन सिंह) कुशीनगर के सैंथवार शाही परिवार से ताल्लुक रखते हैं। वह गृह मंत्रालय में पूर्व राज्यमंत्री रहे हैं। 15वीं लोकसभा में कुशीनगर निर्वाचन क्षेत्र से चुने गए थे। 2014 में उनको भाजपा के राजेश पांडेय से चुनावी मात मिली। 2019 में भी वह हार गए। 2020 में आरपीएन सिंह को एआईसीसी ने झारखंड और छत्तीसगढ़ का प्रभारी बनाया था। 2022 में उन्होंने कांग्रेस से इस्तीफा देकर भाजपा का दामन थाम लिया।

### कुंवर अक्षय प्रताप सिंह



जामोन स्टेट के उत्तराधिकारी कुंवर अक्षय प्रताप सिंह 2004 में सपा से जीते थे। 2009 में राजकुमार रत्ना सिंह से हार गए। पांचवी बार प्रतापगढ़ से एमएलसी बने। अक्षय प्रताप सिंह कई आपराधिक मामलों में जांच का सामना कर रहे हैं। एक जांच सीबीआई कर रही है। फिलहाल लोकसभा-2024 के चुनाव में वह निष्क्रिय दिख रहे हैं।

### राजा अजेय प्रताप सिंह



देश के पूर्व प्रधानमंत्री एवं मांडा स्टेट के राजा वीपी सिंह के पुत्र अजेय प्रताप सिंह जनमोर्चा पार्टी के अध्यक्ष रहे हैं। बाद में पार्टी का कांग्रेस में बिलय हो गया था। 1956 में जन्मे अजेय प्रताप बतौर पार्टी अध्यक्ष कुछ दिनों तक तो राजनीति में सक्रिय रहे, लेकिन 2012 के बाद वह पूर्ण रूप से निष्क्रिय रहे। राजनीतिक गलियारों में अब अजेय प्रताप की चर्चा भी नहीं होती है।

### राजा संजय सिंह



अमेठी स्टेट के राजा संजय सिंह 1980 के दशक में उप्र. में दो बार एमएलए चुने गए और राज्यमंत्री भी रहे। 1990 में कांग्रेस से राज्यसभा पहुंचे। 1998 में लोकसभा का चुनाव लड़कर लोकसभा पहुंचे। 15वीं लोकसभा में भी सदस्य बनकर पहुंचे। राज्यसभा में असम का प्रतिनिधित्व किया। 2019 में उन्होंने कांग्रेस से इस्तीफा दिया और भाजपा में शामिल हो गए। लोग कयास लगा रहे थे कि इस बार सुल्तानपुर सीट से उन्हें टिकट मिल सकता है। लेकिन मेनका गांधी को टिकट मिलने के बाद संजय सिंह लगभग निष्क्रिय दिख रहे हैं।

### बेगम नूर बानो



रामपुर के लोहारू रियासत में अमीन-उद-दीन अहमद खान और शौकत जहां वेगम के घर में जन्मी बेगम नूर बानो 11वीं और 13वीं लोकसभा में सदस्य रही हैं। 10 वर्ष तक राजनीतिक विश्राम के बाद उन्होंने 2023 में फिर से राजनीति में सक्रियता दिखाई और रामपुर की जनता समेत इंडी गठबंधन को भी हैरत में डाल दिया था। हालांकि 2024 में उन्हें टिकट न मिलने से मायूसी हाथ लगी।

### कुंवर भारतेंद्र सिंह



बिजनौर के राजपरिवार के संबंध रखने वाले कुंवर भारतेंद्र सिंह 2014 में 16वीं लोकसभा के लिए चुने गए। इससे पहले 2002 और 2012 में वह विधायक चुने गए थे। 2012 से 2014 तक भारतेंद्र सिंह भाजपा से विधानसभा में सचेतक के तौर पर भी कार्यरत रहे हैं। जाट समुदाय से संबंध रखने वाले कुंवर भारतेंद्र को 2015 में अवैध खनन से जुड़े एक मामले में काफी विवादों के सामने करना पड़ा। 2019 में वह बिजनौर लोकसभा का चुनाव हार गए। इसके बाद वह सक्रिय राजनीति से गायब हैं।

# चुनाव प्रचार की व्यस्तता के बीच योगी ने की गोसेवा

**अमृत विचार,लखनऊः** लोकसभा चुनाव को लेकर युद्धस्तर पर चुनाव प्रचार में जुटे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को गोरखपुर पहुंच कर गोरखनाथ मंदिर की गोशाला में गोसेवा की। उन्होंने गोशाला का भ्रमण कर उन्होंने गोवंश का हाल जाना और उन्हें अपने हाथों से रोटी-गुड़ खिलाया।

सोमवार को बिहार में चुनाव प्रचार करने के बाद मुख्यमंत्री गोरखपुर पहुंचे थे। मंगलवार पूर्वाह्न पश्चिमी उत्तर प्रदेश में चुनाव प्रचार में जाने से पूर्व उन्होंने प्रातःकाल गोरखनाथ मंदिर में गुरु गोरखनाथ का दर्शन-पूजन किया और अपने गुरु ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि स्थल पर जाकर मत्था टेका। इसके बाद योगी मंदिर की योगी गोशाला में पहुंचे और वहां कुछ समय व्यतीत किया। गोशाला में उन्होंने चारों तरफ भ्रमण करते हुए श्यामा, गौरी, गंगा, भोला आदि नामों से गोवंश को पुकारा। बाद में उन्हें योगी ने अपने हाथों से उन्हें रोटी और गुड़ खिलाया।

## मन्दिर के पीछे चल रही हथियार फैक्ट्री का भंडाफोड़

**मथुरा, एजेंसी :** जिले के जैत थाना क्षेत्र की पुलिस ने चामड़ माता मन्दिर के पीछे लगभग 200 मीटर दूर जंगल में हथियार बनाने की एक फैक्ट्री का भंडाफोड़ करते हुए दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर चामड़ माता मन्दिर के पीछे जंगल में बनी एक कोठरी में संचालित हथियार फैक्ट्री का भंडाफोड़ करते हुये दो बदमाशों को धर दबोचा। पकड़ा गया बदमाश मनीष उर्फ मानवेन्द्र अलीगढ का निवासी है जबकि कमल उर्फ गुल्ला मथुरा का निवासी है। एक अन्य बदमाश अकरम पुलिस को चकमा देकर भागने में सफल हो गया। पुलिस अधीक्षक नगर डा अरविन्द कुमार ने बताया कि अवैध फैक्ट्री से 10 अदद छोटे बड़े तमंचे .315 बोर ,एक तमंचा .303 बोर आदि बरामद किया गया है।

### परिजनों को पहले ही दी गई थी पीएम रिपोर्ट खराब करने की धमकी, बीमा क्लेम फंसा

# मरने के एक माह पहले ही कर डाला पोस्टमॉर्टम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) की मर्च्युरी में डॉक्टरों ने व्यक्ति का मरने से एक माह पहले ही पोस्मार्टम कर डाला। जब परिजनों को रिपोर्ट मिली तो वह परेशान हो गए। रिपोर्ट लगाने के बाद बीमा का क्लेम अटक गया। इसके बाद परिजन लगातार रिपोर्ट सही कराने के लिए सीएमओ कार्यालय और केजीएमयू के चक्कर काट रहे हैं। आरोप है कि मनमुताबिक रिपोर्ट के लिए कर्मचारी ने रुपये मांगे थे। मना करने पर धमकी दी थी कि ऐसी रिपोर्ट बनाएंगे की बीमा क्लेम के लिए परेशान हो जाओगे। वसूली में असफल आरोपी ने मनमानी रिपोर्ट दी। जिससे मृतक के परिजन परेशान हो गए हैं।

### घरवालों को डराकर 10 हजार रुपये मांगे थे

सुल्तानपुर में एक व्यक्ति 17 फरवरी को हादसे में घायल हो गया था। उसे अयोध्या के जिला अस्पताल से रेफर करा कर केजीएमयू के ट्रॉमा सेंटर में लाया गया था। यहां डॉक्टरो ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों के मुताबिक इस दौरान केजीएमयू के ही एक अवस्थी नाम के व्यक्ति ने कहा कि मृतक शराब पिए हुए था। यदि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में डॉक्टरों ने इसका जिक्र कर दिया तो बीमा का क्लेम नहीं मिलेगा। उसने कहा कि फार्मासिस्ट पंवार से उसकी पूरी सेटिंग है। घरवालों को डरा कर 10 हजार रुपये डॉक्टरों को देने की बात कह कर मांग की। पीड़ित परिवार से दो हजार रुपये तुरंत ले लिए। शेष रुपये ऑनलाइन भेजने को कहा। इसके बाद वह रुपयों के लिए लगातार कॉल कर रहा था। रुपये न देने की स्थिति में धमकी देने लगा। जिसकी कॉल रिकार्डिंग भी मौजूद हैं।

### जांच के बाद सुरक्षा गार्ड को हटाया था

आरोपी की धमकी को लेकर परिजनों ने 29 फरवरी को सीएम जन सुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी। मामले में केजीएमयू प्रशासन ने जांच समिति का गठन कर दिया। जांच समिति की रिपोर्ट में कहा गया कि कथित अवस्थी नाम के आरोपी की पहचान सुरक्षा गार्ड राजेश अवस्थी के नाम से हुई है। ऑडियो में उसकी आवाज की पुष्टि होने पर उसे मर्च्युरी की सेवा से हटा दिया गया है। जांच में अन्य किसी का शामिल होना नहीं पाया गया। इस मामले में फार्मासिस्ट पीएस पंवार का भी नाम आया था, लेकिन जांच में पता चला कि घटना के दिन पीएस पंवार छुट्टी पर थे।

- **केजीएमयू की मर्च्युरी में डॉक्टरों ने किया कारनामा**

**पीएम और शव सुपुर्दगी के समय में भी खेल :** परिजनों के माध्यम से मिली पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में लिखा गया है कि शव का पोस्टमॉर्टम वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. अविनाश कुमार ने किया है। मर्च्युरी में शव प्राप्त करने का समय 18 फरवरी को 1:20 बजे का है। जबकि पोस्टमॉर्टम करने का समय 18 जनवरी 2:45 बजे का दर्ज किया गया है। पीएम आधे घंटे तक किया गया। परिजनों ने मुताबिक तारीख में अंतर आने से अब बीमा क्लेम नहीं मिल पा रहा है। इस संबंध में डॉ. सुधीर सिंह, प्रवक्ता केजीएमयू ने कहा कि पीएम रिपोर्ट में संशोधन करना सीएमओ ऑफिस का काम है। यदि मर्च्युरी के कर्मचारी ने कोई लापरवाही की है तो शिकायत मिलने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी। वहीं डॉ. मनोज अग्रवाल, सीएमओ का कहना है कि पीएम रिपोर्ट में किसी भी गलती में सुधार करने का काम मर्च्युरी और पुलिस से संबंधित है। सीएमओ से कोई मतलब नहीं होता।

### विवादों में रहा कर्मचारी

सूत्रों का कहना है कि जिस कर्मचारी को केजीएमयू प्रशासन बचाने का प्रयास कर रहा है, उसका पहले भी कई मामलों में नाम आ चुका है। ट्रांसफर होने के बावजूद करीब 10 साल से एक ही जगह पर तैनाती है। करीब चार महीने पहले एक शव से जेवर गायब होने का मामला आया था। इस मामले को भी दबा दिया गया।

## सार-संक्षेप

### श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह विवाद मामले की सुनवाई अब 22 को

**विधि संवाददाता, प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट में श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह विवाद मामले में मंगलवार को सुनवाई के दौरान हिंदू पक्ष के अधिवक्ताओं ने कहा कि शाही ईदगाह परिसर की जमीन मंदिर ट्रस्ट की है। एक गलत समझौते के कारण शाही ईदगाह को जमीन मिल गई है। हिंदू पक्ष के अधिवक्ताओं ने शाही ईदगाह परिसर की संपूर्ण जमीन को मंदिर ट्रस्ट को दिए जाने की मांग की। लगभग 3 घंटे की सुनवाई के बाद कोर्ट ने आगामी 22 अप्रैल को अगली सुनवाई सुनिश्चित की है। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन की एकलपीठ के समक्ष हुई। मथुरा की श्रीकृष्ण जन्मभूमि से शाही ईदगाह मस्जिद का अवैध कब्जा हटाने सहित कई मामलों को लेकर दाखिल 18 सिविल वादों की पोषणीयता, आपत्ति को लेकर बहस चल रही है।

### नाबालिग के साथ दुराचार के आरोपी को 20 साल की कैद

**विधि संवाददाता, लखनऊ :** नाबालिग के साथ दुराचार के आरोपी तकियापुर महमूदाबाद का रहने वाले अंकित उर्फ बाराती को पाक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश विजेंद्र त्रिपाठी ने 20 वर्ष के कठोर कारावास एवं 5 हजार रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई है। अभियोजन की ओर से विशेष अधिवक्ता अभिषेक उपाध्याय ने अदालत को बताया कि इस मामले की रिपोर्ट 4 अगस्त 2020 को विभूति खंड थाने में दर्ज कराई गई थी। आरोप लगाया गया कि अभियुक्त ने पीड़िता को अकेली पाकर दुराचार किया। अदालत को बताया गया कि आरोपी ने पीड़िता को धमकी दी थी कि अगर उसने घटना के बाबत घर में बताया तो वह उसे रेल की पटरी पर डालकर मार डालेगा। बताया गया कि घटना के बाद जब पीड़िता की हालत बिगड़ने लगी तब उसने बताया कि उसके साथ आरोपी अंकित ने दुराचार किया है। यह भी बताया गया कि घटना का समय पीड़िता की उम्र 8 वर्ष थी।

### कन्नौज सीट के लिए अखिलेश पर संशय बरकरार

**लखनऊ, अमृत विचार :** कन्नौज संसदीय सीट के लिए नामांकन की प्रक्रिया शुरु होने को है। लेकिन समाजवादी पार्टी की तरफ से इस सीट के प्रत्याशी को लेकर संशय बना हुआ है। हालांकि, सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने बीते दिनों अपनी उम्मीदवारी का खुलकर एलान तो नहीं किया। लेकिन इस बात पर जोर दिया कि वह कन्नौज नहीं छोड़ेंगे। टिकट पर उन्होंने कहा था कि जल्द घोषणा करेंगे। अब ईद हो चुकी है। नवरात्र भी पूरे होने को हैं। नवरात्र खत्म होते ही 18 अप्रैल से नामांकन भी शुरू हो जाएगा। कन्नौज सीट से भाजपा ने अपना उम्मीदवार घोषित कर रखा है। बसपा ने एक बार टिकट भी बदल दिया है। लेकिन सपा के उम्मीदवार का नाम अब तक सामने नहीं आया है। इस बीच प्रशासनिक और सियासी गलियारों में भी चर्चा है कि सपा से उम्मीदवार कौन होगा और नाम की घोषणा में देरी के पीछे वजह क्या है। सूत्रों के मुताबिक, इसके पीछे सपा प्रमुख की राजनीतिक रणनीति है। सूत्रों की माने तो यह तय है कि चुनाव अखिलेश यादव ही लड़ेंगे और इसकी तैयारी भी चल रही है।

### राहुल-अखिलेश गाजियाबाद में मंच साझा करेंगे

**लखनऊ, अमृत विचार :** इंडी गठबंधन के स्टार प्रचारक 17 अप्रैल को चुनाव मैदान में उतरेंगे। कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी सहारनपुर में पार्टी प्रत्याशी इमरान मसूद के समर्थन में रोड शो करेंगी, जबकि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी व सपा प्रमुख अखिलेश यादव गाजियाबाद में मंच साझा करेंगे। प्रदेश कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन डॉ सीपी राय ने बताया कि लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान से पहले कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव गाजियाबाद में संयुक्त प्रेस वार्ता के माध्यम से मीडिया से बातचीत करेंगे। उन्होंने कहा कि पूरे देश में बदलाव की लहर चल रही है। बीते 10 साल में मोदी सरकार ने जनता से किए हुए किसी वादे को पूरा नहीं किया। इन्होंने जनता को सिर्फ छला है।

# फार्म भरने में हुई गलतियों से 77 हजार छात्र होंगे छात्रवृत्ति से वंचित

### सामान्य वर्ग के लिए 18 जनवरी फार्म भरने की अंतिम तिथि थी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** साइबर कैफे और कॉलेज के स्तर से फार्म भरने में हुई गलतियों का खामियाजा छात्र-छात्राओं को भुगतना पड़ा। पिछले वित्तीय वर्ष (2023-2024) में 77 हजार छात्र-छात्राएं छात्रवृत्ति से वंचित रह गए। शुक्रवार को मुख्य सचिव की अध्यक्षता में छात्र-छात्राओं को आवेदन करने के लिए दोबारा अवसर दिया जाए या नहीं इसको लेकर बैठक होगी।

पिछले वित्तीय वर्ष में अक्टूबर के अंतिम सप्ताह से छात्रवृत्ति के लिए आवेदन शुरू हुए थे। 18 जनवरी 2024 तक छात्रवृत्ति के लिए फार्म भरे गए और 23 जनवरी 2024 को फार्म अग्रसारित किए गए। मार्च के अंतिम सप्ताह में प्रदेश में 20 लाख से अधिक छात्रों को छात्रवृत्ति




दी गई। फार्म भरने के दौरान हुई गलती के कारण छात्रवृत्ति से वंचित हुए 77 हजार छात्र-छात्राएं जिला समाज कल्याण अधिकारी, कॉलेज और समाज कल्याण निदेशालय के चक्कर काटते रहे। अधिकारियों से मिलकर फार्म में हुई गड़बड़ी के बारे में बताया। अधिकतर फार्मों में अनुक्रमांक, पाठ्यक्रम और प्राप्तांक/पूर्णांक भरने में गलतियां हुईं। समाज कल्याण निदेशालय ने पूरा मामला शासन को भेजा है। शासन स्तर पर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में बैठक होगी। बैठक

- **23 जनवरी को कॉलेज के स्तर से फार्म को अग्रसारित किया जाना था**
- **पोर्टल दोबारा खोलने के लिए शुक्रवार को मुख्य सचिव की अध्यक्षता में होगी बैठक**

में वित्त विभाग के प्रमुख सचिव समेत अन्य विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। बैठक में इस बात पर विचार किया जाएगा कि वंचित छात्र-छात्राओं को आवेदन के लिए दोबारा अवसर दिया जाए या नहीं। अगर अवसर दिए जाने पर सहमित बनती है तो पोर्टल खोला जाएगा और वंचित छात्र-छात्राएं आवेदन कर सकेंगे। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने कहा कि प्रयास किया जाएगा कि वंचित छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति का लाभ मिल सके।

## शशांक, विश्वदीप को भाजपा ने दिया टिकट

**लखनऊ, अमृत विचार :** भाजपा ने मंगलवार को लोकसभा की दो और उप्र. की चार विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव के लिए भी उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। पार्टी ने देवरिया से मौजूदा सांसद रमापति राम त्रिपाठी का टिकट काटकर पूर्व सांसद लेफ्टिनेंट जनरल श्रीप्रकाश मणि त्रिपाठी के पुत्र शशांक मणि त्रिपाठी को दिया है। फिरोजाबाद से मौजूदा सांसद चंद्रसेन जादौन का टिकट काटकर ठाकुर विश्वदीप सिंह को प्रत्याशी बनाया है। लखनऊ पूर्वी विधानसभा सीट के उपचुनाव में पार्टी ने ओपी श्रीवास्तव पर दांव लगाया है। वहीं, गैंसड़ी विस. उप चुनाव के लिए से पूर्व विधायक शैलेंद्र सिंह शैलू, ददरौल से विधायक रहे मानवेंद्र सिंह की जगह उनके बेटे अरविंद सिंह को उम्मीदवार बनाया है। जबकि, दुद्धी सीट पर श्रवण गोंडगों को टिकट दिया है। उप चुनाव के लिए लखनऊ में 20 मई, ददरौल में 13 मई, गैसड़ी में 25 मई और दुद्धी में एक जून को वोटिंग होगी।

# मैनपुरी से डिंपल समेत कई प्रत्याशियों ने किया नामांकन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **तीसरे चरण में 26 प्रत्याशियों ने नामांकन किया**

**अमृत विचार :** तीसरे चरण की 10 सीटों के लिए हो रहे चुनाव के लिए मंगलवार को 26 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इनमें मैनपुरी सीट से सपा प्रत्याशी डिंपल यादव, बरेली के लिए बसपा से मास्टर छोटेलाल गंगवार, सपा से प्रवीन सिंह ऐरन समेत अन्य प्रत्याशी शामिल हैं।



सम्भल में चार, हाथरस (अजा) में दो, आगरा (अजा) में दो, फतेहपुर सीकरी में चार, मैनपुरी में दो, एटा में दो, बदायूं में दो, आंवला में चार व बरेली में चार प्रत्याशियों ने नामांकन किया। सम्भल लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए बसपा से चैधरी सौलत अली, किसान क्रांति दल से संतोष और निर्दलीय प्रत्याशियों में राजेश कुमार व अरविन्द कुमार ने नामांकन पत्र भरा। हाथरस (अजा) क्षेत्र के लिए भाजपा से अनूप सिंह व राष्ट्र उदय पार्टी से जयवीर सिंह ने नामांकन पत्र भरा। आगरा (अजा) क्षेत्र के लिए बसपा से पूजा व आदर्श समाज पार्टी से चन्द्रपाल ने नामांकन पत्र भरा। फतेहपुर सीकरी क्षेत्र के लिए बसपा से रामनिवास, भारतीय मजदूर जनता पार्टी से संगीता व राष्ट्रीय जनसंचार दल से वेद प्रकाश ने नामांकन पत्र भरा। फिरोजाबाद क्षेत्र के लिए किसी भी प्रत्याशी द्वारा नामांकन पत्र नहीं भरा। मैनपुरी क्षेत्र के लिए सपा से डिम्पल यादव व भारतीय शक्ति चेतना पार्टी से मंजू पाल ने नामांकन किया। एटा क्षेत्र के लिए सपा से देवेश शाक्य व निर्दलीय प्रत्याशी में कमरूद्दीन खान ने नामांकन पत्र भरा।

## अबू सलेम का फर्जी पासपोर्ट बनाने वाले परवेज को राहत नहीं

विधि संवाददाता, लखनऊ

- **सीबीआई कोर्ट ने अपील को किया खारिज, सजा बरकरार**

**अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय माफिया अबू सलेम एवं उसकी पत्नी समीरा जुमानी के लिए फर्जी पासपोर्ट बनवाने के आरोपी मोहम्मद परवेज आलम की अपील को खारिज करते हुए सीबीआई के विशेष न्यायाधीश विजेश कुमार ने उसे हिरासत में लेकर सजा भुगतने के लिए जेल भेज दिया।

सीबीआई के विशेष अधिवक्ता दीप श्रीवास्तव ने अदालत को बताया कि फर्जी पासपोर्ट मामले में अबू सलेम अब्दुल कयूम अंसारी एवं उसके साथी मोहम्मद परवेज आलम को 27 सितंबर 2022 को सीबीआई की विशेष मजिस्ट्रेट द्वारा तीन साल के कठोर कारावास एवं 25 हजार रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई गई थी जिसके खिलाफ परवेश आलम ने सत्र अदालत में अपील दायर की थी। अदालत को बताया गया कि वर्ष 1993 में मुंबई बम ब्लास्ट के बाद यह बात सामने आई थी कि अबू सलेम ने अपनी पत्नी समीरा जुमानी एवं परवेज आलम तथा अन्य साथियों के साथ मिलकर एक साजिश रची है। बताया गया है कि इस साजिश के तहत कपटपूर्ण तरीके से धोखाधड़ी करके अबू सलेम अब्दुल कयूम अंसारी एवं समीरा जुमानी के सही तथ्य एवं पहचान को छुपा कर फर्जी तरीके से पासपोर्ट हासिल करके कानून से बचकर देश के बाहर भागने की नीयत से धोखाधड़ी की गई थी। इस काम के लिए अकील आज़मी एवं सबीना के नाम से परवेज ने पासपोर्ट आवेदन भर कर पासपोर्ट कार्यालय में दाखिल किया। आवेदन फार्म पर माता-पिता का फर्जी नाम दिया गया तथा पिता का नाम अली अहमद आज़मी अब्दुल कयूम एवं माता का नाम शकीरा जन्नातुनिसा अंकित किया गया।

# डिफाल्टर आवंटियों पर आवास विकास का 2,000 करोड़ बकाया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** आवास एवं विकास परिषद ने भूखंड लेकर पैसा जमा न करने वाले डिफाल्टरों की सूची बनाई है। इन पर 2,000 करोड़ रुपये बकाया है। इनमें सबसे अधिक डिफाल्टर गाजियाबाद की मंडोला योजना, लखनऊ में वृंदावन योजना, आम्रपाली योजना और अवध विहार योजना के आवंटी हैं। इन बिल्डरों ने आवास विकास से भूखंड लेकर पैसा ही जमा नहीं किया और आवंटियों को फ्लैट भी बेच दिए।

पांच वर्षों से ये बिल्डर पैसा जमा नहीं कर रहे हैं। इनमें ग्रुप हाउसिंग, व्यावसायिक और शैक्षणिक भूखंड शामिल हैं। अब आवास विकास ने वसूली के लिए इन बिल्डरों की सूची तैयार की है। इनको पैसा जमा करने के लिए



अंतिम नोटिस भेजी जा रही है। बकाया धनराशि ब्याज सहित जमा न करने पर बिल्डरों व आवंटियों के भूखंड का आवंटन निरस्त करके आवास विकास अपने कब्जे में लेगा। इसके बाद ई-नीलामी से इन भूखंडों को बेचेगा।

**आरसी जारी होने के बाद भी नहीं हो पायी वसूली :** भूखंड लेने के बाद पैसा जमा नहीं करने वालों से धनराशि वसूली के लिए परिषद ने जिलाधिकारी कार्यालय को पत्र लिखा। जिलाधिकारी कार्यालय से वसूली पत्र भी जारी किया गया। इसके बावजूद धनराशि की वसूली नहीं हो पायी। जांच में सामने आया कि कई बिल्डर आवंटियों को फ्लैट बेचकर गायब हो गए। परिषद का लगभग 1,000 करोड़ रुपये डूब गया है।

- **आवास विकास ने बिल्डरों की बनाई सूची**
- **भूखंड लेकर नहीं जमा किया पैसा, फ्लैट बनाकर बेच दिए**

### अधिकारियों ने चहेते बिल्डरों को दे दिये भूखंड

आवास विकास के अधिकारियों एवं सम्पत्ति प्रबंधकों ने अपने चहेते बिल्डरों को जमकर भूखंड बांटे। 10 प्रतिशत धनराशि जमा कराकर योजनाओं में बेशकीमती जमीन आवंटित कर दी। इसके बाद बकाया पैसा जमा कराना भी भूल गए। वसूली के लिए दबाव बनाया और न आवंटन निरस्त करने की कार्यवाही की। परिषद का लगभग 2,000 करोड़ रुपये फंस गया है।


## वर्ग पहेली-42

**बाएं से दाएं**

1. युवा (स्त्री और पुरुष का) वर्ग
3. वृत्त अथवा गोलाई खींचने का एक उपकरण।
6. ठाकुर होने का भाव, ठकुरायत 2. राज्य या उससे संबंध रखने वाला अधिकार या समृद्धि, प्रभुता, स्वामित्व 3. बड़ों के प्रति होने वाली श्रद्धा या प्रीति 4. शासनाधीन प्रदेश।
8. दे. ख़रीददारी।
9. 1. हज़ार सिपाहियों का सरदार 2. मुगल शासन में सरदारों को दिया जाने वाला एक ओहदा।

**ऊपर से नीचे**

2. ऐसे शब्द जिनके अंत में 'इ' हो
4. 1. जो धृष्टता करता हो, बेअदब 2. बड़े-बुज़ुर्गों का आदर न करने वाला 3. संकोच न करने वाला, निर्लज्ज 4. अशिष्ट,अक्खड़ 5. साहसी, निडर, निर्भय 6. हठीला, दुराग्रही 7. स्वेच्छाचारी।
5. 1. दुनियादार होने का भाव या गुण 2. व्यवहार-कुशलता, लोकचातुरी 3. सांसारिक प्रपंच, लोकाचार, लोकव्यवहार, संसार का जंजाल 4. घर-गृहस्थी का कामकाज, घर-परिवार का प्रपंच, गृहस्थी का झंझट या बखेड़ा 5. लोगों को दिखाने के लिए किया गया आचरण।
7. 1. भेदी 2. गुप्तचर 3. रहस्य जानने वाला।



### वर्ग पहेली -41 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 जु | लू | स | ■ | ■ | ■ | 2 ठु |
| साँ | ■ | ■ | 3 अ | पी | ड़ | न |
| दा | ■ | ■ | नु | ■ | ■ | ठु |
| ■ | 4 अ | धि | दे | य | ■ | न |
| 5 गा | व | ■ | श | ■ | ■ | ■ |
| ■ | भा | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ |
| ■ | 6 स | दा | च | र | ण | ■ |

## सुडोकू -121

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | | | | 5 | | | 9 |
| | | 7 | | 4 | | | 8 | |
| 2 | | | | | 6 | | | |
| | | 5 | | | 8 | | | 1 |
| | 1 | | | | | | 2 | |
| 4 | | | 9 | | | 5 | | |
| | | | 2 | | | 6 | | 3 |
| | 4 | | | 5 | | | | |
| 9 | | | 3 | | | | 4 | 7 |

### सुडोकू -120 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 3 | 6 | 8 | 1 | 9 | 4 | 2 |
| 4 | 8 | 6 | 3 | 2 | 9 | 1 | 5 | 7 |
| 2 | 1 | 9 | 5 | 7 | 4 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 4 | 2 | 8 | 1 | 5 | 3 | 7 | 9 |
| 7 | 3 | 5 | 9 | 4 | 6 | 2 | 8 | 1 |
| 1 | 9 | 8 | 2 | 3 | 7 | 5 | 6 | 4 |
| 9 | 5 | 7 | 4 | 6 | 2 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 4 | 1 | 9 | 8 | 7 | 2 | 5 |
| 8 | 2 | 1 | 7 | 5 | 3 | 4 | 9 | 6 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 17 अप्रैल बुधवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-नवमी 15.14 तक तत्पश्चात दशमी।

### आज का पंचांग




व्रत/त्योहार- राम नवमी

दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-वसंत।

चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुम्भ।

ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-अश्लेशा पूर्णरात्रि तक।


मेष

आज विद्यार्थी पढ़ाई में लापरवाही कर सकते हैं। व्यर्थ के खर्चों पर रोक लगाएं। आज जीवनसाथी से परामर्श कर काम करना लाभकारी होगा। महंगी वस्तुओं की खरीदी कर सकते हैं। प्रेम संबंधों में तनाव बढ़ने की आशंका है।


वृष

आज व्यवसाय में आपको पुराने अनुभवों का लाभ होगा। कार्यक्षेत्र में अतिरिक्त समय दे सकते हैं। आज आप अपनी कार्यक्षमता को अच्छी तरह से परख भी सकते हैं। उच्च पदस्थ लोगों के बीच आपका सम्मान बढ़ेगा।


मिथुन

आज ससुराल पक्ष से संबंध मधुर रहेंगे। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। आय-व्यय में उत्तम सन्तुलन बना रहेगा। मन की किसी दुविधा का निराकरण होगा। परोपकार के कार्यों में रुचि लेंगे। सरकारी जॉब कर रहे लोगों की आय बढ़ेगी।


कर्क

आज नव उद्यमियों को शासन से सहयोग प्राप्त हो सकता है। भावुक होकर निर्णय करने से नुकसान होने की आशंका है। छोटे भाई-बहन को लेकर आप चिन्तित हो सकते हैं। किसी पर ज्यादा निर्भर होना ठीक नहीं है।


सिंह

आज नजदीकी लोगों से गलतफहमी उभरेगी। कार्यक्षेत्र में बाधाएं आने की आशंका है। अधूरे कार्यों के कारण तनाव हो सकता है। आपका मन काफी अशान्त हो सकता है। दूसरों के कार्यक्षेत्र में आपको प्रभाव डालने से बचना चाहिए।


कन्या

आज कार्यक्षेत्र की बाधाओं का निवारण होगा। अति आत्मविश्वास से बचने का प्रयास करें। जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। रचनात्मक कार्यों में आप रुचि लेंगे। वैवाहिक जीवन काफी सुखद रहेगा।


तुला

आज आप पुराने विवादों को सुलझा सकते हैं। अपने अधीनस्थ कर्मचारियों की भावनाओं का ध्यान रखें। अपनी छुपी हुई प्रतिभा को विकसित करने का प्रयास करें। आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। अपने कार्यों को दूसरों के साथ शेयर न करें।


वृश्चिक

आज बच्चों के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कला क्षेत्र से जुड़े लोगों को अपने करियर को लेकर थोड़ी असुरक्षा की भावना उत्पन्न हो सकती है। अधूरे कार्यों को पूरा करने के लिये मेहनत करेंगे। बच्चों के व्यवहार पर नजर बनाए रखें।


धनु

आज कार्यक्षेत्र का तनाव आपकी मानसिक स्थिति को प्रभावित कर सकता है। परिवार में लोगों को नाराज न करें। अपने मत को किसी पर भी न थोपें। वरना आपके भावों को समझने के बजाय उल्टा अर्थ समझ सकते हैं।


मकर

आज व्यावसायिक यात्रा करनी पड़ सकती है। आपकी कार्यक्षमता पर सकारात्मक असर पड़ेगा। विरोधी आपसे आकर्षित रहेंगे। अपनी उपलब्धियों पर गौरवान्वित रहेंगे। कार्यक्षेत्र में उच्च पद मिल सकता है। आज काफी धार्मिक विचारों से प्रभावित हो सकते हैं।


कुंभ

आज आलस्य से आपको बचना चाहिए। परिवार में कलह हो सकती है। महिलाएं थोड़ी भावुक रहेंगी। राजनीति से जुड़े लोगों को सावधानी रखनी चाहिए। कानूनी मामले उलझ सकते हैं। किडनी के रोगियों को समस्या हो सकती है।


मीन

आज कार्यक्षेत्र में शानदार सफलता मिल सकती है। आईटी और सॉफ्टवेयर क्षेत्र से जुड़े लोगों को जॉब के बेहतरीन अवसर मिलेंगे। आपका मन काफी शान्त रहेगा। मनोरंजन पर धन खर्च करेंगे। छोटी बातों का बतंगड़ बनाने से बचें।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
शक्तिमान
दोपहर : 01.54
चालबाज
शाम : 05.21

&pictures
2.0
सुबह : 10.32
शेरदिल : द पीलीभीत सागा
रात : 08.00

SONY PIX
कैप्टेन फिलिप्स
सुबह : 11.30
सॉल्ट
रात : 07.48

ZEE CINEMA
त्रिदेव
सुबह : 11.30
दिल का क्या कसूर
शाम : 06.00

colors CINEPLEX
जुर्माना
सुबह : 11.48
भागम भाग
रात : 08.58

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

दोस्त- तेरी बीवी ने तुझे घर से क्यों निकाला?
चिंटू- तेरे ही कहने पर उसे चेन गिफ्ट की थी, इसलिए निकाला...
दोस्त- चेन चांदी की थी क्या?
चिंटू- नहीं साइकिल की..
दोस्त फिर तो तेरी बीवी ने बिल्कुल ठीक किया

चिंटू को मच्छर ने काटा तो वो उसे मारने के लिए रातभर कमरे में दौड़ता रहा।
सुबह हो गई मगर मच्छर नहीं मरा।
चिंटू बोला : चलो मार नहीं पाया तो क्या हुआ,
रातभर मैंने इसे सोने भी तो नहीं दिया।

## बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन–तुलसी 1850, राज श्री 1340, फ़ॉर्चून कि. 1820, रविन्द्रा 1810, फॉर्चुन ली0 1670, जय जवान 1435, सचिन 1610, सूरज 1460, अवसर 1710, राग गोल्ड 1710, गृहणी 1610, क्लासिक (किलो) 1700, मोर 1580, चक्र टिन 1665, ब्लू 1730, आशीर्वाद मस्टर्ड 1730, स्वास्तिक 1820। किराना– (प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 17500, जीरा 40000, लाल मिर्च 20000–24000, धनिया 9000–11000, अजवायान 16000–24000, मेथी 8600, सौंफ 12000–18000, सोंठ 45000, (प्रतिकि0) लौंग 920–1000, बादाम 580–680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140–180, मखाना 650–950। चावल – (प्रति कु0)डबल चाबी सेला 10200, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4250, खजाना 4250 । दाल दलहन –मूंग दाल इंदौर 11500, मूंग धोवा काला क्राउन 11100, राजमा चित्रा 13200–14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750–7100 मलका दाल 7175–7700, मलका छाँटी 7350, दाल उड़द बिलासपुर 10500–11400, मसूर दाल छोटी 9000–9600, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13500, उड़द धोवा 11500–12100, दाल चना 7350, लाल हिंदुस्तान 7450, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8100, चना अकोला 8200, डबरा 9000–11500, सच्चा हीरा 10600, मोटा हीरा 12000, अरहर गोला मोटा 14000, अरहर पटका मोटा 14300, अरहर कोरा मोटा 14700, अरहर पटका छोटा 15000–15400, अरहर कोरी छोटी 16500 । चीनी – डालमियां 4060, पीलीभीत 4020, नवाबगंज 4010 (नयी), बहेड़ी 4020 (नयी)

## मेंथा बाजार भाव

**रामपुर**–शिवालिक 1005 फ्लैग 1110 डीएमओ 890 बोल्ड 1180, **सम्भल-चन्दौसी**–शिवालिक 1000 फ्लैग 1110 बोल्ड 1155 डीएमओ 885।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चाँदी 999 (प्रति किलो) | 85500 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 85000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 90000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 75100 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 56000–56200 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडर्ड | 75,500 |
| सोना रवा | 75,350 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 83,100 |
| चांदी (999) | 83,000 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |
| **बरेली** | |
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 75000 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 74000 |
| सिल्वर (पक्की) | 830 (अनुमानित) |

# लगातार तीसरे दिन भी शेयर बाजार में गिरावट, सेंसेक्स 456 अंक और लुढ़का

## पश्चिम एशिया में बढ़े तनाव से प्रभावित हो रहा बाजार, निफ्टी में 0.56 प्रतिशत की गिरावट

मुंबई, एजेंसी

स्थानीय शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार तीसरे दिन गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 456 अंक और लुढ़क गया। वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख और पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने की आशंका के बीच मुख्य रूप से सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) शेयरों में भारी बिकवाली से बाजार नीचे आया। विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी से भी निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 456.10 अंक यानी 0.62 प्रतिशत की गिरावट के साथ 72,943.68 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 714.75 अंक तक लुढ़क गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 124.60 अंक यानी 0.56 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,147.90 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में इन्फोसिस, इंडसइंड बैंक, बजाज फिनसर्व, विप्रो, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, बजाज फाइनेंस, टेक महिंद्रा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और लार्सन एंड टुब्रो प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। दूसरी तरफ लाभ में रहने वाले शेयरों में टाइटन, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एचडीएफसी बैंक, मारुति, आईटीसी, पावरग्रिड और रिलायंस इंडस्ट्रीज शामिल हैं। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि वैश्विक राजनीतिक तनाव की आशंका और नीतिगत दर में कटौती की संभावना कम होने के बीच घरेलू बाजार में लगातार तीसरे दिन गिरावट रही।

### तीन दिन में 7.93 लाख करोड़ घटी निवेशकों की पूंजी

नई दिल्ली। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और कमजोर वैश्विक रुझानों के बीच स्थानीय शेयर बाजार में तीन सत्र से जारी गिरावट से निवेशकों की पूंजी 7.93 लाख करोड़ रुपये घट गई है। सेंसेक्स और निफ्टी में मंगलवार को भी गिरावट जारी रही। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 456.10 अंक यानी 0.62 प्रतिशत की गिरावट के साथ 72,943.68 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 714.75 अंक तक लुढ़क गया था। बीएसई की सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) तीन दिन में 7,93,529.61 करोड़ रुपये घटकर 3,94,25,823.46 रुपये (4750 अरब अमेरिकी डॉलर) पर आ गया है। सेंसेक्स के शेयरों में इन्फोसिस, इंडसइंड बैंक, बजाज फिनसर्व, विप्रो, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, बजाज फाइनेंस, टेक महिंद्रा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और लार्सन एंड टुब्रो प्रमुख रूप से नुकसान में रहे।

## आने वाले 25 वर्ष भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण

जयपुर, एजेंसी



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि बीते तीन वित्त वर्षों में भारतीय अर्थव्यवस्था ने दुनिया में सबसे तेज वृद्धि दर्ज की है और आगामी वर्षों में यह रुख जारी रह सकता है। उन्होंने साथ ही कहा कि आने वाले 25 साल भारत के लिए महत्वपूर्ण हैं। वह यहां जयपुर के एक दिवसीय दौरे पर आईं थीं।

सीतारमण ने औद्योगिक एवं व्यावसायिक संवाद को संबोधित करते हुए कहा कि अगले 25 साल भारत के लिए बेहद महत्वपूर्ण होंगे। आपने देखा वित्त वर्ष 2023-24 की तीनों तिमाही में प्रत्येक तिमाही में वृद्धि दर आठ प्रतिशत या अधिक रही है। तीसरी तिमाही में वृद्धि दर 8.4 प्रतिशत रही। चौथी तिमाही में भी इसी स्तर की वृद्धि दर की हम अपेक्षा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह 2023-24 में औसत वृद्धि दर उस स्तर की ही है। टिकाऊ आर्थिक वृद्धि है। हम अपने ऊपर आत्मविश्वास बनाए रखते हुए आगे बढ़ सकते हैं कि जैसे पूरी दुनिया में पिछले तीन साल से लगातार हम सबसे तेज वृद्धि दर वाली अर्थव्यवस्था रहे हैं, वैसे ही आने वाले सालों में भी रह सकते हैं। उन्होंने कहा कि आर्थिक नीति, व्यापक आर्थिक स्थिरता, स्थिर सरकार, स्थिर कर नीति व सरकार के टेंडर तथा खरीदारी आदि पारदर्शी तरीके से होने की वजह से आज भारत की अर्थव्यवस्था की विदेश में बहुत साख है और निवेशक यहां आ रहे हैं।

## डेयरी ऋण योजना को लेकर भ्रामक जानकारी से रहें सतर्क : नाबार्ड

नई दिल्ली, एजेंसी



राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) ने नाबार्ड डेयरी ऋण योजना के बारे में वर्तमान में फैलाई जा रही गलत सूचना से लोगों को सतर्क रहने की अपील की है। इस संबंध में नाबार्ड ने स्पष्टीकरण जारी करते हुये उन झूठे दावों का खंडन किया है जिनमें कहा गया है कि नाबार्ड डेयरी उद्यमिता विकास योजना के तहत किसानों को डेयरी व्यवसायों के लिए सीधे ऋण प्रदान करता है।

नाबार्ड ने स्पष्ट किया है कि उक्त दावों में दी गई जानकारी पूरी तरह से गलत है। नाबार्ड ग्रामीण विकास से जुड़ी विभिन्न वित्तीय संस्थाओं और सहकारी संस्थाओं को वित्तीय सहायता और सहयोग प्रदान करने के लिए काम करता है।

नाबार्ड कभी भी अलग-अलग किसानों को सीधे ऋण वितरित नहीं करता है। सभी हितधारकों, विशेषकर किसानों और ग्रामीण उद्यमियों को ऐसी गलत सूचनाओं के संबंध में सावधानी बरतने और उनमें विश्वास करने तथा उनका प्रचार-प्रसार करने से बचने के लिए आग्रह किया गया है।

## जोमैटो ने बड़े ऑर्डर के लिए बनाया अलग दस्ता

**नई दिल्ली।** खाद्य उत्पादों के ऑनलाइन आपूर्ति मंच जोमैटो ने 50 लोगों तक की भागीदारी वाले कार्यक्रमों के लिए सामान पहुंचाने के इरादे से मंगलवार को देश में पहली बार बड़े ऑर्डर का एक अलग दस्ता शुरू करने की घोषणा की। जोमैटो के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) दीपिंदर गोयल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर अपने कई पोस्ट लिखा कि बड़े ऑर्डर की आपूर्ति के लिए बना यह खास दस्ता पूरी तरह इलेक्ट्रिक वाहनों का इस्तेमाल करेगा। गोयल ने कहा कि आज हम भारत का पहला बड़ा ऑर्डर दस्ता पेश करने के लिए रोमांचित हैं। यह दस्ता सामूहिक बड़े समूह, पार्टी एवं आयोजन जैसे आपके सभी बड़े ऑर्डर को आसानी से संभाल पाएगा।

## नागरिक, औद्योगिक इस्तेमाल वाले ड्रोन के लिए विचार कर रही सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी

नागर विमानन सचिव वुमलुनमंग वुअलनाम ने मंगलवार को कहा कि सरकार नागरिक तथा औद्योगिक उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले ड्रोन के वास्ते एक अलग नियामक ढांचा बनाने पर विचार करेगी। उन्होंने ड्रोन परिवेश तंत्र के स्वदेशी विकास की वकालत की और इस बात पर भी जोर दिया कि सरकार ड्रोन को बढ़ावा देने के साथ-साथ उन्नत वायु परिवहन को आगे बढ़ाने के प्रयास करेगी।

राष्ट्रीय राजधानी में ड्रोन पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में उन्होंने कहा कि ड्रोन के नियमों के संदर्भ में बहुत कुछ किया गया है और अभी बहुत कुछ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मंत्रालय नागरिक तथा औद्योगिक ड्रोन के लिए एक अलग नियामक ढांचा बनाने पर विचार कर रहा है। ड्रोन और ड्रोन घटकों के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना सितंबर 2021 में अधिसूचित की गई थी। ड्रोन और ड्रोन घटकों के भारतीय विनिर्माताओं के लिए मूल्य संवर्धन तथा कुछ अन्य शर्तों के आधार पर 120 करोड़ रुपये का प्रोत्साहन प्रदान दिया जा रहा है।



नई दिल्ली में ड्रोन के बारे में जानकारी देते ड्रोन डेस्टिनेशन के सीईओ चिराग शर्मा (बीच में)।

## पीएचएफ लीजिंग ने जुटाए एक करोड़ डॉलर

**नई दिल्ली।** जमा स्वीकार करने वाली एनबीएफसी पीएचएफ लीजिंग लिमिटेड (पीएचएफ) ने इक्विटी और ऋण मिलाकर एक करोड़ डॉलर की पूंजी जुटाई है।

कंपनी ने आज यहां कहा कि इसमें लगभग 60 प्रतिशत इक्विटी और 40 प्रतिशत ऋण शामिल है। इस पैसे का उपयोग कंपनी की वृद्धि को वित्तपोषित करने के लिए किया जाएगा। पीएचएफ लीजिंग जमा स्वीकार करने वाली एक गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी है जो 1998 से भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा पंजीकृत है। कंपनी अचल संपत्ति के लिए बंधक ऋण (एलएपी) प्रदान करती है और ई-वाहनों का वित्तपोषण करती है।

# राष्ट्रीय

## हेमा पर टिप्पणी को लेकर सुरजेवाला के 48 घंटे तक प्रचार करने पर रोक

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने भाजपा सांसद हेमा मालिनी के खिलाफ कथित टिप्पणी को लेकर कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला के चुनाव प्रचार करने पर मंगलवार को 48 घंटे के लिए रोक लगा दी।



इस चुनाव में आयोग ने किसी नेता के प्रचार करने पर पहली बार प्रतिबंध लगाया है। आयोग ने हेमा मालिनी के खिलाफ कथित अशोभनीय, असभ्य और अभद्र टिप्पणी के लिए पिछले मंगलवार को सुरजेवाला को कारण बताओ नोटिस जारी किया था। आयोग ने कहा कि उसने सुरजेवाला के जवाब में दी गई सामग्री और कथनों का अध्ययन किया है। आयोग ने कहा कि आदर्श आचार संहिता के उल्लंघनों से संबंधित मामले में उन्हें जारी किए गए या बाद में जारी किए जाने वाले किसी भी आदेश/नोटिस पर बिना किसी पूर्वाग्रह के हरियाणा में चुनाव प्रचार के दौरान उनके द्वारा दिए गए विवादित बयान की कड़ी निंदा करता है और कदाचार के लिए रणदीप सुरजेवाला को फटकार लगाता है।

# तृणमूल ने गुंडों और घुसपैठियों को दे दिए पट्टे

## बालुरघाट में पीएम बोले- टीएमसी ने बंगाल के लोगों को केंद्रीय योजनाओं के लाभ से कर दिया वंचित

बालुरघाट, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को तृणमूल कांग्रेस पर हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि वह घुसपैठियों को संरक्षण दे रही है, लेकिन शरणार्थियों को नागरिकता देने वाले कानून सीएए का विरोध कर रही है।

मोदी ने बालुरघाट में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए यह भी आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस ने पश्चिम बंगाल को गुंडों और घुसपैठियों को पट्टे पर दे दिया है। प्रधानमंत्री ने राज्य में रामनवमी समारोह का कथित तौर पर विरोध करने के लिए सत्तारूढ़ तृणमूल की आलोचना की और कलकत्ता उच्च न्यायालय के उस फैसले को सच्चाई की जीत करार दिया, जिसमें विश्व हिंदू परिषद (विहिप) को हावड़ा में शोभायात्रा निकालने की अनुमति दी गई थी। मोदी ने कहा कि इस साल का रामनवमी समारोह थोड़ा अलग है क्योंकि रामलला अयोध्या में अपने घर लौट आए हैं। लेकिन टीएमसी, पिछले वर्षों की तरह राज्य में रामनवमी समारोहों का विरोध कर रही है। उच्च न्यायालय ने सोमवार को विहिप को हावड़ा शहर में रामनवमी पर शोभायात्रा निकालने की अनुमति दे दी थी, साथ ही अदालत ने यह सुनिश्चित करने के लिए कुछ शर्तें भी लगाई थीं कि कार्यक्रम बिना तनाव के संपन्न हो सके। प्रधानमंत्री ने कहा कि संदेशखालि में महिलाओं के खिलाफ अपराध की घटनाओं से पूरा देश स्तब्ध है। देश ने देखा है कि कैसे टीएमसी सरकार ने संदेशखालि में दोषियों को बचाने की कोशिश की। संदेशखालि में हाल में महिलाओं ने कुछ टीएमसी नेताओं पर यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए थे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि राज्य में भ्रष्टाचार और अपराध बड़े पैमाने पर हैं। यहां तक कि जब केंद्रीय एजेंसियां इन भ्रष्टाचार के मामलों की जांच करने की कोशिश करती हैं तो उन पर भी हमला किया जाता है। ऐसा लगता है कि टीएमसी ने राज्य को घुसपैठियों और गुंडों को पट्टे पर दे दिया है। पश्चिम बंगाल सरकार घुसपैठियों को बचाती है, लेकिन नागरिकता संशोधन अधिनियम का विरोध करती है।



बालुरघाट में कार्यकर्ताओं का अभिवादन स्वीकार करते प्रधानमंत्री मोदी। • एजेंसी

## भ्रष्टाचार का आरोप लगाने से पहले प्रधानमंत्री खुद आईना देखें : ममता



चुनावी सभा में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंच से भरी हुंकार। • एजेंसी

जलपाईगुड़ी, एजेंसी

• एनआरसी की आड़ में दलितों, आदिवासियों और ओबीसी को बाहर करना चाहती है भाजपा

पश्चिम बंगाल में केंद्रीय दलों द्वारा की जा रही भ्रष्टाचार संबंधी जांच पर श्वेतपत्र जारी करने की मांग करते हुए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को कहा कि उनकी पार्टी तृणमूल कांग्रेस पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पहले खुद आईना देखना चाहिए। जलपाईगुड़ी जिले के मोइनागुड़ी में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए बनर्जी ने कहा कि उन्होंने भाजपा को बंगाली विरोधी पार्टी बताया और आरोप लगाया कि वह एनआरसी की आड़ में आदिवासियों, दलितों तथा ओबीसी को बाहर करने की योजना बना रही है।

## मतपत्र, 100 फीसदी वीवीपैट पर्ची की गिनती बड़ी चुनौती

नई दिल्ली, एजेंसी



**60 के दशक में हैं जो हमने देखा है, उसे भूले नहीं हैं। हम सभी जानते हैं कि जब मतपत्र की व्यवस्था थी तो क्या हुआ था**

उच्चतम न्यायालय ने चुनाव में ईवीएम से पड़े मतों के साथ वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) पर्ची की 100 फीसदी गिनती या फिर मतपत्रों से चुनाव कराने की पुरानी व्यवस्था लागू करने को मंगलवार को अव्यवहारिक होने का संकेत दिया।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने एनजीओ एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की याचिका पर सुनवाई के दौरान 1960 के दशक में मतपत्रों से चुनाव के दौर को याद किया और कहा कि देश में फिलहाल मतदाताओं की संख्या 96 करोड़ से अधिक है। ऐसे में पुरानी मतपत्र या वीवीपैट की 100 फीसदी की गिनती व्यवस्था से चुनाव कराना बहुत बड़ी चुनौती वाला कार्य होगा है। कोर्ट ने कहा 60 के दशक में हैं जो हमने देखा है, उसे भूले नहीं हैं। हम सभी जानते हैं कि जब मतपत्र की व्यवस्था थी तो क्या हुआ था, आप भी जानते होंगे। एनजीओ एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की ओर से पेश अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने कहा अदालत बूथ कब्जा की घटनाओं का जिक्र कर रही थी। इस पर पीठ ने कहा हम इसमें नहीं पड़ना चाहते। हम सभी मतपत्र प्रणाली की कमियां जानते हैं। श्री भूषण ने कहा कि हेरफेर की आशंका के कारण अधिकांश मतदाता ईवीएम पर भरोसा नहीं करते हैं। उन्होंने दावा किया कि चूंकि ईवीएमएस में लगे चिप्स का स्रोत कोड नहीं दिखाया जाता। इस वजह से उस पर अधिक संदेह पैदा हुआ। उन्होंने ईवीएम के इस्तेमाल और मतपत्रों की वापसी के खिलाफ जर्मनी की संवैधानिक अदालत के फैसले का जिक्र किया, तो पीठ ने कहा हमारे देश की तुलना किसी भी यूरोपीय देश से नहीं की जा सकती।

## मॉब लिंचिंग पर रोक को क्या उठाए कदम : कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को विभिन्न राज्य सरकारों से कथित गोरक्षकों और भीड़ की ओर से पीट-पीटकर हत्या किए जाने के मामलों पर की गई कार्रवाई के बारे में अवगत करने के लिए छह सप्ताह का समय दिया। न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने एक महिला संगठन की याचिका पर सुनवाई छह सप्ताह बाद करने का फैसला किया।

याचिका में अनुरोध किया गया था कि राज्यों को कथित गोरक्षकों की ओर से मुसलमानों के खिलाफ भीड़ हिंसा की घटनाओं से निपटने के लिए शीर्ष अदालत के 2018 के एक फैसले के अनुरूप तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया जाए। पीठ ने आदेश दिया कि हमने पाया है कि अधिकतर राज्यों ने 'मॉब लिंचिंग' के उदाहरण पेश करने वाली रिट याचिका पर अपने जवाबी हलफनामे दाखिल नहीं किए हैं। राज्यों से अपेक्षा थी कि वे कम से कम इस बात का जवाब दें कि ऐसे मामलों में क्या कार्रवाई की गयी है। हम उन राज्यों को छह सप्ताह का समय देते हैं जिन्होंने अपना जवाब दाखिल नहीं किया है। शीर्ष अदालत भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी से जुड़े संगठन 'नेशनल फेडरेशन ऑफ इंडियन वुमेन' की याचिका पर सुनवाई कर रही थी।



• भीड़ हिंसा की घटनाओं में हुई कार्रवाई से अवगत कराने के लिए राज्यों को दिया छह सप्ताह का समय

## कानूनी प्रक्रिया में बाधा पहुंचाने वाले कदम सही नहीं : आयोग

**नई दिल्ली।** विपक्षी दलों द्वारा सरकार पर उसके नेताओं को निशाना बनाने के लिए जांच एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाये जाने के बीच निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को कहा कि वह सभी पार्टियों को समान अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध है और ऐसा कोई कदम उठाना सही नहीं है जो कानूनी और न्यायिक प्रक्रिया में आड़े आ सकता है। विपक्षी गठबंधन इंडिया के कई घटक दलों ने सरकार पर उनके नेताओं को निशाना बनाने के लिए जांच एजेंसियों का दुरुपयोग करने का आरोप लगाते हुए निर्वाचन आयोग का रुख किया था। कथित आबकारी घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में ईडी द्वारा केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद विपक्षी दलों ने सरकार पर नये सिरे से हमले शुरू कर दिए। उन्होंने सरकार पर लोकसभा चुनाव से पहले विपक्षी नेताओं की आवाज बंद करने का आरोप लगाया।

## गोलीबारी से पहले तीन बार की सलमान के घर की रेकी

मुंबई, एजेंसी

• सागर व विक्की को लॉरेंस बिश्नोई के गिरोह ने सौंपा था काम
• कच्छ जिले के माता नो माध गांव से गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपी

मुंबई में अभिनेता सलमान खान के घर के बाहर गोलीबारी की घटना के सिलसिले में गिरफ्तार किए गए दोनों लोगों ने 14 अप्रैल को घटना को अंजाम देने से पहले कम से कम तीन बार इस जगह की 'रेकी' की थी।

बिहार के चंपारण के मूल निवासी विक्की गुप्ता (24) और सागर पाल (21) को सोमवार देर रात गुजरात के कच्छ जिले में माता नो माध गांव से गिरफ्तार किया गया था। गुजरात पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि गुप्ता और पाल को जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के गिरोह ने सलमान खान के घर पर गोली चलाने का काम सौंपा था। जब बिश्नोई की भूमिका के बारे में पूछा गया तो मुंबई पुलिस के अधिकारी ने कहा कि वे पड़ताल कर रहे हैं। गत रविवार को तड़के दो मोटरसाइकिल सवार युवकों ने यहां बांद्रा स्थित गैलेक्सी अपार्टमेंट में के घर के बाहर गोली चलाई थी। पुलिस के अनुसार गैलेक्सी अपार्टमेंट पर चलाई गईं पांच गोलियों में से एक दीवार पर और एक सलमान के घर की गैलरी में लगी थी। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि पाल ने गोली चलाई थी, वहीं बाइक चलाते हुए गुप्ता गिरोह के सदस्यों के साथ संपर्क में था। कच्छ पश्चिम के पुलिस उप महानिरीक्षक महेंद्र बागड़िया ने आज दिन में कहा था, प्रारंभिक जांच में सामने आया कि सागर पाल और विक्की गुप्ता को खान के घर पर गोली चलाने का काम लॉरेंस बिश्नोई के गिरोह ने सौंपा था।

## केजरीवाल के डॉक्टर से परामर्श अनुरोध पर ईडी से मांगा जवाब

नई दिल्ली, एजेंसी



• रक्त शर्करा स्तर घटने-बढ़ने पर चिकित्सकीय परामर्श के लिए दिल्ली के सीएम ने किया आवेदन

दिल्ली की अदालत ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से डॉक्टर से परामर्श करने के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के अनुरोध वाले आवेदन पर मंगलवार को ईडी से जवाब मांगा है।

विशेष न्यायाधीश राकेश स्याल के समक्ष दायर आवेदन में केजरीवाल ने कहा कि उनका रक्त शर्करा स्तर घट-बढ़ रहा है और वह अपने डॉक्टर से परामर्श करना चाहते हैं। न्यायाधीश ने ईडी को 18 अप्रैल तक उसका जवाब देने का निर्देश दिया। अदालत उस दिन इस पर सुनवाई कर सकती है। याचिका के विरोध में ईडी के वकील ने दलील दी कि जेल में रोगियों के लिए सुविधाएं हैं तथा उनका चिकित्सा परीक्षण हो सकता है।

### 'मेरा नाम अरविंद है और मैं आतंकवादी नहीं हूं'

**नई दिल्ली।** आप नेता संजय सिंह ने मंगलवार को कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री ने तिहाड़ जेल से एक संदेश जारी कर कहा है मेरा नाम अरविंद केजरीवाल है और मैं कोई आतंकवादी नहीं हूं। सिंह ने जेल में केजरीवाल से किए जा रहे व्यवहार पर भाजपा) की आलोचना की। सिंह ने आरोप लगाया कि भाजपा प्रतिशोध और दुर्भावना के चलते उन्हें तोड़ना चाहती है, लेकिन वह इन सबसे और अधिक मजबूत होकर उभरेंगे।

## आप के चार और प्रत्याशी मैदान में

**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी ने मंगलवार को पंजाब की चार और लोकसभा सीट के लिए अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी। पार्टी ने तीन मौजूदा विधायकों और एक दलबदलू नेता को मैदान में उतारा है। इस घोषणा के साथ ही आप ने पंजाब की सभी 13 लोकसभा सीट पर अपने उम्मीदवारों के नामों का ऐलान कर दिया है। पूर्व विधायक पवन कुमार टीनू को जालंधर (सु) सीट से मैदान में उतारा गया है।

पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव संदीप पाठक ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की। जालंधर (सु) लोकसभा सीट से पार्टी ने शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के पूर्व विधायक पवन कुमार टीनू को उम्मीदवार बनाया है। वह कुछ दिन पहले ही आप में शामिल हुए थे। टीनू का मुकाबला कांग्रेस उम्मीदवार व पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी और भाजपा के सुशील रिंकू से होगा।

## ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 07 | 361 |
| रियान पराग (राजस्थान) | 07 | 318 |
| सुनील नरेन (कोलकाता) | 06 | 276 |

## पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| युजवेंद्र चहल (राजस्थान) | 07 | 12 |
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 06 | 10 |
| मुस्तफिजुर रहमान (चेन्नई) | 05 | 10 |

## खेल डायरी

### यूनान में पेरिस ओलंपिक की लौ जलाई गयी

**प्राचीन ओलंपिया (यूनान)।** पेरिस ओलंपिक में जलने वाली लौ दक्षिणी यूनान में प्राचीन खेलों के स्थल पर जलाई गयी। बादलों के कारण मंगलवार को पारंपरिक तरीके से लौ जलाने के प्रयास विफल हो गये। पारंपरिक तरीके में चांदी की मशाल जलाने के लिए सूरज का इस्तेमाल किया जाता है, जिसके लिए प्राचीन यूनान की पुजारिन की पोशाक पहने एक युवती हाथ में मशाल लिये रहती थी। बल्कि मंगलवार को एक 'बैकअप' लौ का उपयोग किया गया था, जिसे सोमवार को अंतिम 'रिहर्सल' के दौरान उसी स्थान पर जलाया गया था।

### सबालेंका स्टुटगार्ट में पोर्शे ग्रां प्री में बडोसा से भिड़ेंगी

**स्टुटगार्ट (जर्मनी)।** पाउला बडोसा ने डायना श्नाइडर पर 6-3, 6-4 की जीत से स्टुटगार्ट पोर्शे ग्रां प्री टेनिस प्रतियोगिता के अगले दौर में प्रवेश किया। जिसमें उनका सामना दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी आर्यना सबालेंका से होगा। सबालेंका स्टुटगार्ट में पिछले तीन साल से उप विजेता रही हैं। वह 2021 में फाइनल में क्रमश: पूर्व नंबर एक एशले बार्टी तथा 2022 और 2023 के फाइनल में मौजूदा नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वियातेक से हार गयी थीं। अमेरिका के सचिया विक्रे ने बेलारूस की अलियांकसांद्रा सासनोविच को 7-6, 7-5 से पराजित किया और अब दूसरे दौर में उनका सामना हमवतन कोको गॉफ से होगा।

### दीपिका सोरेंग को हॉकी इंडिया असुंता लाकड़ा पुरस्कार

**नयी दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने भारतीय महिला हॉकी टीम की फारवर्ड दीपिका सोरेंग वर्ष के उभरते खिलाड़ी के लिए प्रतिष्ठित हॉकी इंडिया असुंता लाकड़ा पुरस्कार से सम्मानित किया है। दीपिका को वर्ष 2023 के दौरान उनके शानदार प्रदर्शन के लिए इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उन्होंने महिला जूनियर एशिया कप में टीम के लिए पदार्पण करते हुए छह मैचों में सात गोल दागकर टीम को स्वर्ण पदक जीतने में मदद की और टूर्नामेंट में टीम के लिए दूसरे सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी के रूप में उभरीं।

### डी गुकेश ने नेपोमनियाच्ची से ड्रा खेला

**टोरंटो।** भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के 10वें दौर में रूस के इयान नेपोमनियाच्ची से ड्रा खेलकर इस खिलाड़ी के साथ संयुक्त शीर्ष बढ़त कायम रखी। भारतीयों के बीच हुए मुकाबले में आर प्रज्ञानानंदा और विदित गुजराती ने भी अंक बांटे जबकि फैबियानो कारूआना ने फिरोजा अलीरेजा को और हिकारू नाकामूरा ने निजात अबासोव को पराजित किया। अब साल के इस सबसे बड़े टूर्नामेंट में महज चार राउंड बचे हैं। गुकेश और नेपोमनियाच्ची के समान छह छह अंक हैं जबकि प्रज्ञानानंदा, कारूआना और नाकामूरा इनसे आधा अंक पीछे हैं। गुजराती के छह अंक हैं, जिससे वह अकेले छठे स्थान पर काबिज हैं।

### पेरिस ओलंपिक: इंग्लैंड ने की तैराकी टीम की घोषणा

**लंदन।** इंग्लैंड ने पेरिस ओलंपिक 2024 में भाग लेने वाली पूल और मैराथन स्पर्धाओं के लिए अपनी 33 सदस्यीय तैराकी टीम की मंगलवार को घोषणा की। टीम में तीन बार की ओलंपिक चैंपियन एडम पीटी, दो बार के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता टॉम डीन और जेम्स गाइ, ओलंपिक चैंपियन अन्ना हॉपकिन, कैथलीन डॉसन, फ्रेया एंडरसन और मैट रिचर्ड्स और टोक्यो ओलंपिक 2020 में चार पदक जीतने वाले डंकन स्कॉट का टीम में चयन किया गया है। मैराथन तैराकी के लिए टोक्यो 2020 ओलंपियन और फरवरी में विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक विजेता हेक्टर पार्डो को भी टीम में शामिल किया गया है।

## आईपीएल-2024 में सर्वाधिक छक्के लगाने वाले खिलाड़ी

आईपीएल 2024 में सर्वाधिक छक्के जड़ने वाले खिलाड़ियों में हैदराबाद के हेनरिक क्लासेन पहले स्थान पर हैं। वहीं राजस्थान रॉयल्स के रियान पराग दूसरे, लखनऊ सुपर जायंट्स के निकोलस पूरन तीसरे स्थान तथा हैदराबाद के अभिषेक शर्मा, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के दिनेश कार्तिक और संयुक्त चौथे स्थान पर हैं। चेन्नई सुपर किंग्स के शिवम दूबे, मुम्बई इंडियंस के रोहित शर्मा और दिल्ली कैपिटल्स के ट्रिस्टन स्टब्स 15 छक्कों के साथ 5वें स्थान पर हैं।

24


हेनरिक क्लासेन


रियान पराग

20


19


निकोलस पूरन


दिनेश कार्तिक

18

18


अभिषेक शर्मा

# कोलकाता नाइट राइडर्स पर भारी बटलर का जोश

## मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स ने कोलकाता नाइट राइडर्स को दो विकेट से हराया, अंकतालिका में शीर्ष पर कायम



जोस बटलर

कोलकाता, एजेंसी

जोस बटलर की नाबाद 107 रनों की शतकीय और रियान पराग के 34 रनों की बदौलत राजस्थान रॉयल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग के 31वें मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स को दो विकेट से हरा दिया है। 224 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजस्थान रॉयल्स की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने दूसरे ही ओवर में सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (19) का विकेट गवां दिया। उसके बाद कप्तान संजू सैमसन (12) भी पवेलियन लौट गये। ध्रुव जुरेल (2), रवि अश्विन (8), शिमरॉन हेटमायर (शून्य) रोवमन पॉवेल (2) रन बनाकर आउट हुये। रोवमन पॉवेल ने 26 रन बनाये।

जोस बटलर ने नौ चौके और छह छक्के लगाते हुए नाबाद 107 रन की शतकीय पारी खेली। राजस्थान ने निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 224 रन बनाते हुए कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम पर दो विकेट से जीत दर्ज की है। राजस्थान की यह सात मैचों में छठी जीत है और वह अंक तालिका में शीर्ष पर बनी हुई है। कोलकाता की ओर से हर्षित राणा, सुनील नरेन और वरुण चक्रवर्ती ने दो-दो विकेट लिये। वैभव अरोड़ा ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

मंगलवार को ईडन गार्डंस में राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी कोलकाता नाइट राइडर्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने चौथे ही ओवर में उसने सलामी बल्लेबाज फिल सॉल्ट 10 रन का विकेट गवां दिया। फिल को आवेश खान ने अपनी गेंद पर कैच आउट किया। उसके बाद सुनील नारायण ने अंगकृष रघुवंशी के साथ दूसरे विकेट के लिये 85 रन जोड़े। 11वें ओवर में कुलदीप सेन ने अंगकृष रघुवंशी को आर अश्विन के हाथों कैच आउट करा दिया। रघुवंशी ने 18 गेंदों में पांच चौकों की मदद से 30 रन बनाये। कप्तान श्रेयस अय्यर 11 रन को यजुवेन्द्र चहल ने पगबाधा आउट कर पवेलियन भेज दिया। आंद्रे रसेल 13 रन बनाकर आउट हुये। सुनील नरेन ने 16वें ओवर में 49 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। सुनील नरेन ने 109 रनों की पारी में 13 चौके और छह छक्के लगाये। उन्हें 18वें ओवर में बोल्ट ने बोल्ड आउट किया। वेंकटेश अय्यर आठ रन बनाकर आउट हुये। रिंकू सिंह एक चौका और दो छक्के लगाकर 20 रन बनाकर नाबाद रहे। रमनदीप सिंह भी एक रन बनाकर नाबाद रहे। कोलकाता ने निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 223 रन का स्कोर खड़ा किया। राजस्थान रॉयल्स की ओर से आवेश खान और कुलदीप सेन ने दो-दो विकेट लिये। ट्रेंट बोल्ट और युजवेंद्र चहल को एक-एक विकेट मिला।

### अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रनरेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 7 | 6 | 1 | 12 | +0.677 |
| कोलकाता | 6 | 4 | 2 | 8 | +1.399 |
| चेन्नई | 6 | 4 | 2 | 8 | +0.726 |
| हैदराबाद | 6 | 4 | 2 | 8 | +0.502 |
| लखनऊ | 6 | 3 | 3 | 6 | +0.038 |
| गुजरात | 6 | 3 | 3 | 6 | -0.637 |
| पंजाब | 6 | 2 | 4 | 4 | -0.218 |
| मुंबई | 6 | 2 | 4 | 4 | -0.234 |
| दिल्ली | 6 | 2 | 4 | 4 | -0.975 |
| बेंगलुरु | 7 | 1 | 6 | 2 | -1.185 |

### कोलकाता 223/6

20 ओवर, अतिरिक्त : 21

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| फिल सॉल्ट कॉट एण्ड बोल्ड आवेश | 10 | 13 | 1/0 |
| सुनील नरेन बोल्ड बोल्ट | 109 | 56 | 13/6 |
| अंगकृष का अश्विन बो के सेन | 30 | 18 | 5/0 |
| श्रेयस अय्यर पगबाधा चहल | 11 | 07 | 1/1 |
| रसेल का जुरेल बो आवेश | 13 | 10 | 2/0 |
| रिंकू सिंह नाबाद | 20 | 09 | 1/2 |
| वेंकटेश का जुरेल बो के सेन | 08 | 06 | 1/0 |
| रमनदीप सिंह नाबाद | 01 | 01 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** ट्रेंट बोल्ट 4-0-31-1, आवेश खान 4-0-35-2, कुलदीप सेन 4-0-46-2, युजवेंद्र चहल 4-0-54-1, रवि अश्विन 4-0-49-0

### राजस्थान 224/8

20 ओवर, अतिरिक्त : 16

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी का वेंकटेश बो वैभव | 19 | 09 | 3/1 |
| जोस बटलर नाबाद | 107 | 60 | 9/6 |
| संजू सैमसन का नरेन बो हर्षित | 12 | 08 | 2/0 |
| रियान पराग का रसेल बो हर्षित | 34 | 14 | 4/2 |
| ध्रुव जुरेल पगबाधा नरेन | 02 | 04 | 0/0 |
| अश्विन का रघुवंशी बो चक्रवर्ती | 08 | 11 | 1/0 |
| हेटमायर का श्रेयस बो चक्रवर्ती | 00 | 01 | 0/0 |
| रोवमन पॉवेल पगबाधा नरेन | 26 | 13 | 1/3 |
| ट्रेंट बोल्ट रन आउट (श्रेयस/स्टार्क) | 00 | 01 | 0/0 |
| आवेश खान नाबाद | 00 | 00 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** मिचेल स्टार्क 4-0-50-0, वैभव अरोड़ा 3-0-45-1, हर्षित राणा 4-0-42-2, सुनील नरेन 4-0-30-2, वरुण चक्रवर्ती 4-0-36-2, आंद्रे रसेल 1-0-17-0

# ऑस्ट्रेलिया से निपटने को बेहतर पासिंग की जरूरत

नयी दिल्ली, एजेंसी

पूर्व ड्रैग फ्लिक विशेषज्ञ रूपिंदर पाल सिंह को लगता है कि भारतीय पुरुष हॉकी टीम बेहतर रक्षात्मक तालमेल और बेहतर पासिंग से ऑस्ट्रेलिया की आक्रामक खेल शैली से निपट सकती है। हाल में भारत को पर्थ में हुई पांच टेस्ट की श्रृंखला में ऑस्ट्रेलिया से 0-5 से हार का सामना करना पड़ा। यह दौरा भारत के लिए निराशाजनक रहा जबकि इससे पहले टीम ने एफआईएच प्रो लीग में काफी अच्छा प्रदर्शन किया था।

टीम से जुलाई-अगस्त में होने वाले पेरिस ओलंपिक में तोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक से बेहतर या इसके बराबरी वाले प्रदर्शन की उम्मीद है। भारत की 2014 एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता टीम के सदस्य सिंह हालांकि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इस नतीजे से ज्यादा चिंतित नहीं हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि टीम प्रत्येक मैच के साथ सुधार करती गयी। सिंह ने 'पीटीआई वीडियो' से कहा, ''हम पहला मैच 5-1 से हारे लेकिन इसके बाद टीम ने सुधार किया और स्कोर बराबरी का रहा। हमने कुछ मौके गंवाये जिसे देखते हुए ओलंपिक से पहले कुछ काम करने की जरूरत है। यह श्रृंखला पेरिस ओलंपिक की तैयारियों के लिए थी।

## स्टार खिलाड़ी होने के नाते मैक्सवेल दबाव में था : पोंटिंग

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने मंगलवार को ग्लेन मैक्सवेल के प्रति सहानुभूति दिखाते हुए कहा कि लगातार रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) का स्टार खिलाड़ी होने का दबाव उन पर हावी हो गया और उन्होंने खेल से अनिश्चिकालीन 'मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य' ब्रेक लेकर सही फैसला किया। मैक्सवेल ने अपने करियर में दूसरी दफा इस तरह का ब्रेक लिया है। आईपीएल के इस चरण में लगातार कम स्कोर के बाद इस ऑस्ट्रेलियाई ऑलरांउडर ने सोमवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच में आराम दिये जाने के बारे में कहा। पोंटिंग ने पीटीआई से कहा, ''आरसीबी की टीम में ग्लेन जैसे खिलाड़ी का होना, वह विराट कोहली के साथ टीम का बड़ा खिलाड़ी है जिससे उस टीम में खेलते हुए इन दोनों खिलाड़ियों पर काफी दबाव होता है। अगर वे अच्छा नहीं करते और नतीजे अच्छे नहीं आते तो दबाव होता है।'' आरसीबी इस समय 10 टीम की तालिका में सात मैच में छह हार से अंतिम स्थान पर चल रही है। पोंटिंग ने कहा, ''अगर आप देखो कि टूर्नामेंट में उन्होंने कैसा प्रदर्शन किया है तो दबाव व्यक्तिगत खिलाड़ी पर भी आ जाता है। मैंने आज सुबह वो लेख देखा कि ग्लेन हटना चाहते हैं।''



टीमों के खिलाफ प्रदर्शन

| टीम | रन |
|---|---|
| चेन्नई | 00 |
| पंजाब | 03 |
| कोलकाता | 28 |
| लखनऊ | 00 |
| राजस्थान | 01 |
| मुंबई | 00 |

# गुजरात और दिल्ली को निरंतरता की तलाश

अहमदाबाद, एजेंसी

- **मैच भारतीय समयानुसार शाम साढ़े सात बजे शुरू होगा।**

निरंतरता हासिल करने की कोशिश में जुटी गुजरात टाइटन्स और दिल्ली कैपिटल्स दोनों ही टीम बुधवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में बेहतर प्रदर्शन कर एक-दूसरे को पराजित करने के इरादे से मैदान में उतरेंगी। पिछले दो चरण की तरह गुजरात टाइटन्स अभी तक एकजुट होकर शानदार प्रदर्शन नहीं कर सकी है, हालांकि उनके पास अपनी कमियों को पूरा करने का अब भी काफी समय है।

गुजरात टाइटन्स ने तालिका में शीर्ष पर चल रही राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 10 अप्रैल को अंतिम गेंद में जीत हासिल की थी और अगर उसे अपने अभियान में जान फूंकनी है तो उसे ऐसा ही प्रदर्शन करने की जरूरत है। टीम अपने पहले छह मैच में केवल दो में ही जीत सकी है और अभी आठ मैच बाकी हैं तो शुभमन गिल की अगुआई वाली टीम के पास चीजों का रुख बदलने के लिए काफी समय है। शमी की अनुपस्थिति हालांकि उसके लिए नुकसानदायक रही है लेकिन उन्हें अपने सर्वश्रेष्ठ उपलब्ध गेंदबाजों का सही इस्तेमाल करना होगा।

# बॉलीवुड हलचल

## आम्रपाली दुबे स्टारर कभी खुशी कभी गम का ट्रेलर रिलीज



**मुंबई, एजेंसी।** प्रदीप पांडेय चिंटू, आम्रपाली दुबे और संचिता बनर्जी स्टारर फिल्म 'कभी खुशी कभी गम' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। यशी फिल्म्स - अभय सिन्हा एवं रेणु विजय फिल्म्स एंटरटेनमेंट प्रस्तुत और निर्माता निशांत उज्जवल की फिल्म कभी खुशी कभी गम का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इस फिल्म में प्रदीप पांडेय चिंटू, आम्रपाली दुबे और संचिता बनर्जी के बीच की कहानी दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित करने वाली है ।फिल्म में महानायक कुणाल सिंह सिंह की दमदार उपस्थिति भी है। निर्माता निशांत उज्जवल ने कहा कि फिल्म कभी खुशी कभी गम इंसानी रिश्तों की धूप छांव की कहानी है। ट्रेलर में इसकी एक झलक देखने को मिल रही है, लेकिन जब दर्शक इसे बड़े परदे पर देखेंगे तो दंग रह जायेंगे। उन्होंने बताया कि फिल्म कभी खुशी कभी गम के लिए एक बार फिर से आम्रपाली दुबे और संचिता बनर्जी लकी चार्म साबित होंगी, जिन्हें दर्शक फिल्म निरहुआ हिंदुस्तानी 2 के बाद फिर से एक साथ देख पाएंगे। इनकी जोड़ी जब भी आती है, फिल्म का हिट होना तय माना जाता है, और वैसे भी यदि देखा जाए तो दोनों गजब की अदाकारा हैं, जिन्होंने चिंटू के साथ मिलकर फिल्म के ग्राफ को और भी बढ़ा दिया है। अब फिल्म को जल्द ही रिलीज करेंगे।

## खेसारी की रंग दे बसंती 7 जून को होगी रिलीज

**मुंबई, एजेंसी।** भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार खेसारी लाल यादव की बहुचर्चित भोजपुरी फिल्म 'रंग दे बसंती' 07 जून को रिलीज होगी। फिल्म के निर्माता रौशन सिंह ने बताया कि सेंसर बोर्ड के प्रॉब्लम के बाद अब यह फिल्म रिलीज के लिए पूरी तरह से तैयार है। फिल्म अपने ओरिजिनल नाम के साथ ही 07 जून को पैन इंडिया सिनेमाघरों में होगी ।इस फिल्म को बड़े पैमाने पर रिलीज किया जा रहा है, फिल्म मल्टीप्लेक्स में भी दिखाई देगी। उन्होंने बताया कि अभी देशभर के मल्टीप्लेक्स और सिंगल स्क्रीन में इस फिल्म के ट्रेलर चल रहे हैं, जो पहली बार हुआ है, जब बॉलीवुड फिल्मों के बीच में ट्रेलर चल रहा है। यह फिल्म 250 से ज्यादा स्क्रीन पर पैन इंडिया रिलीज होने वाली है। फिल्म रंग दे बसंती के निर्माता रौशन सिंह और सह निर्माता शर्मिला आर सिंह हैं। निर्देशक प्रेमांशु सिंह हैं। इस फिल्म में खेसारीलाल यादव, रति पांडे और डायना खान के साथ अमिताभ भट्टाचार्य, फिरोज खान और मास्टर ऋषभ यादव राज प्रेमी, मीर सरवर, अमित तिवारी, समर्थ चतुर्वेदी, प्रकाश जैश, ज्योति कलश, संजय महानंद, रीना रानी, श्रद्धा नवल, सुजान सिंह, सोनू पांडेय, रितु चौहान, रिंकू भारती, नेहा पाठक, खुशबू यादव, संजय वर्मा, अखिलेश कुमार अक्की, सूर्या द्विवेदी, निकिता भारद्वाज और चाहत प्रमुख भूमिका में हैं। फिल्म की कहानी मनोज कुशवाहा ने लिखी है। संगीतकार ओम झा हैं। गीतकार प्यारेलाल यादव, अरविंद तिवारी, राकेश निराला, डॉ. कृष्णा एन शर्मा और सत्य सावरकर हैं। डीओपी वासु, कोरियोग्राफर रिकी गुप्ता, कला राजीव शर्मा का है।



## मिस्टर एंड मिसेज माही देखने के लिए एक्साइटेड हैं अभिनेत्री आलिया भट्ट

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट, राजकुमार राव और जाह्नवी कपूर की आने वाली फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही देखने के लिए एक्साइटेड हैं। करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और महेंद्र सिंह धोनी पर आधारित है। फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज माही' में राजकुमार राव और जान्हवी कपूर मुख्य भूमिका में हैं। इस फिल्म का पहला पोस्टर रिलीज कर दिया गया है। आलिया भट्ट ने अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम की स्टोरी पर ''मिस्टर एंड मिसेज माही'' का पोस्टर शेयर किया है। इस पोस्टर को आलिया ने ने जाह्नवी और राजकुमार को टैग करते हुए कैप्शन में लिखा कि इंतजार नहीं हो रहा शैरी। मिस्टर एंड मिसेज माही 31 मई, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने,बरेली,पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# कांग्रेस ने की आयरलैंड में भारत के राजदूत को बर्खास्त करने की मांग

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने आयरलैंड में भारत के राजदूत द्वारा एक स्थानीय दैनिक के संपादकीय का जवाब देते हुए कांग्रेस की आलोचना करने पर मंगलवार को कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि एक राजनयिक का सरेआम पार्टी सदस्य की तरह विपक्षी दलों पर हमला करना शर्मनाक व्यवहार है और उन्हें बर्खास्त करना चाहिए।

'द आइरिश टाइम्स' को दिए अपने जवाब में भारतीय राजदूत अखिलेश मिश्रा की टिप्पणी को लेकर कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश उन पर निशाना साधा। अखबार में 11 अप्रैल को छपे संपादकीय को लेकर भेजे जवाब में मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को न केवल भारत में बल्कि विश्वस्तर पर अभूतपूर्व लोकप्रियता और कद हासिल है। यह नवीन, समावेशी शासन और सतत विकास पर त्रुटिहीन व्यक्तिगत चरित्र और ईमानदारी और विचारवान

- राजदूत द्वारा कांग्रेस की आलोचना करने पर जयराम रमेश ने जताई आपत्ति



नेतृत्व के कारण है। राजदूत ने यह भी लिखा भ्रष्टाचार की गहरी जड़ें जमा चुके तंत्र (भारत में एक ही वंशवादी पार्टी द्वारा 55 साल के शासन द्वारा निर्मित) के खिलाफ लड़ाई मोदी की लगातार बढ़ती लोकप्रियता के पीछे एक प्रमुख कारक है। उनकी इस टिप्पणी को लेकर रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि भारत सरकार का बचाव करना एक बात है और (एक राजनयिक से) इसकी उम्मीद भी की जानी चाहिए, लेकिन एक पक्ष की तरह इस तरह से विपक्षी दलों पर खुलेआम हमला करने की उम्मीद नहीं की जाती है।

# राजधानी की घेराबंदी मामले में जांच आयोग ने आईएसआई के पूर्व प्रमुख को दी क्लीन चिट

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में एक जांच आयोग ने एक कट्टरपंथी धार्मिक समूह के कार्यकर्ताओं द्वारा 2017 में राजधानी इस्लामाबाद और रावलपिंडी में धरने को लेकर 'इंटर सर्विस इंटेलिजेंस' (आईएसआई) के पूर्व महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) फैज हमीद को दोष मुक्त कर दिया है।

चरमपंथी समूह तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान (टीएलपी) ने 2017 में इस्लामाबाद की घेराबंदी की थी और फ्रांस में ईशनिंदा कार्टून के प्रकाशन के कारण फ्रांसीसी राजदूत के निष्कासन की मांग की थी। बाद में मौजूदा प्रधान न्यायाधीश काजी फैज़ ईसा के नेतृत्व वाली उच्चतम न्यायालय की एक पीठ ने 2019 में एक फैसले में प्रदर्शन की जांच करने और अपराधियों की पहचान करने का आदेश दिया। शीर्ष अदालत के एक फैसले के बाद जांच आयोग का गठन किया गया।आयोग ने अपनी रिपोर्ट में खुफिया एजेंसियों और उनके शीर्ष अधिकारियों को क्लीन चिट देते हुए कहा कि प्रांतीय और संघीय सरकारों के तत्कालीन उच्च पदस्थ अधिकारियों में से किसी ने भी एजेंसियों या किसी अन्य अधिकारी पर टीएलपी प्रदर्शनकारियों की मदद करने का आरोप नहीं लगाया।

## अटल टनल के नॉर्थ पोर्टल के पास गिरा हिमखंड, चंद्रा नदी का बहाव रुका

# हिमाचल प्रदेश में मौसम ने बजाई खतरे की घंटी

शिमला, एजेंसी

हिमाचल प्रदेश के अटल टनल रोहतांग के नार्थ पोर्टल के समीप हिमखंड गिरा है। हिमखंड गिरने से चंद्रा नदी का बहाव रुक गया है। इस दौरान लाहौल-स्पीति पुलिस ने लाउडस्पीकर के जरिए सिस्सू व आसपास आए पर्यटकों को आगाह किया है कि नदी के तट पर न जाएं। पुलिस ने क्षेत्र में पेट्रोलिंग शुरू कर दी है, ताकि कोई भी पर्यटक अनजाने में नदी तट की ओर रुख न करे। लाउड स्पीकरों के माध्यम से कहा गया कि कभी भी नदी विकराल रूप धारण कर सकती है। नदी का जलस्तर सिस्सू की तरफ कभी भी बढ़ सकता है।

बता दें हिमपात से हिमस्खलन की आशंका बनी हुई है। प्रशासन ने लोगों से आग्रह किया कि मौसम की स्थिति देखते हुए ही वह घरों से बाहर निकलें। हिमाचल



शिमला के ठियोग में एंटी-हेल नेट से ढका सेब के बगीचा ● एजेंसी

प्रदेश के लिए मौसम का पूर्वानुमान जैसा कि भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने पूर्वानुमान लगाया है, अगले पखवाड़े में बारिश, तूफान, बर्फबारी और रुक-रुक कर शुष्क दौर की उम्मीद है। प्रदेश के मध्य और ऊंची पहाड़ियों में ठंड की स्थिति बनी हुई है, जो हाल की बर्फबारी से और बढ़ गई है।

राजधानी शहर का औसत तापमान 13-14 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहता है, जो वर्षा के साथ और भी गिर जाता है। आज चुनिंदा मध्य ऊंचाई वाले इलाकों और अलग-अलग निचले इलाकों में हल्की बारिश या हिमपात हो सकता है। आगामी 17 अप्रैल को छोड़कर अगले पांच दिनों तक राज्य में नमी और बादल छाए रहने की संभावना है। बर्फ रुक-रुक कर गिर रही है, जिससे परिदृश्य एक प्राचीन सफेद परत में ढक गया है। ताजा बर्फ पहाड़ों में एक शांत सुंदरता लाती है, जो साहसी आत्माओं को शीतकालीन वंडरलैंड का पता लगाने के लिए लुभाती है। ऊंचे इलाकों में कभी-कभार हिमपात के अलावा, निचले इलाकों में ताजा बारिश की बौछारें हो रही हैं। बारिश एक स्वागत योग्य राहत है, जो वनस्पतियों और जीवों को पुनर्जीवित करती है और घाटियों में जीवन लाती है। बारिश और बर्फ का यह मिश्रण सड़क पर फिसलन की स्थिति पैदा कर सकता है, इसलिए यात्रियों को सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है।


## एक नजर



### इंडोनेशिया में मलबे से निकाले शव भूस्खलन में अब तक 20 की मौत

**ताना तोराजा (इंडोनेशिया)।** इंडोनेशिया के सुलावेसी द्वीप पर बचावकर्मियों द्वारा तीन वर्षीय एक बच्ची एवं उसकी मां के शवों को निकाले जाने के साथ ही भूस्खलन में जान गंवााने वालों की संख्या बढ़ कर 20 हो गयी है। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि घटनास्थल पर खड़ी चट्टानों के कारण भारी उपकरण नहीं ले जाये जा सके। ऐसे में बचावकर्मियों ने छोटे औजारों की मदद से ही मिट्टी हटाई। इस बचाव एवं तलाश कार्य में कम से कम 20 बचाव कर्मियों/अधिकारियों एवं दर्जनों स्थानीय लोगों ने हिस्सा लिया। स्थानीय पुलिस प्रमुख गुनार्डी मुंडू ने बताया कि शनिवार को दक्षिण सुलावेसी प्रांत में ताना तोराजा जिले के दक्षिण मकाले गांव में मूसलाधार वर्षा के कारण भूस्खलन हुआ और चार मकान मलबे के नीचे दब गए।

### लता दीनानाथ मंगेशकर पुरस्कार से सम्मानित होंगे अमिताभ बच्चन



**मुंबई।** अभिनेता अमिताभ बच्चन को लता दीनानाथ मंगेशकर पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। मंगेशकर परिवार ने मंगलवार को इसकी घोषणा की। परिवार और ट्रस्ट ने लता मंगेशकर की याद में इस पुरस्कार की शुरुआत की थी जिनका 6 फरवरी, 2022 को निधन हो गया था। बच्चन को यह सम्मान लता मंगेशकर के पिता एवं संगीत जगत के दिग्गज दीनानाथ मंगेशकर के स्मृति दिवस पर 24 अप्रैल को प्रदान किया जाएगा। लता दीनानाथ मंगेशकर पुरस्कार के नाम से जाना जाने वाला यह पुरस्कार हर साल ऐसे व्यक्ति को दिया जाता है जिसने राष्ट्र, इसके लोगों और समाज के लिए अग्रणी योगदान दिया हो।

### जॉर्डन ने हवाई क्षेत्र के उल्लंघन को रोकने के लिए बढ़ाई उड़ानों की संख्या

**अम्मान।** जॉर्डन की वायु सेना ने हवाई क्षेत्र के उल्लंघन को रोकने के लिए उड़ानों की संख्या बढ़ा दी है। जॉर्डन समाचार एजेंसी ने मंगलवार को जॉर्डन के सशस्त्र बलों के एक प्रवक्ता का हवाला देते हुए बताया कि यह निर्णय किसी भी पार्टी को किसी भी उद्देश्य के लिए देश के हवाई क्षेत्र का उपयोग करने की अनुमति नहीं देने की जॉर्डन की दृढ़ स्थिति की पुष्टि करता है। इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने बताया कि शनिवार रात को ईरान की इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गॉर्ड कोर ने इजरायली क्षेत्रों में पहला सीधा तीन सौ से अधिक ड्रोन और मिसाइल हमला किया।

### अपराध की श्रेणी में आएगा बिना सहमति के डीपफेक तस्वीरें बनाना

**लंदन।** ब्रिटिश सरकार ने मंगलवार को कहा कि अश्लील डीपफेक सामग्री बनाने वाले लोगों को एक नए कानून के तहत मुकदमे का सामना करना पड़ेगा। यह कानून इस समय संसदीय प्रक्रिया से गुजर रहा है। डीपफेक से आशय ऐसी छवियों और वीडियो से है जो कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) अथवा अन्य तकनीकों से तैयार की जाती हैं और जिसमें आमतौर पर पीड़ित की सहमति नहीं होती। नए कानून के तहत बिना सहमति के इस तरह की तस्वीरें बनाने वाले लोगों को आपराधिक कार्यवाही और भारी जुर्माने का सामना करना पड़ेगा और दोषियों को जेल भेजा जा सकता है।

# आधुनिक युग में विकसित देशों से कदमताल मिला रहा भारत : क्रूस

## हिंद प्रशांत क्षेत्र में अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस और जापान के साथ भारत का सहयोग मजबूत

वाशिंगटन, एजेंसी

- अमेरिकी खुफिया अधिकारी बोले- भारत ने सेना को आधुनिक बनाने और रूसी हथियारों पर निर्भरता कम करने के लिए उठाए कदम

अमेरिकी रक्षा मंत्रालय के एक शीर्ष खुफिया अधिकारी ने संसद को बताया कि साल 2023 में भारत ने हिंद प्रशांत क्षेत्र में चीन की गतिविधियों का मुकाबला करने की अधिक इच्छाशक्ति प्रदर्शित करते हुए अपनी सेना के आधुनिकीकरण और रूस के उपकरणों पर निर्भरता कम करने के लिए कदम उठाए। रक्षा खुफिया एजेंसी के निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल जेफरी क्रूस ने चीन को लेकर रक्षा खुफिया पर संसद में एक सुनवाई के दौरान यह बात कही थी।

क्रूस ने सदन की सशस्त्र सेवा समिति और खुफिया उपसमिति के सदस्यों को बताया कि पिछले वर्ष भारत ने जी-20 के आर्थिक शिखर सम्मेलन की मेजबानी करके खुद को एक वैश्विक अगुआ के रूप में प्रदर्शित किया और पूरे हिंद प्रशांत क्षेत्र में पीआरसी (पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना) की गतिविधि का मुकाबला करने की इच्छाशक्ति प्रदर्शित की। उन्होंने कहा कि भारत ने प्रशिक्षण और रक्षा बिक्री के माध्यम से फिलीपीन जैसे दक्षिण चीन सागर के क्षेत्रीय दावेदारों के साथ हिंद प्रशांत क्षेत्र में साझेदारी बढ़ाई है और अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस व जापान के साथ अपने सहयोग को और मजबूत किया है। क्रूस ने कहा कि वर्ष 2023 में भारत ने चीन से प्रतिस्पर्धा करने और रूसी उपकरणों पर अपनी निर्भरता कम करने के लिए अपनी सेना को आधुनिक बनाने के लिए कदम उठाए। भारत ने स्वदेश निर्मित विमानवाहक पोत का समुद्री परीक्षण किया और प्रमुख रक्षा प्रौद्योगिकियों के हस्तांतरण पर कई पश्चिमी देशों के साथ बातचीत भी की। भारत ने रूस-यूक्रेन युद्ध पर अपना तटस्थ रुख बरकरार रखा है।

क्रूस ने कहा कि रूस भारत का सबसे बड़ा रक्षा साझेदार है और भारत ने अपनी रक्षा खरीद साझेदारी में विविधता लाने की इच्छा के बावजूद रूस से सतह से हवा में मार करने वाली एस-400 मिसाइल प्रणाली जैसे हथियारों खरीद जारी रखी है। उन्होंने सांसदों से कहा कि भारत सरकार आगामी लोकसभा चुनाव को सुरक्षित करने, आर्थिक विकास को बनाए रखने और अपनी 'मेक इन इंडिया' पहल को सैन्य आधुनिकीकरण के लिए तैयार करने पर ध्यान केंद्रित करेगी जिसका उद्देश्य चीन का मुकाबला करना है।

### सुरक्षा परिषद को पुनर्गठन की आवश्यकता : भारत

**संयुक्त राष्ट्र।** भारत ने एक पुनर्गठित संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की आवश्यकता को रेखांकित किया है, जो आज के संयुक्त राष्ट्र की भौगोलिक और विकासात्मक विविधता को बेहतर ढंग से दर्शाए। साथ ही भारत ने इस बात पर जोर दिया कि संयुक्त राष्ट्र के अधिकतर सदस्य शक्तिशाली यूएनएससी में स्थायी सीटों की संख्या बढ़ाए जाने के आह्वान का समर्थन करते हैं। भारत विशेष रूप से ग्लोबल साउथ का नेतृत्व करते हुए संयुक्त राष्ट्र में सुधारों की मांग करता रहा है। साथ ही यह 15 सदस्यीय संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्य के रूप में जगह पाने की मांग करने में सबसे आगे रहा है।

### अमेरिका में भारतीय विद्यार्थियों को बेहतर माहौल देने की कोशिश जारी : गुरदीप

**वाशिंगटन।** अमेरिका भारत से आने वाले विद्यार्थियों को बेहतर माहौल प्रदान करने की अपनी कोशिश जारी रखे हुए है। एक प्रख्यात भारतीय-अमेरिकी शिक्षाविद ने इस वर्ष भारतीय मूल के या भारत से आने वाले 11 विद्यार्थियों की मौत की खबरों के बीच सोमवार को यह बात कही। अमेरिका में भारतीयों पर हमले की घटनाओं ने भारतीय समुदाय और भारत में रहने वाले विद्यार्थियों के परिजनों की चिंता बढ़ा दी है। अमेरिका में हुई इन मौतों के पीछे हमलावरों के मकसद का फिलहाल पता नहीं चल पाया है और भारतीय राजनयिक मिशनों ने विद्यार्थियों के साथ संपर्क साधने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसमें छात्र संघों के साथ संपर्क करने और



- 2024 में तीन गुना बढ़ी है भारतीय विद्यार्थियों की संख्या
- विद्यार्थियों को सतर्क रहने की जरुरत

विद्यार्थियों के लिए समय-समय पर जारी निर्देशों से अवगत कराना शामिल है। वर्जीनिया के जॉर्ज मेसन यूनिवर्सिटी में स्कूल ऑफ कंप्यूटिंग के डिविजनल डीन गुरदीप सिंह ने बताया यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि इस वर्ष ऐसी घटनाएं हुईं और इतनी तादाद में हुईं।

# बिशप व पादरी पर हमले को आतंकवादी कृत्य मान रही ऑस्ट्रेलियाई पुलिस



गिरजाघर पर चाकूबाजी के बाद ऑस्ट्रेलियाई पुलिस ने बढ़ाई चौकसी। ● एजेंसी

सिडनी, एजेंसी

ऑस्ट्रेलियाई पुलिस का कहना है कि सिडनी में एक गिरजाघर में प्रार्थना के दौरान एक बिशप व पादरी पर चाकू से किए गए हमले के कारण वहां मौजूद और ऑनलाइन प्रार्थना देख रहे लोग सकते में आ गए। पुलिस इसे आतंकवादी कृत्य मान रही है। पुलिस ने क्राइस्ट द गुड शेफर्ड चर्च में हुई चाकू से हमले की घटना के बाद मंगलवार को 16 वर्ष के एक किशोर को गिरफ्तार किया। घटना में बिशप मार मारी इमैनुएल और एक पादरी घायल हुए हैं।

न्यू साउथ वेल्स पुलिस आयुक्त कारेन वेब ने बताया कि संदिग्ध की टिप्पणियां हमले के लिए धार्मिक मकसद की ओर इशारा करती हैं। अधिकारी ने बताया हमें लगता है कि यह हमला एक सोची-समझी साजिश के तहत किया गया क्योंकि इस व्यक्ति ने हमले के लिए ऐसे स्थान को चुना, जो उसके घर के आसपास तक नहीं है। आरोपी चाकू के साथ आया और गिरजाघर में घुसकर बिशप व पादरी पर उसने चाकू से हमला किया। किशोर को पुलिस जानती थी लेकिन वह निगरानी सूची में नहीं था। मुख्य खुफिया एजेंसी ऑस्ट्रेलियन सिक्योरिटी इंटेलिजेंस ऑर्गनाइजेशन (एएसआईओ), ऑस्ट्रेलियन फेडरल पुलिस और प्रांतीय पुलिस मामले की जांच में आतंकवाद रोधी कार्यबल का सहयोगी कर रही हैं।

## दीदार-ए-ताज



दुनिया की सबसे खूबसूरत इमारतों और भारत के एकमात्र अजूबे में शुमार ताज का दीदार पूरी दुनिया करना चाहती है इसीलिए आगरा में पर्यटकों का तांता लगा रहता है। मंगलवार को बॉलीबुड अभिनेत्री माहिरा शर्मा ने भी ताजमहल का दीदार किया। ● एजेंसी

# समझौते की शर्तों को हमास ने किया खारिज

गाजा, एजेंसी

- युद्धविराम पर कोई समझौता नहीं चाहता सिनवार, कहा- अमेरिकी प्रस्तावों के बाद भी पीड़ित होते रहेंगे गाजावासी

फिलिस्तीनी चरमपंथी संगठन हमास ने नवीनतम बंधक समझौते के प्रस्ताव के सभी शर्तों को खारिज कर दिया है, जिससे समझौते के तहत इजराइल द्वारा रिहा किए जाने वाले फिलिस्तीनी कैदियों की संख्या में बढ़ गई है। द टाइम्स ऑफ इजराइल अखबार ने मंगलवार को एक वरिष्ठ इजराइली अधिकारी के हवाले से अपनी रिपोर्ट में कहा कि इसके अलावा, हमास समझौते के पहले चरण के हिस्से के रूप में केवल लगभग 20 बंधकों (50 से अधिक उम्र की महिलाओं और पुरुषों) को रिहा करने किया जाना है।

रिपोर्ट में बताया कि हमास ने यह भी मांग की है कि बंधकों को रिहा करने से पहले इजरायल छह सप्ताह के युद्धविराम पर सहमत हो। अखबार ने अधिकारी के हवाले से अपनी रिपोर्ट में कहा है, सिनवार (गाजा पट्टी में हमास प्रमुख याह्या) कोई समझौता नहीं चाहता है। उसे इसकी परवाह नहीं है कि अमेरिकी प्रस्ताव के सभी मापदंडों के संबंध में इजराइल के असाधारण लचीलेपन के बाद भी गाजावासी पीड़ित होते रहेंगे। उल्लेखनीय है कि सात अक्टूबर, 2023 को, हमास ने इजराइल की सीमा में घुसकर और गाजा से बड़े पैमाने पर रॉकेट से हमला किया था। हमले के दौरान इजराइल में करीब 1,200 लोग मारे गए और अन्य 240 लोगों को हमास के लड़ाके बंधक बना कर ले गए थे। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, गाजा पट्टी में इजरायली हमलों में अब तक 33,700 से अधिक लोग मारे गए हैं।

### इजरायल के खिलाफ ईरान की प्रतिक्रिया होगी और तेज

**अंकारा।** तुर्की में ईरानी राजदूत मोहम्मद हसन हबीबुल्लाहजादेह ने मंगलवार को कहा कि तेहरान इस क्षेत्र में तनाव बढ़ाना नहीं चाहता है लेकिन इजराइल के जवाबी कदमों पर ईरान की प्रतिक्रिया तेज और व्यापक होगी। तुर्की अखबार आयडिनलिक ने राजदूत के हवाले से कहा कि ईरान द्वारा इजरायल पर हमला केवल दमिश्क में ईरानी वाणिज्य दूतावास पर आतंकवादी हमले में इस्तेमाल किए गए सैन्य लक्ष्यों पर निर्देशित था।

### इजराइल की गोलीबारी में दो फिलिस्तीनियों की हत्या

**रामल्ला।** फिलिस्तीन के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि वेस्ट बैंक के नब्लस शहर के दक्षिण में इजरायल की ओर से की गोलीबारी में कम से कम दो फिलिस्तीनी मारे गए। मंत्रालय ने बताया कि मारे गए दो लोगों की पहचान 30 वर्षीय अब्दुलरहमान माहेर बानी फादेल और 21 वर्षीय मोहम्मद अशरफ बानी जामे के तौर पर हुई है। अकरबा के मेयर सलाह बानी जाबेर ने कहा कि कई बाशिंदों ने अकरबा शहर के उपनगर खिरबेट अल-तवील में फिलिस्तीनियों के एक समूह पर हमला किया, जिसके कारण दो लोगों की मौत हो गई और तीन घायल हो गए।

# अमेरिका में बढ़ गए हैं हिंदुओं पर हमले

**वाशिंगटन।** भारतीय-अमेरिकी सांसद ने अमेरिका में हिंदुओं और हिंदुत्व के खिलाफ हमलों में काफी वृद्धि होने का दावा करते हुए आगाह किया कि यह नियोजित हिंदू-विरोधी हमलों के शुरुआत भर है। सांसद श्री थानेदार ने सोमवार को नेशनल प्रेस क्लब में कहा कि आज मैं अमेरिका में हिंदुत्व पर हुए हमलों में काफी वृद्धि देख रहा हूं।



श्री थानेदार और चार अन्य भारतीय अमेरिकी सांसदों रो खन्ना, राजा कृष्णमूर्ति, एमी बेरा और प्रमिला जयपाल ने हाल ही में न्याय मंत्रालय को पत्र लिखकर हिंदू मंदिरों और धार्मिक स्थलों पर हमलों में हुई हालिया वृद्धि की जांच कराने का अनुरोध किया था। हिंदूएक्शन संस्था की ओर से आयोजित संवाददाता सम्मेलन में थानेदार ने शिकायत की कि इन हमलों के जिम्मेदार व्यक्तियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई और न ही अब तक गिरफ्तारियां हुई हैं।

# परमाणु संयंत्र पर हमले को लेकर आईएईए ने दी चेतावनी

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

- मारियानो ग्रॉसी बोले- बढ़ रहा है रेडियोलॉजिकल हादसों का जोखिम, तुरंत बदं हो हमले

रूस और यूक्रेन ने यूरोप के सबसे बड़े परमाणु ऊर्जा संयंत्र पर हुए हमलों के लिए सोमवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के समक्ष एक दूसरे पर दोषारोपण किया। इसको लेकर अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के प्रमुख ने कहा कि इसने दुनिया को खतरनाक रूप से परमाणु हादसे के करीब पहुंचा दिया है। आईएईए महानिदेशक राफेल मारियानो ग्रॉसी ने कहा कि उनकी एजेंसी ने 7 अप्रैल से जापोरीजिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र के खिलाफ तीन हमलों की पुष्टि की है। उन्होंने सुरक्षा परिषद से कहा कि ये लापरवाह हमले तुरंत बंद होने चाहिए। हालांकि, सौभाग्य से, इस बार उनके कारण कोई रेडियोलॉजिकल हादसा नहीं हुआ है, लेकिन इससे जोखिम काफी बढ़ जाते हैं जहां परमाणु सुरक्षा से पहले ही समझौता किया जा चुका है।

ग्रॉसी ने बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा कि संयंत्र पर हमला करने वाले ड्रोन की रिमोट-नियंत्रित प्रकृति का मतलब है कि यह निश्चित रूप से पता लगाना असंभव है कि उन्हें किसने संचालित किया। उन्होंने कहा कि ऐसा कुछ कहने के लिए हमारे पास सबूत होना चाहिए।

**खतरे का अंदेशा** आने वाले दिनों में भू चुम्बकीय सौर तूफान पृथ्वी के ध्रूवों तक पहुचने की आशंका

# जबरदस्त विस्फोटों की चपेट में है सूर्य

अमृत विचार, नैनीताल

वर्तमान सौर चक्र आसमान छूने में लगा है। जबरदस्त विस्फोटों की चपेट में सूर्य रोजाना आग उगल रहा है। आने वाले दिनों में सूर्य की सतह पर जबरदस्त विस्फोट होने की संभावना वैज्ञानिक जता रहे हैं। जिनसे निकलने वाले सौर चुम्बकीय तूफानों का असर धरती के वातावरण तक असर डालेंगे।

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के पूर्व कार्यवाहक निदेशक व सौर वैज्ञानिक डा वहाब उद्दीन ने बताया कि सौर गतिविधि दिन-प्रतिदिन बढ़ रही है। सूर्य की सतह पर जटिल चुंबकीय क्षेत्र वाले कई सनस्पॉट समूह बने हुए हैं। सूर्य के उत्तरी और दक्षिणी गोलार्ध में पूर्वी सौर हिस्से में उभरते हुए सनस्पॉट समूह अधिक सक्रिय हैं । इन सन स्पॉट समूहों से बड़े भीषण ज्वालाएँ उत्पन्न हो सकती



सूर्य की सतह पर उभरे सन स्पॉट।

हैं। पिछले 24 घंटों के दौरान सूर्य ने आधा दर्जन एम-श्रेणी की सौर ज्वालाएँ उत्पन्न की हैं। यह स्पॉट सूर्य के उत्तरपूर्वी छोर पर स्थित हैं। एक बड़ा सन स्पॉट संख्या ए आर 3639 लगातार अपना आकार बड़ा रहा है, जो कुछ दिनों के अंतराल में लाखों किमी फैलकर चौगुना हो गया है। अब इसकी दिशा पृथ्वी के सामने की ओर बड़ रही है। इसमें जियोइफेक्टिव सोलर फ्लेयर्स (ज्वाला) की संभावना है। इन दिनों सूर्य की सतह सन स्पॉट से भरी हुई है। इस सौर चक्र में अभी तक हजारों विस्फोट हो चुके हैं। इनसे निकलने वाले सौर तूफानों का असर पृथ्वी के ध्रूवों तक नजर आया है। जिनमें सभी सबसे बड़ी ज्वाला एक्स श्रेणी की कई बार निकल चुकी हैं। दुनियाभर के सौर वैज्ञानिकों की नजरें इन पर लगी हुई हैं।

### रिकॉर्ड तोड़ विस्फोटों की झड़ी लगी है सूर्य पर

डा वहाब उद्दीन के अनुसार सूर्य का यह दौर अत्यधिक सक्रियता से गुजर रहा है, जो 2025 तक बना रह सकता है। इस दौर में वैज्ञानिकों की अपेक्षा से कहीं अधिक विस्फोट हो चुके हैं। आने वाले दिनों में भी सौर सक्रियता का दौर जारी रहेगा। जिनसे हमारे सैटेलाइट, पृथ्वी पर इलेक्ट्रिक्स व इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के अलावा हवाई सेवाओं व मोबाइल नेटवर्क में भी असर पड़ने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है।

# वृन्दावन में 70 मंजिला मंदिर से पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

वाशिंगटन, एजेंसी

इस्कॉन के एक शीर्ष पदाधिकारी ने दावा किया कि उत्तर प्रदेश के वृंदावन में भगवान श्रीकृष्ण का गगनचुंबी मंदिर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारतीय संस्कृति के एक प्रमुख केंद्र के रूप में उभरेगा और भारत में पर्यटन और अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देगा। ग्लोबल हरे कृष्णा मूवमेंट के उपाध्यक्ष और इस्कॉन बैंगलोर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष चंचलपति दास ने कहा कि आध्यात्मिकता के लिए कोई टूटा-फूटा बुनियादी ढांचा नहीं हो सकता और मंदिर हमेशा जर्जर स्थिति में नहीं रह सकते। वृन्दावन हेरिटेज टॉवर 70 मंजिल ऊंचा और 210



- आठ करोड़ डॉलर की लागत से बन रहा है वृन्दावन हेरिटेज टॉवर

मीटर होगा, जो आठ करोड़ अमरीकी डालर की लागत से बनाया जा रहा है। दास ने निर्माणाधीन वृन्दावन हेरिटेज टॉवर के बारे में कहा कि जब वे भारत आयेंगे तो निःसंदेह वे अच्छे हवाई अड्डे देख सकते हैं। वे आध्यात्मिकता की भी तलाश में होंगे। अब ऐसे में हमार पास विदेशियों को भारत लाने और उन्हें दिखाने के लिए धार्मिक बुनियादी ढांचा होना चाहिए, जिन पर आप गर्व कर सकें।